e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 311

सुविचार

किसी से भी झूठ बोले लेकिन,
स्वयं से कभी भी झूठ ना बोले !

प्रभात मंत्र

गुरुवार
16.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस पर पीएम व सीएम ने दी कई सौगात

राज्य स्थापना दिवस पर रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह के मंच से राज्यवासियों को सीएम ने दी कई सौगात

अबुआ आवास योजना के तहत बनेंगे 8 लाख आवास : हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1714 करोड रुपए की राशि से 229 योजनाओं का किया उद्घाटन, 5328 करोड़ रुपए की 677 योजनाओं की रखी आधारशिला

गांव से शहरों की बढ़ेगी कनेक्टिविटी, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की हुई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में झारखंड विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों की उम्मीदें और आकांक्षाएं साकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने विकास की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए राज्यवासियों को कई सौगातें दी। अवसर था- राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह का। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण, अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना समेत कई योजनाओं तथा नीतियों का शुभारंभ किया। राज्य वासियों को 7042 करोड़ रुपए की 896 योजनाओं की सौगात दी। 13950 युवाओं को ऑफर लेटर देकर उनके हौसले और करियर को उड़ान दी। लगभग 260 करोड रुपए की परिसंपत्ति बांटकर लाभुकों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की राह दिखाई तो खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनकी उपलब्धियों को सम्मान दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

इन योजनाओं का हुआ आगाज

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 7042 करोड रुपए की 896 योजनाओं की सौगात दी। इसमें 1714 करोड रुपए की राशि से 229 योजनाओं का उद्घाटन और 5328 करोड़ रुपए की 677 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। जिन योजनाओं का उद्घाटन हुआ, उसमें ऊर्जा की 3, जल संसाधन विभाग के 7, नगर विकास एवं आवास विभाग के 3, ग्रामीण कार्य विभाग के 72, ग्रामीण विकास विभाग के 22, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के 37, भवन निर्माण विभाग के 44, पथ निर्माण विभाग के 35 और उद्योग विभाग की 6 योजनाएं हैं। वही, जल संसाधन विभाग की 73, नगर विकास एवं आवास विभाग के 8, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के 4, ग्रामीण कार्य विभाग के 454, ग्रामीण विकास विभाग की 27, पथ निर्माण विभाग के 65, भवन निर्माण विभाग की 40 और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 6 योजनाओं की आधारशिला रखी गई।

आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरुआत : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ किया ।

अबुआ आवास योजना का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन परिवारों और कच्चे तथा जर्जर आवास में रहने वाले परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत अगले 3 वर्षों में 8 लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

चार नई पॉलिसी की हुई लॉन्चिंग

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में उद्यम, उद्यमियों और निवेश को बढ़ावा देने के लिए चार नई पालिसी लांच की। इसमें एमएसएमई प्रोत्साहन नीति- 2023, झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी- 2023, झारखंड आईटी, डाटा सेन्टर और बीपीओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन नीति- 2023 और झारखंड निर्यात नीति -2023 शामिल है।

13950 युवाओं को मिला ऑफर लेटर, खुशी से खिल उठे चेहरे

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं और कंपनियों के लिए चयनित 13950 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया इसके पहले भी चाईबासा पलामू और हजारीबाग जिले में आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला में बड़ी संख्या में युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है।

जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने खूंटी से की विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत

4 अमृत स्तंभ से विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : पीएम नरेंद्र मोदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी में 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प व्यक्त किया. उन्होंने महती जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसके लिए चार अमृत स्तंभ पर कार्य करने की जरूरत है. अगले 25 सालों तक इसी मंत्र पर कार्य करके हम देश के विकास की मजबूत और बुलंद इमारत खड़ी कर सकते हैं.पीएम मोदी ने कहा कि मुझे देश में विकास को समझते हुए दो दशक पूरे हो गए हैं. मैं भगवान बिरसा मुंडा की इस धरती से विकास के लिए एक मंत्र आपके बीच रखना चाह रहा हूं. अगर भारत के भाग्य को बदलना है और विकास की दिव्य इमारत का निर्माण करना है तो उसके चार अमृत स्तंभों को और मजबूत करना होगा.पीएम ने कहा की देश की नारी शक्ति और माता बहनों का विकास पहला अमृत स्तंभ है. देश का दूसरा अमृत स्तंभ हमारे भारत के किसान हैं.हमारे देश के विकास के लिए तीसरा अमृत स्तंभ देश की युवा शक्ति है.

देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का चौथा अमृत स्तंभ मध्यम वर्ग यानी मिडिल क्लास है.पीएम ने कहा की खूंटी से 2 ऐतिहासिक अभियानों की शुरुआत की गई. पहला विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने का, सशक्त माध्यम बनेगा. दूसरा पीएम आदिवासी न्याय महाअभियान विलुप्त होने के कगार पर खड़ी जनजातीय को आगे बढ़ाएगी. इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखण्ड आदिवासी बहुल राज्य है।आदिवासी हक और अधिकार की लड़ाई लड़ता आया है। फिर वह लड़ाई महाजनों के विरुद्ध हो या अंग्रेजों के। लेकिन दुर्भाग्य है कि इतिहासकारों ने इन्हें उचित जगह नहीं दिया। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह सबसे पिछड़ा है। अगर ये नहीं बचे तो अन्य आदिवासी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह में आ जाएंगे। इससे पूर्व पीएम ने उलिहतु में भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया और उनके परिजनों से मिले। कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मंच पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व सीएम हेमंत सोरेन के अलावे केंद्रीय मंत्री अनपुर्णा देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, खूंटी के पूर्व सांसद कारिया मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा व कोचे मुंडा मौजूद थे।

पीएम के दिल में आदिवासी समाज के लिए खास जगह : अर्जुन मुंडा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय अनुसूचित जनजाति मंत्रालय के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम लगातार देश के विकास के लिए और खास तौर से जनजातियों के विकास के लिए लगातार हम काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भगवान पर बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना यह बताता है की हम आगे इस समाज के विकास के लिए लगातार काम करते रहेंगे.अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश को आजादी दिलाने के लिए शहादत दी. आज आदिवासी गौरव दिवस के अवसर पर उनका सम्मान झारखंड और उनके लोगों के लिए बड़े गौरव की बात है. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम भारत को विकसित राज्य बनाएंगे. आदिवासियों के विकास के लिए हम लोग लगातार योजनाएं चला रहे हैं. आज वन उपज को एसपी के दायरे में रखा गया है.केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज एक भारत श्रेष्ठ भारत का जो नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है हम उसे लेकर आगे बढ़ेंगे और लगातार उसे पर आगे भी करेंगे. उन्होंने कहा कि 2014 के पहले आदिवासी कल्याण मंत्रालय का बजट इतना भी नहीं होता था कि बहुत कुछ किया जा सके, लेकिन अब देश के लिए काम करने वाले इस मंत्रालय के पास बड़ा बजट है.

पीएम ने दी सौगात

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन शुरू, मिशन में करीब 24 हजार करोड़ होगा व्यय
- प्रधानमंत्री-किसान योजना की 15वीं किस्त पीएम मोदी ने किया जारी

पीएम ने 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

इनका हुआ उद्घाटनः आईआईएम रांची का नया परिसर, आईआईटी आईएसएम धनबाद का नया छात्रावास, बोकारो में पेट्रोलियम ऑयल और लूब्रिकेंट (पीओएल) डिपो, हटिया-पकरा सेक्शन, तलगारिया-बोकारो सेक्शन और जारंगडीह-पतरातू सेक्शन डबल लेन।

इनकी रखी गई आधारशिलाः एनएच 133 के महगामा-हंसडीहा सेक्शन का फोर लेन कार्य (52 किमी), एनएच 114ए के बासुकीनाथ-देवघर सेक्शन का फोर लेन कार्य (45 किमी), केडीएच-पूर्णाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट और आईआईआईटी रांची के नए शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन की आधारशिला। 49 हजार करोड़ की जनजातीय कल्याण एवं विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ, लोकार्पण, शिलान्यास और विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ हुआ।

क्विक न्यूज

धन्य हुआ भगवान बिरसा की जन्मभूमि उलिहातु, पीएम मोदी पहुंचे व भगवान बिरसा को किया नमन

खूंटी : 15 नवंबर 2023 को आजाद भारत के पहले पीएम नरेंद्र मोदी रहे जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातु पहुंचकर उन्हें नमन किया। इससे पूर्व कोई पीएम उलिहातु नहीं गया था।

भगवान बिरसा के वंशज से मिले पीएम मोदी

खूंटी : पीएम मोदी झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली पहुंच कर उनके वंशज सुखराम मुंडा से मिले और उनका हाल जाना

भगवान बिरसा के जन्मभूमि का मिट्टी से पीएम ने लगाया तिलक

खूंटी : पीएम भगवान बिरसा के जन्मस्थली उलीहातु के मिट्टी से अपना तिलक लगाया। उन्होंने कहा कि यहां की मिट्टी धन्य है। भगवान बिरसा मुंडा इसी मिट्टी के लाल हैं। उन्होंने कहा कि उलीहातू ऐतिहासिक गांव है।

रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्युनतम 23°

खाई में गिरी बस, 38 की मौत

एजेंसी

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ।भीषण हादसे में अब तक 38 यात्रियों की जान चली गई। हादसे में 17 यात्री घायल हैं। इनमें से कई यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। चार घायलों को जीएमसी जम्मू के लिए एयरलिफ्ट किया गया। घटनास्थल पर कोहराम मच गया। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।जानकारी के अनुसार,डोडा जिले के बग्गर इलाके के त्रांगल में बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब यह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक बस अनियंत्रित होकर करीब 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे का शिकार हुई बस किश्तवाड़ से जम्मू की तरफ जा रही थी।दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक, पंजीकरण संख्या जेके-02 सीएन-6555 बस में 55 लोग सवार थे। बस अनियंत्रित होकर 300 फीट खाई में गिर गई। ऊंचाई से गिरने की वजह से बस के परखच्चे उड़ गए। जिस जगह पर यह भीषण हादसा हुआ, वहां से एक किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। बटोत-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास बस सड़क गुजरी है, जिसके मोड़ पर गहरी खाई है। ऐसे में अनुमान है कि मोड़ पर ड्राइवर से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी हादसे दुख प्रकट किया है।

उपराज्यपाल बोले- बहुत दुखी हूं

जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा,डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं।शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावितों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए डिव कॉम और जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है।



मृतकों के परिवार को दो लाख और घायलों को पचास हजार की घोषणा

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। उन्होंने घोषणा करते हुए कि प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और प्रत्येक घायल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

विश्व कप के फाइनल में पहुंचा भारत

भारत की जीत पर हर ओर जश्न व आतिस्बाजी

*** न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराया**

एजेंसी

नई दिल्ली : वनडे विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में मेजबान भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया है। दोनों टीमें चार साल बाद एक बार फिर से सेमीफाइनल में आमने-सामने थीं। पिछली बार 2019 में कीवी टीम ने करोड़ों भारतीयों का सपना तोड़ दिया था और फाइनल में जगह बनाई थी। इस बार भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर पिछली हार का बदला ले लिया। अब भारतीय टीम 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेलेगी। भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 397 रन बनाए। इसके जवाब में कीवी टीम सभी विकेट खोकर 327 रन ही बना पाई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 117 रन विराट कोहली ने बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 105 रन की पारी खेली। शुभमन गिल ने नाबाद 80 रन का योगदान दिया। कप्तान रोहित ने 47 और लोकेश राहुल ने नाबाद 39 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने तीन और ट्रेंट बोल्ट ने एक विकेट लिया। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। कप्तान केन विलियम्सन ने 69 रन की पारी खेली। ग्लेन फिलिप्स ने 41 रन का योगदान दिया। दोनों कीवी ओपनर कॉन्वे और रचिन 13 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने सात विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। पहले रोहित ने तेज गति से रन बनाए फिर गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। रोहित ने विश्व कप में अपने 50 छक्के पूरे किए और टीम का स्कोर पावरप्ले के अंदर 50 रन के पार पहुंच गया। रोहित शर्मा साउदी की गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में 47 के निजी स्कोर पर आउट हो गए।हालांकि, पावरप्ले में टीम इंडिया एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाने में सफल रही। गिल और कोहली ने भारत का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। इस दौरान गिल ने 41 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। 65 गेंद में 79 रन बनाने के बाद गिल वानखेड़े की गर्मी से परेशान हो गए। उन्हें क्रैम्प आ रहे थे और वह मैदान के बाहर चले गए।विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

कोहली एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

*** सचिन का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा**

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 80 रन पूरे करके यह उपलब्धि हासिल की। विराट ने इस मामले में महातम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 117 रन की पारी खेली। विराट के अब विश्व कप के मौजूदा संस्करण में 711 रन हो गए।सचिन ने 2003 विश्व कप में 11 पारियों में 673 रन बनाए थे। कोहली ने एक विश्व कप की 10 पारियों में उनसे ज्यादा रन बना लिए हैं। सचिन ने 2003 में एक शतक और छह अर्धशतक लगाए थे। उन्हें टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के लिए गोल्डन बैट मिला था। तेंदुलकर की शानदार पारियों की बदौलत टीम इंडिया फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन उसे खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विराट ने एक विश्व कप में आठवीं बार 50 या उससे अधिक रन बनाए हैं। उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर ने 2003 विश्व कप में सात बार 50 या उससे अधिक रन की पारी खेली थी। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने 2019 विश्व कप में सात बार ऐसा किया था। भारत के कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर ने 2019 विश्व कप में छह-छह बार 50 रन का आंकड़ा पार किया था। विराट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 217वीं बार 50 या उससे अधिक रन बनाए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ा। संगकारा ने 216 बार ऐसा किया था। सचिन तेंदुलकर (264) उनसे आगे हैं। रिकी पोंटिंग ने भी 217 बार ऐसा किया है।

पूर्व सांसद सालखन मुर्मू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू को कदमा पुलिस ने उनके कदमा स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट किया है। सालखन मुर्मू ने कहा कि बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी सेंगेल अभियान ने मांगों के लिए साकची स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा के सामने शांतिपूर्ण अनशन पर बैठने का कार्यक्रम तय किया था।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, गुरुवार, 16 नवंबर 2023 | पेज 2

आज़ाद समाज पार्टी झारखंड के सभी 81 सीटों पर लड़ेगी चुनाव : कासिफ रजा भारती

राज्य में गरीब, दलित, किसान व युवाओं की स्थिति बदतर, हर जगह भ्रष्टाचार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदीनीनगर : नीलांबर-पीतांबर की धरती पलामू जिला अंतर्गत मेदिनीनगर में भीम आर्मी,आजाद समाज पार्टी की एक प्रेस वार्ता किया गया। जिसमे मुख्य रुप से आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा भारती उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और झारखंड के आबा भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में पुष्प अर्पित करके की गई। साथ में भगवान बिरसा मुंडा की जन्मदिन और झारखंड प्रदेश की स्थापना दिवस भी केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रजा भारती ने बिरसा मुंडा की जन्मदिन और झारखंड प्रदेश की स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा की आज झारखंड प्रदेश की स्थापना भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर होना झारखंड प्रदेश के

लिऐ सौगात और सैभाग्य की बात है। लेकिन झारखंड सरकार की झारखंड की जनता के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवईया के कारण आज झारखंड प्रदेश की स्थिति काफ़ी गंभीर होती जा रही है। जो सोचनीय है।आज प्रदेश के युवा को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। किसानों की हालत पानी की उचित व्यवस्था नही होने के कारण काफी गंभीर है। शिक्षा के क्षेत्र में भी दलित व आदीवासी छात्र छात्राओं की छात्रवृति रोक कर उन्हें अशिक्षित रखने की पूरी कोशिश की जा रही है। गरीबों, दलित, आदीवासी, मुस्लिम और पिछड़ी जाति पर शोषण बढ़ता ही जा रहा है। राज्य में बढ़ते भारष्ट्राचार के कारण सरकारी योजना का लाभ लाभुक तक नहीं पहूंच पा रही है। राज्य के कुछ उपद्रवी और साम्प्रदायिक विधायक सांसद अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए विशेष धर्म के विरूद्ध गैरसंवैधानिक बयानबाज़ी करते हैं और उसपर आंदोलन के बाद भी प्रशासन चुप्पी साधी रहती है। यही कारण है कि झारखंड मोब लीनचिंग की राजधानी बना हुआ है। नफरती तत्वों जा जेल में ना होना हेमंत सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा की झारखंड सहित पूरे देश में गरीब-शोषित की लड़ाई भीम आर्मी - आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद के नेतृत्व में पूरी जिम्मेदारी के साथ लड़ रही है। इसी जिम्मेदारी के साथ इस बार के विधानसभा के चुनाव में आज़ाद समाज पार्टी झारखंड के 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और ईमानदार, शिक्षित, कर्मठ नौजवानों और महिलाओं को टिकट देकर उन्हें विधानसभा में पहुँचाएगी।

जनता की लड़ाई को अब और भी मजबूती से लड़ा जाएगा : मुमताज खान

भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मदिन और झारखंड प्रदेश के स्थापना दिवस के ऐतिहासिक दिन में पलामू जिला की आजाद समाज पार्टी की जिला समिती की घोषणा कर दी गई। अब पलामू जिला में बूथ समिती तक जल्द पार्टी काम करेगी।वहीं मौके पर उपस्थित आजाद समाज पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज अहमद खान ने कहा की पलामू जिला में भीम आर्मी पूर्व से ही राजनीतिक अनाथ,शोषित,पीड़ित व वंचित की जनसमस्या,शोषण,अत्याचार पर मजबूती से कार्य कर रही है। अब भीम आर्मी की राजनीति विंग आजाद समाज पार्टी की जिला समिती की घोषणा आज हुई है अब जनता की लड़ाई को और भी बेहतर और मजबूती से लड़ने की कार्य की जायेगी। और भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की विस्तार जल्द ही प्रखंड,पंचायत,वार्ड और बूथ समिति तक तैयार कर इमानदार,कर्मठ नौजवानों को राजनीति करने का मौका दीया जाएगा। पार्टी ने 16 सदस्यीय जिला समिती की घोषणा की गई है।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रुप से आजाद समाज पार्टी प्रदेश संगठन सचिव ई नागमणि रजक,प्रदेश प्रवक्ता राम कुमार रवी,भीम आर्मी पलामू जिला अध्यक्ष शशिरंजन भारती, मुख्य महासचिव सुहैल अंसारी, उपाध्यक्ष प्रदीप रावण,सचिव अनुराग भारती,उपाध्यक्ष साकेत पासवान, कोषाध्यक्ष यशवंत पासवान,संरक्षक सीताराम दास,नगर सचिव चंदन भारती, प्रखंड अध्यक्ष मतीन एहमद, अशोक अम्बेडकर,उपेंद्र आज़द,छोटू अंबेडक,रामाशीष कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्तृता उपस्थित रहे।

पांकी के एसेंट पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांकी : प्रखंड के लोहरसी रोड स्थित एक्सीडेंट पब्लिक स्कूल में बुधवार को बड़े ही धूमधाम से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया गया, इस अवसर पर स्कूल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद उप प्रमुख अमित कुमार चौहान,पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, सहित विद्यालय के व्यवस्थापक विकास प्रजापति के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के पश्चात भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गईद्य कार्यक्रम के संबोधन में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश को आजाद कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे, उन्होंने अपने मातृ भूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर भगवान का दर्जा भी प्राप्त किया, उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलने हेतु सभी सभी स्कूली बच्चों को प्रेरित भी किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए खूब मेहनत कर पढ़ने एवं बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, साथ ही जागरूकता हेतु विभिन्न तरह के नाट्य मंचन भी किया। कार्यक्रम के अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल के शिक्षकों के द्वारा सम्मानित भी किया गया,मौके पर कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

बाल विवाह और कुरूतियो के खिलाफ जेएसएलपीएस ने निकाला जागरूकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

सगमा : जेएसएलपीएस के तत्वावधान में सोनडीहा पंचायत के हरिजन टोला में बाल विवाह व महिलाओं और बच्चों के हिंसा के खिलाफ,उसे समाप्त कराने को लेकर महिला समूह के द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। जागरूकता रैली गांव के ही महिला समूह और बच्चों के द्वारा निकाला गया। वहीं सोनडीहा हरिजन टोला से लेकर शिव मंदिर होते हुए सोनडीहा पंचायत भवन होते हुए पुनः रैली हरिजन टोला पहुचकर सम्पन्न किया गया। रैली में शामिल समूह की महिलाएं आओ मिलकर बढ़ाएँ कदम,बाल विवाह को मिटाएँ हम,हर कोई अगर चाहेगा,बाल विवाह बंद हो जायेगा,पढने खेलनें का उम्र है,बाल विवाह जुर्म है,चलो अब शुरूआत करो, बाल विवाह का नाश करो,जन जन में करो प्रचार,बाल विवाह है बेकार,हम सब ने ठाना है,बाल विवाह मिटाना है,हर घर अगर चाहेगा, बाल विवाह बंद हो जायेगा सहित अन्य नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम के अंत मे बाल हिंसा और बाल विवाह को समाप्त कराने को लेकर शपथ भी दिलाया गया। मौके पर प्रमिला देवी, अनीता देवी, दुलारी देवी, राजमणि देवी, प्रेमलता देवी, रवीना खातून, अमरावती देवी, रीता देवी, गीता देवी, खुशी देवी, रिया कुमारी जेंडर सीआरपी पूनम देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

भाजपा नेता कर्नल संजय के आवास पर श्री सीताराम जप अखंड कीर्तन हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के आवासीय परिसर में श्री सीताराम नाम जप 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन मंगलवार को विशेष पूजा-अर्चना व हवन पूजन के बाद संपन्न हुआ। श्री सीताराम के मंत्रोच्चारण व उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय में डूबा हुआ था। कर्नल संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीछले दो साल से शुक्ल पक्ष द्वितीया पर पूजा अर्चना के साथ-साथ 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाता

है। उन्होंने बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से पूरे क्षेत्र में शांति, सुख-समृद्धि, बारिश तथा भक्तों के मन को शांति मिलती है।मौके पर सामजसेवी अशोक कश्यप रामरेखा सिंह भुनेश प्रसाद सिंह लालधन ठाकुर बद्रीनारायण सिंह बिन्देश्वरी यादव बुटन यादव रामकेवल राजवंशी गणेश राम सुरेन्द्र सिंह विनय प्रजापति भोला पासवान सीताराम सिंह आंशु पाठक लालबहादुर सिंह संतोष सिंह अखिलेश मेहता मनोज ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष कृष्णा बैठा जी ने जपला स्थित अपने आवास पर झारखंड के भगवान बिरसा मुंडा के जयंती एवम झारखंड के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवम चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया।बैठा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी के पद चिन्हों पर चलकर झारखंड को और समृद्ध बनाने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता है ।आज ही यानी 15 नवंबर 2000

ईसवी को भारत देश के मानचित्र पर झारखंड राज्य का उदय हुआ था ।इसलिए आज समस्त झारखंड वासियों के लिए गौरव की बात है ।झारखंड अलग हुए 23 साल के बाद भी झारखंड वासियों का सपना साकार नहीं हुआ ।इसलिए सभी को चिंतन करने की आवश्यकता है।

बहनों ने व्रत के साथ भाइयों के माथों पर तिलक कर बहनों ने किया उनकी दीर्घायु की कामना

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को भाई के लंबी आयु की कामना का पर्व भाई दूज यानी गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई-बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्यौहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाई के लंबी उम्र की कामना हर बहनों के मन व दिलों में सदियों से रही है। वही भाइयों ने अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बहनें अपने-अपने घरों में परंपरागत रूप से गायों की पूजा की तथा पूरी आस्था के साथ यम व यमिनी के आकृति बनाकर गोधन कूटा गया। इधर महिलाओं ने जीवन हॉस्पिटल के समीप एनएच 75 किनारे, हेंहो मोड़, स्टेट बैंक के समीप, जगत क्लॉनी , जंगीपुर सहित विभिन्न जगहों पर पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान बहनों ने सर्वप्रथम हलजुवात से चना गड़ी व रंगीली कांटा को कुटा, तत्पश्चात बहनों ने चना गड़ी का प्रसाद भाइयों को खिलाया और भाई की लंबी आयु के

लिए कांटा अपने जीभ में चुभाया। बहनों ने भाई दूज का पर्व मना कर पूजा के दौरान रुई से बनाई हुई माला को भाइयों के हाथों में पहनाया। इस दौरान पर्व से जुड़े पारंपरिक गीत भी गया। व्रती महिला मीना देवी ने बताया की यह पर्व दशकों पुराने रीति रिवाज के अनुसार चला आ रहा है। इसको लेकर पहले बहन अपने भाई को शापित करती है और अपने जीभ में कांटा चुभाती है। मान्यताओं के अनुसार शापित किए जाने से भाइयों की आयु लम्बी होती है। यहां उल्लेखनीय है कि दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा मनाए जाने की परंपरा चलता रहा है इस पर्व को हिंदू समुदाय के लोग निष्ठा के साथ मनाते है। गोवर्धन पूजा के बारे में मान्यता है कि देवराज इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा करने की वजह गोवर्धन पर्वत की पूजा की थी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब माता यमी ने यमराज के माथे पर तिलक लगाया था, तो यमराज ने प्रसन्न होकर यमी से कोई भी वरदान मांगने को कहा था। मौके पर मीना देवी, मीना देवी, श्रृष्टि कुमारी, शिला देवी, रजनी कुमारी, रेशम कुमारी,लाली शर्मा, आशा देवी, मीना देवी, मांशी कुमारी सहित बड़ी संख्या महिलाएं मौजूद थी।

एक लाख के संपत्ति की चोरी

हरिहरगंज (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पिपरा थाना क्षेत्र के बभंडी पंचायत अंतर्गत गहौरा ग्राम निवासी विजय भुईयां के घर में बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने छत की सीढ़ी के सहारे घर में घुसकर बक्सा में रखे 10 हजार रुपए नकद,आभूषण,बर्तन और घरेलू सामान सहित करीब एक लाख रुपए की संपत्ति की चोरी कर ली। भुक्तभोगी विजय भुईयां की पत्नी सुशीला देवी ने इसकी लिखित सूचना स्थानीय थाना को दी है । जिसमें कहा गया है कि वे सभी जिस घर में सोए थे उस घर में बाहर से चोरों ने कुंडी लगा दी थी। छत की सीढ़ी के सहारे घर में घुसकर नकद सहित बर्तन आभूषण आदि की चोरी कर ली। इस संबंध में पुछे जाने पर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते कहा कि पुलिस चोरों के धर पकड़ के साथ ही घटना की छानबीन में जुट गई है।

जपला रेलवे स्टेशन के समीप एक व्यक्ति का शव मिला

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जपला रेलवे स्टेशन के समीप प्लेफॉर्म संख्या एक के बाहर पश्चिम की ओर रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाला रास्ता में एक व्यक्ति शव मिला जिसकी पहचान हो गया है मृतक हैदरनगर थाना क्षेत्र के झरी गांव निवासी अयोध्या राम के पुत्र रमाकांत प्रसाद उम्र 38 वर्षीय के रुप में हुआ है।,घटना का कारण पता नहीं चला है। ,सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस व हुसैनाबाद पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।मृतक को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में अंत परिक्षण के बाद परिजनों को सौप दिया गया।

नवन छठ घाट का निरीक्षण करते पुलिस पदाधिकारी

केतार(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता) : आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर मुकुन्दपुर के नारायण वन में युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है। तैयारी का जायजा लेने के लिए बुधवार को पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार और थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने सूर्य नारायण वन छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने नारायण वन छठ घाट पर स्नान के लिए लगे झारना, पेयजल, मंदिर परिसर की साफ-सफाई,डेकोरेट, पार्किंग, सीसीटीवी कैमरा और लाइटिंग की व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा की नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रतियों की सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जायेगा। उन्होंने मंदिर विकास समिति को 101 वोलेंटियर को चयन करने का निर्देश दिया। ताकि मेला व्यवस्था में शांति व्यवस्था बनाये रखने में वोलेंटियर प्रशासन को सहयोग करें।इस मौके पर मंदिर अनुशासन समिति के बबलू सिंह,पंकज सिंह, मंदिर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी,धर्मेन्द्र सिंह,जयराम पासवान, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर 32 हजार की लागत से दो योजना का किया गया शिलान्यास

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड के चितविश्राम ग्राम पंचायत अंतर्गत मंगरदह ग्राम में 32 हजार की लागत से दो योजना उत्क्रमित मध्य विद्यालय में खेल मैदान निर्माण व उत्क्रमित मध्य विद्यालय के परिसर में पोषण वाटिका निर्माण का शिलान्यास मुखिया सनिधा सोनी व पंचायत समिति सदस्य मृदुल द्विवेदी ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया .इस अवसर पर मुखिया सनिधा सोनी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं आ रही है उसे धरातल पर उतारने का हमारे द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि खेल मैदान का निर्माण हो जाने से यहां के बच्चों को खेलने की सुबिधा मिलेगी.इससे खेल को बढ़ावा मिलेगा. मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रागनी रवानी,शिक्षक मनोज पांडेय,रोजगार सेवक आनन्द विश्वकर्मा,कनीय अभियंता रणधीर कुमार,वार्ड सदस्य शंकुतला देवी,रजनीश सिंह,नीरज पांडेय, संतु सिंह,दीपक पांडेय,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

भगवान चित्रगुप्त का किया गया विधिवत पूजा

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा विधिवत रूप से किया गया.जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा व सत्संग उपयोजना केन्द्र आनन्द धाम में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना किया गया.उक्त दोनों जगहों पर पुरोहित राजीव रंजन तिवारी ने पूजा कराया.ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा की काया से श्री चित्रगुप्त भगवान की उतपति हुई थी,इसलिये उनको कायस्थ की संज्ञा दी गई.तब से

कायस्थ जाति के लोग प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि को श्री चित्रगुप्त जी की पूजा किया जाता है. मौके पर विजय नंदन प्रसाद सिन्हा, शक्तिदास सिन्हा, उत्कर्ष सिन्हा, लक्ष्य सिन्हा, अनिता सिन्हा, प्रीति सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

पांकी के प्रवासी मजदूर की चेन्नई में हुई मौत

पांकी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के नौडीहा वन पंचायत अंतर्गत बालूडीह गांव निवासी प्रवासी मजदूर कन्हाई भुईयां के पुत्र विक्रम भुईयां की मौत चेन्नई में सर्पदंश से हो गई, इधर मामले की जानकारी होने के बाद मृतक की लाचार पत्नी ने जनप्रतिनिधियों समेत पलामू प्रशासन से शव घर लाने की गुहार लगाई है

छठ व्रतियों के बीच साड़ी व गेहूं का किया गया वितरण

चैनपुर पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मेदिनीनगर नगर पार्षद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने छठ वृत्तियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण करने चैनपुर बाजार स्थित मनोज दास के आवास पर पहुंचे थे जहां मौके पर कहा कि छठ महापर्व का धार्मिक महत्व के साथ साथ समाज के निर्माण में भी इस महापर्व की बडी भूमिका है। यह महापर्व सामूहिकता समाजिकता , स्वच्छता और पवित्रता के साथ समाज के प्रति कार्य करने की प्रेरणा देती है। आज के दौर में जब लोग आपसी सामंजस्य से दुर हो रहा है, परिवार टूट रहे, वैसे समय में छठ महापर्व यह संदेश दे रहा है कि समाज के प्रगति के लिए सामूहिकता का भाव जरूरी है।अकेले रह कर कुछ भी नही किया जा सकता है इसलिए एकता के साथ एक दूसरे के प्रति परस्पर विश्वास का भाव आवश्यक है । छठ पर्व आपसी दूरी को कम करने मे सहायक हो रहा है लोग एक दुसरे से हंसी खुशी से मिलता जुलता है और उन्होने कहा कि जिस तरह अपनी रौशनी देने में भगवान भास्कर किसी तरह का भेदभाव नही करते है, ठीक उसी तरह सामर्थ्यवान और पद पर बैठे लोगों को पूर्वाग्रहरहित से बचते हुए सेवा कार्य करना चाहिए। और साथ ही कहा कि छठ महापर्व के असली मर्म को आत्मसांत करने की जरूरत है।बुधवार को पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने चैनपुर के महान क्लब द्वारा आयोजित छठ पूजा सामाग्री वितरण कार्यक्रम में छठव्रतियों के बीच गेहूं तथा साड़ी वितरण किया। और महान क्लब के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि इस तरह के प्रयास से समाज में सेवा भाव का एक बेहतर वातावरण तैयार होता है। मौके पर अमित सोनी, अमन मालाकार, अनमोल मालाकार, राजू गुप्ता, राहुल सोनी, राजू सोनी, दीपक अग्रवाल, राजेन्द्र मालाकार, दीपक गुप्ता, मनोज दास सहित कई लोग वितरण मे शामिल था।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
राजधानी
रांची, गुरुवार, 16 नवंबर 2023| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

विधायक विकास मुंडा ने पीएम के कार्यक्रम से खुद को अलग रखा

रांची। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलियातू में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमन करने पहुंचे थे । वहीं तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास मुंडा इस पूरे कार्यक्रम से खुद को अलग कर रखा था । विकास मुंडा के विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ता उलियतु जहां विकास मुंडा इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए । बता दे की खूंटी में जब प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करने आए थे , तब मंच पर विकास मुंडा का नाम पुकारा गया था। जबकि विकास मुंडा ने खुंटी में थे, न ही उलियातू में। वे 2 दिनों से बीमार हैं और अपने घर पर आराम कर रहे हैं। इस संबंध में विकास मुंडा ने बताया कि मेरी तबीयत खराब है, वायरस फीवर है , मैं घर से निकल ही नहीं रहा हूं , तो फिर मैं किसी कार्यक्रम का हिस्सा कैसे हो सकता हूं।

एचडब्ल्यूएपीएल द्वारा डा. शियराह को भारतीय शांतिदूत नियुक्त किया गया

रांची। एचडब्ल्यूएपीएल साउथ केरला में स्थित एक इंटरनैशनल ऑर्गेनाइज़ेशन है जो कि पूरे विश्व में शांति बनाने कि ओर काम करता है। यह संस्था पूरे विश्व में ना सिर्फ़ शांति बनाने बल्कि हर देश में अपने प्रतिनिधि बनाती है जिससे यह संदेश ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुँचे। डा शियराह जो कि एक जानीमानी फैशन डिज़ाइनर एवम् ऐक्ट्रेस हैं उन्हें 2022 में भारत भूषण अवार्ड से भी नवाज़ा जा चुका है। यह अवार्ड उन्हें बेज़ुबान जानवरों के प्रति कार्य करने हेतु दिया गया था। हाल ही में डा शियराह ने अपना दूसरा ब्राण्ड लांच किया जिसमे बॉलीवुड की प्रख्यात अभिनेत्री डा आदित्य अथवा अनेक प्रख्यात हस्तियों ने शिरकत् की। शियराह ने अपनी खुशी ज़ाहिर की। अपने नये पड़ाव् में जाने की ओर, और कहा के मैं अपने आप को बहुत भाग्यशाली समझती हूँ के मैं अपने देश को इंटरनेशनल लेवल पर प्रस्तुत करने जा रही हूँ।

प्रधानमंत्री कारकेड के सामने आई महिला, मचा हड़कंप

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बुधवार की सुबह उस वक्त अचानक हड़कंप मच गया। जब एक महिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कारकेड के सामने दौड़ कर आ गई। कारकेड चला रहे चालक ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़ा । इसके बाद कोतवाली पुलिस ने महिला को अपने हिरासत में ले लिया गया था।

क्या है मामला : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर झारखंड की राजधानी रांची में थे। दौरे के दूसरे दिन सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब राजभवन से निकलकर जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा पुराने जेल के संग्रहालय जा जा रहे थे। तभी रेडियम रोड के पास गार्डन फेस के पास सख्त सुरक्षा के बीच लाल साड़ी पहनी एक महिला कारकेड में घुसने की कोशिश की, इसलिए कारकेड को इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़ा। काफिला रुकने के कारण से तुरंत एनएसजी और अन्य सुरक्षा गार्ड्स अलर्ट हो गए। इस पास में कुछ पल के लिए हड़कंप मच गया। सुरक्षा टीम और पुलिस

के द्वारा तुरंत महिला को सड़क से किनारे अपने साथ ले गया और फिर पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया। महिला की पहचान रेडियम रोड की रहने वाली संगीता झा, पति मिथलेश झा मूल रुप से देवघर के रहने वाले हैं। मिथलेश झा कांस्टेबल बताये जा रहें हैं। संगीता झा अपने पति को लेकर कुछ दिनों से परेशान थी। कुछ दिन पहले पंद्रह दिनों तक दिल्ली भी प्रधानमंत्री से मुलाकात करने गई थी, लेकिन वहां मुलाकात नहीं हो सकी। संगीता झा को यह सूचना मिली कि प्रधानमंत्री रांची आ रहें हैं तो वे भी देवघर से रांची आ गई। जब उन्हें पता हुआ कि रेडियम रोड से होकर गुजरने वाले हैं तब वे वहां पर खड़ी इंतजार कर रही थी जैसे ही कारकेड सामने आई वह दौड़ कर उनके काफिले में जा घुसी। हालांकि वह बाल बाल बच गई लेकिन सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह भी उठ गया। हालांकि महिला को पूछताछ करके छोड़ दिया गया। कोतवाली थानेदार शैलेश ने बताया कि महिला कारकेड के सामने आ गई थी, वे काफी परेशान थी , दिल्ली भी गई थी। हालांकि पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया गया।

बैरक चार में पीएम ने धरती आबा बिरसा मुंडा को किया नमन

रांची। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती अवसर पर रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय पहुंचकर बैरक चार में स्थापित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय परिसर का परिभ्रमण करते हुए धरती आबा काराकक्ष एवं परिसर में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल सी0पी0 राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं माननीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहे। बता दें कि इसी पुराने जेल भगवान बिरसा मुंडा ने अंतिम सांस लिये थे। यहां से एयरपोर्ट और फिर उलियातू पहुंचे यहां धरती आबा को नमन किया और इनके वंशज से मुलाकात की।

खूंटी में प्रधानमंत्री को देखने के लिए उमड़ा जन सैलाब

रांची। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलियातू से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करने के लिए खूंटी जिला स्थित स्टेडियम पहुंचे तो प्रधानमंत्री को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा । चारों तरफ मोदी मोदी के नारे गूंजने लगे। महिलाएं ,पुरुष ,युवा युवतियां, बच्चे सभी प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए स्टेडियम की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान 42 मिनट 19 सेकंड तक प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित किया ।

सुबह नौ बजे से ही लोग पहुंचने लगे: लोग प्रधानमंत्री को देखने और उनके संबोधन को सुनने के लिए 9:00 बजे से ही स्टेडियम पहुंचने लगे थे। जब की प्रधानमंत्री 9:00 बजे राजभवन में ही थे।

कलाकारों ने मंत्र मुग्ध कर दिया: झारखंड के लोक कलाकार भी पहुंचे हुए थे। कलाकारों ने

ढ़ोल, मांदर एवं लोकगीतों से लोगों का मंत्र मुग्ध कर दिया था।

बड़ी वाहनों को प्रवेश बंद : कार्यक्रम स्थल के आसपास बड़ी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया था। इतना ही नहीं आसपास के कई दुकानें ,रेस्टूरेंट , होटल भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से बंद करा दिया गया था। जिला प्रशासन भी पूरे मुस्तैदी के साथ पूरे खुंटी के विभिन्न चौक चौराहों एवं सड़कों के किनारे तैनात थी।

ये लोग भी रहे उपस्थित: सांसद संजय सेठ, सांसद जयंत सिन्हा, विधायक सीपी सिंह ,शिव शंकर उरांव ,निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, प्रतुल शाहदेव, संदीप वर्मा, सन्नी टोप्पो, कमाल खान , यदुनाथ पांडेय, कआजज प्रधान, अनिता वर्मा सहित रांची, खूंटी,सिमडेगा, गुमला से भी कई भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को पूरा करना होगा : गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता सह झारखंड का दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा के समाधि पर माल्यार्पण करके उनको याद किया। उनके आदर्श में चलने का संकल्प लिया । मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जो सपना देखा था उसे पूरा करने का काम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करने का प्रयास कर रहे हैं , हम लोग उनके हाथों को मजबूत कर झारखंड को बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड बनाने का काम करेंगे ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल अजीत नायक, अरुण गुप्ता, मोहम्मद फैयाज, बबलू , पप्पू, रिंकू, मोहम्मद रिजवान, नीरज, मनोज साहू, हीरालाल वर्मा ,पंकज सिंह ,मोहमद यूनुस सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

भाकपा ने धूमधाम से मनाया गया धरती आभा बिरसा मुंडा की 148 वीं जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय में के सभागार में धरती आभा शहीद भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई । जयंती समारोह में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा भगवान बिरसा मुंडा के सपना आज भी अधूरा पड़ा हुआ है । उनके जयंती के अवसर पर झारखंड की स्थापना हुई , लोग स्थापना दिवस के नाम पर पानी की तरह जनता का पैसा बहा रहे हैं। प्रधानमंत्री के द्वारा झारखंड का दौरासिर्फ चुनावी दौरा के रूप में दिखाई पड़ रहा है। जब से झारखंड का निर्माण हुआ 23 वर्ष में प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस के नाम पर जुमला बाजी घोषणाएं होती रही। जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि जब से झारखंड का निर्माण हुआ सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही आज प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा के गांव वोट की राजनीति के लिए आए हुए हैं। प्रधानमंत्री बने 10 साल होने को है 10 वर्षों में धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा प्रधानमंत्री को याद आ रहे हैं ।जब सामने चुनाव है ।इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि भगवान बिरसा के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों को झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और वैसे जुमले बाजों को सबक सिखाएगी ।सर्वप्रथम राज्य कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण के बाद मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में बिरसा समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण किया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह ,राज्य परिषद के साथी बाबूलाल झा खेत मजदूरी यूनियन के सचिव इम्तियाज़ खान मोटर यूनियन के नीरज सिंह, सहित किरण कुमारी, प्रमोद कुमार, राय अरुण सिंह ,सुनैना उरांव, नागौर चौधरी ,अनिरुद्ध कुमार ,रोहन कुमार, अमित कुमार, श्यामल चक्रवर्ती, इसराइल अंसारी, श्रमजीवी पत्रकार, संघ के सुनील कुमार संजीत कुमार प्रदीप ठाकुर ,रिजवान अंसारी, शहीद कई लोग मौजूद थे।

विहिप ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर माल्यार्पण कर किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विश्व हिंदू परिषद् की ओर से रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया । इस अवसर पर विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे, जो देश की स्वतंत्रता के लिए जीवन पर्यंत अंग्रेजों से लड़ते रहे। उन्होंने अंग्रेज मिशनरियों द्वारा जनजाति समाज के बीच सेवा और शिक्षा की आड़ में कराये जा रहे धर्मांतरण का पुरजोर

विरोध किया। वह राष्ट्र के साथ-साथ स्वधर्म के भी रक्षक थे। उन्होंने जनजाति समाज के संस्कृति और परंपरा को बचाए रखने की दिशा में निरंतर प्रयास किया। मिश्र ने कहा कि उनके द्वारा धारण किया हुआ धनुष - बाण शौर्य एवं पराक्रम का गाथा तथा उनका जनऊ सामाजिक समरसता का प्रतीक है। आज उनकी जयंती पर झारखंड के साथ-साथ समस्त देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। राष्ट्र एवं स्वधर्म के लिए उनके कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर झारखंड की समस्याओं का निदान करते हुए इसके विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विहिप के प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी कुंज, चंदा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 सीजन 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) 2023 सीजन 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक भारत के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापतनम (वाइजैक) और सूरत में मैच खेले जायेंगे। उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची के जेएसएसीए स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और भीलवा?ा किंग्स के बीच होगा। इस प्रतियोगिता को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रांची पहुंचने लगे हैं। रांची में इंडिया कैपिटल्स टीम के खिलाड़ियों ने नेट में पसीना भी बहाया। प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को एलएलसी के डायरेक्टर मुनीश रावत ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी कि सभी टीम 17 नवंबर तक रांची पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि एलएलसी के प्रसार के लिए टियर 2 सिटी का चयन किया गया है और इसके तहत मुकाबलों के लिए वेन्यू का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि टिकट की बिक्री चालू है। उन्होंने रांची के खेलप्रेमियों से अनुरोध किया है कि वो मैच देखने जरूर आएं। प्रेसवार्ता में इंडिया कैपिटल्स टीम के एशले नर्स (वेस्ट इंडीज) ने रांची के बारे में कहा कि यह शानदार जगह है। बता दें कि रांची में 18 नवंबर को टूर्नामेंट के पहले मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर (इंडिया कैपिटल्स) और इरफान पठान (भीलवा?ा किंग्स) बतौर कप्तान आमने-सामने होंगे। वहीं, दूसरा मैच 20 नवंबर को मणिपाल टाइगर्स और गुजरात जायंट्स के बीच मैच खेला जायेगा। 21 नवंबर को अर्बनराइजर्स हैदराबाद और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच मैच होगा। ज्ञात हो कि मैच में इरफान पठान, यूसूफ पठान, तिलकरत्ना दिलशान, पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, केविन ओब्रायन, गौतम गंभीर, दिलहार फरनांडो, हाशिम आमला, केविन पीटरसन, मुनाफ पटेल, हरभजन सिंह, मोहम्मद कैफ, रोबिन उथप्पा, एरोन फिंच, अशोक डिंडा, रॉस टेलर, सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, प्रज्ञान ओझा समेत कई नामचीन चेहरे खेलते नजर आयेंगे।

फादर कॉन्सटेंट लीवंस इंटर टोला सदभावना फुटबॉल मैच खेला गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी फादर कॉन्सटेंट लीवंस इंटर टोला सदभावना फुटबॉल मैच लोयोला मैदान में 12.11.2023 से आयोजन किया गया है। आज 15.11.2023 को द्वितीय चरण के चार मैच खेले गए।

पहला मैच में आज प्रातः 10.30 बजे से शुरू हुआ जिसमे टमटम टोली की टीम ने पुराना बैंक डेरा की टीम को 3 गोल से हराया। दूसरा मैच में पथल कुदवा की टीम ने गुंगू टोली की टीम को 3 गोल से पराजित किया। तीसरा मैच में धुमसा टोली की टीम ने बढ़ीटोली की टीम को 2 गोल से हराया। चौथा मैच चुनवाटोली और पिछले वर्ष के चैंपियन बर्दवान कंपाउंड के बीच संपन्न हुआ जिसमें बर्दवान कंपाउंड की टीम ने 1 गोल से जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट के पहला मैच का उद्घाटन रांची जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष एंजेलो कुक के द्वारा 12.11.2023 को किया गया था। उद्घाटन समारोह में पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो उपस्थित थे।

इस सदभावना मैच में रांची शहर से कुल 14 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट आगामी 19 नवंबर को भी चलेगा और फाइनल मैच 3.12.2023 को समाप्त होगा। आज के सभी खेल काफी रोचक थे जिसे लोयोला मैदान में हजारों दर्शकों ने सराहा । इस वर्ष के आयोजन को और अधिक रोचक बनाने के प्रयास में जुटे सुनील लकड़ा, चैयरमैन रांची जिला फुटबॉल संघ, अजय टोप्पो अध्यक्ष, खेल समिति ,अन्य सदस्यगण, फादर दीपक,जूलियन, जॉन, सूचित, मधु, अनिमा, सुनील खलखो, जोसेफ तिग्गा आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही ।

मेडल जीतने के बाद रांची पहुंचे खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

रांची: फिलिपींस में 22वां एशियाई मास्टर एथलेटिक मीट में इंडिया टीम के लिए मेडल जीत कर झारखंड के खिलाड़ी बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। इस दौरान खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ियों में राजकुमार वाल्मीकि ,प्रभा लकड़ा, दशरथ महतो ,ललिता, अशोक कुमार महतो ,संजय कुमार ,त्रिलोचन को झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से फूल माला पहनाकर और बैंड बाजा के साथ सभी खिलाड़ियों को स्वागत किया गया।

संघर्ष से ही अबुआ दिशोम, अबुआ राज का सपना साकार होगा : पुष्कर महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, रामगढ़ जिला के तत्वावधान में आज भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर पटेल छात्रावास में समान समारोह एवं उलगुलान सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए 150 झारखंड आंदोलनकारियों को मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि संघर्ष से ही अबुआ दिशुम - अबुआ राइज के सपनों को साकार किया जा सकता है। देश के आजादी के पूर्व 1942 ईस्वी में कांग्रेस के महाधिवेशन के दौरान सबसे पहले पहल भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर प्रथम तोरणद्वार इसी रामगढ़ की धरती में बनी थी। यह भूमि संघर्ष व उलगुलान के लिए प्रेरणा पुंज हैं। आज आंदोलनकारियों को बेहतर झारखंड बनाने , अपने स्वाभिमान की रक्षा तथा मान सम्मान पहचान नियोजन, अस्तित्व व अस्मिता को बचाने के लिए एक उलगुलान करना पड़े आप तैयार रहें। 24 नवम्बर 2023 को रांची, डोरंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में विषेश बैठक होगी। इस बैठक में अगामी उलगुलान के कार्यक्रम तय किए जाएंगे। हम लड़े थे और अब भी लडेंगे। झारखंड आंदोलनकरियों का जो समय शेष है उसे अपने स्वाभिमान की रक्षा हम विशेष बनाने का संकल्प लेते हैं। मौके पर विधि प्रकोष्ठ के संयोजक चंद्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि काफी लंबी लड़ाई लड़ने के बाद झारखंड अलग राज्य का निर्माण संभव हो सका है ,पर विडंबना यह है कि सरकार आज तक झारखंड आंदोलनकारी को चिन्हित नहीं कर पाई है और ना ही आंदोलनकारी को सम्मान दिया जा रहा है चिन्हित आंदोलनकारी का पहचान पत्र भी निर्गत नहीं किया गया जा सका है । वरीय आन्दोलनकारी गौरांग राय ने कहा कि संघर्ष,त्याग ,बलिदान के बल पर आज ही दिन बिरसा मुंडा की पवित्र जयंती पर बना हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक कार्तिक महथा व संचालन दीपक सिंह टाइगर ने की। मौके पर उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, हीरा गोप, हीरा सिंह, धनेश्वर महतो, कामरुद्दीन अंसारी, दर्शन गांझू , सुदर्शन महतो, राजेश वर्मा, बद्री सिंह सहित अन्य उपस्थित हुए।

कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना, उलिहातू में पूरे मंच को भगवामय बनाने का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। साथ ही आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गरिमा को ख्याल न रखते हुए उलिहातू में पूरे मंच को भगवामय बनाने का काम किया गया। ठाकुर बुधवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी किस हैसियत से मंच पर विराजमान थे जबकि उनपर दलबदल का मामला विधानसभा के अध्यक्ष के पास लंबित है। उन्होंने कहा कि गांधी के आंधी से डरे झूठों के सरदार प्रधानमंत्री पांच राज्यों के चुनाव छोड़कर भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर एक बार फिर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि कांग्रेस की तम्बू उखड़ने वाली है। सच्चाई यह है कि उनके सारे केन्द्रीय मंत्री जो विधानसभा का चुनाव लड़ रहे है वो बुरी तरह चुनाव हार रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री को आज भगवान बिरसा

मुंडा के आगे सभी आदिवासी भाई-बहनों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए थी। क्योंकि, उनके शासन काल में मणिपुर की आदिवासी बहनों के साथ दुराचार की घटना हुई, जिससे पूरा देश शर्मसार हुआ। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आदिवासियों की जमीन लूटने के लिए सीएनटी-एसपीटी एक्ट को खत्म कर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के प्रयास किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री सचमुच आदिवासियों की हितैषी हैं तो अविलंब लंबित सरना धर्मकोड को लागू करें। साथ ही आदिवासी बहुल झारखंड राज्य का केन्द्र सरकार के पास बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये अविलंब भेजने का काम करें। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी आते हैं तब नयी घोषणा करके चले जाते हैं। वर्ष 2017 में अमित शाह आये थे।

कांगेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव बने शहजाद, महासचिव गुलाम जावेद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की नवनियुक्त कमिटी में शहजाद कुरैशी को सचिव और गुलाम जावेद को महासचिव मनोनीत किया है। प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारी देने के लिए शहजाद कुरैशी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग, सांसद इमरान प्रतापगड़ी,झारखंड प्रभारी उमैर खान,प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी का शुक्रिया अदा किया और पार्टी एवं राष्ट्रीय हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। शहजाद कुरैशी और महासचिव गुलाम जावेद को प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग में सचिव बनाये जाने पर मुजीब कुरैशी, जमीयतल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी, सौरभ दत्ता, दीपेश

पाठक,मोहम्मद तारिक,अखौरी अविनाश कुमार,जुबैर अहमद,शाहिद राजा,मोबिन आलम,इबरार उल हक,विनय मिंज,ने बधाई दी है।

सोहराय जतरा सह पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिकिदीरी : प्रखण्ड अतंर्गत कुच्चू पंचायत के बदरी अम्बाटुंगरी में सोहराय परब के सुअवसर पर सोहराय जतरा सह पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सोहराय जतरा सिकिदीरी– प्रखण्ड अतंर्गत कुच्चू पंचायत के बदरी अम्बाटुंगरी में सोहराय परब के सुअवसर पर सोहराय जतरा सह पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सोहराय जतरा का मुख्य अतिथि राची के आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप एंव विशिष्ट अतिथि कांके प्रमुख सोमनाथ मुण्डा, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, आजसू जिला उपाध्यक्ष- प्रकाश लकड़ा,आदिवासी सेना के प्रदेश सचिव- मनसा बड़ाईक पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, जयपाल हजाम अनगड़ा उप प्रमुख राज उरांव आदिवासी युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष झारखंड, सुनिल राज, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे जतरा मेले में स्थानीय पहान रामेश्वर बेदिया, दिनेश बेदिया, भूना बेदिया के द्वारा पहाड़ी

बाबा का विधिवत् पूजा अर्चना किया गया एवं जतरा का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा फीता काट कर किया गया सभी लोगों ने. पहाड़ी बाबा स्थल पर पहुँच कर आदिवासी परम्परा के अनुसार पहानों के सहयोग से पहाड़ी बाबा का पुजा करते हुए गाँव की सुख समृद्धि की कामना की जतरा में बदरी, खभावन, खख्सीटोली, हुण्डरु जारा, हाड़राबेड़ा, ,सिमराटोली ओबर आदि दर्जनों गांवों से सास्कृतिक टीम आदिवासी पारम्परिक वेशभूषा, ढोल नगाड़े के साथ मेले में शामिल हुए सभी टीमों ने द्वारापारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले सास्कृतिक टीमों को अतिथियों के द्वारा पुरूस्कृत करके सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम पुरूस्कार सोमरा बेदिया खख्सीटोली के टीम को 5000/ पांच हजार रुपये नगद राशि, द्वितीय पुरूस्कार हुण्डरु जारा के नित्यानंद बेदिया के टीम को 3000/ तीन हजार रुपये, एवं तृतीय पुरस्कार में सिमराटोली के देवनारायण बेदिया के टीम को 2000/एक हजार पांच सौ रुपये पांच गावों के टीम एक-एक. हजार रूपये सांत्वना पुरूस्कार के लिए नगद राशि देकर सम्मानित करके हौसला बढ़ाया गया मुख्य अतिथि अजय कच्छप ने कहा कि अपने सस्कृति, परम्परा और झारखंड के धरोहर को संरक्षित करने की जरूरत है तब हमलोग अपने धरोहर को बचा पायेंगे विशिष्ट अतिथि दीपा उरांव ने कहा कि भाषा, संस्कृति व परम्परा आदिवासियों का पहचान है इसी को बचाकर रखने से ही आदिवासी अपने को बचा सकेंगे स्थानीय नागपुरी कलाकार सानू कुमार के टीम के द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और दर्शकों थिरकते रहे।

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया बेड़ो छठ घाट का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की बुधवार को बेड़ो के महादानी मैदान के समीप स्थित छठ घाट का निरीक्षण करने पहुंची, सफाई कर्मियों को कुछ दिशा निर्देश दी। जिसके निर्देश से सफाई कर्मियों ने छठ घाट एवं तालाब का अच्छी तरह साफ सफाई किया।निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी मौजूद थे, जिसने भी निर्देश देते हुए कहा छठ घाट तालाब की साफ सफाई में कोई भी कमी ना रहें। मौके पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, बजरंग गोप, किशोर, राजेश गोप, बीरेंद्र उरांव एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का त्योहार, बहनों ने तिलक लगाकर की भाई के लंबी उम्र की कामना

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली आसपास एवं पश्चिम बंगाल के तुलीन, झालदा के क्षेत्रों में बुधवार को भाई-बहन के स्नेह का त्योहार भाई दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई को तिलक लगाकर बहनों ने लंबी उम्र की कामना किया। बंग समुदाय ने इस त्योहार को भाई फोटा रुप में मनाया। परंपरागत रूप से विधि

विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर बहनें भाई को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई एवं लंबी उम्र एवं यश वृद्धि की कामना की। इस दौरान भाइयों ने अपने बहनों को उपहार दिया। सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। यह त्योहार भाई व बहन के प्रेम का प्रतिक है। इस दिन बहनें भाइयों के स्वस्थ तथा दीर्घायु होने की मंगल कामना करके तिलक लगाती हैं।

सोहराय का आयोजन, लोक गीतों पर कलाकारों के साथ थिरके लोग

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखंड छतातांड़ कुशवाहा समाज के द्वारा मंगलवार देर शाम सोहराय पर्व का आयोजन किया गया। सोहराय पर्व को लेकर छतातांड़ में अखाड़ा सजाया गया। जिसमें स्थानीय कलाकार राजेन कोईरी, सरोज सिंह, दीनादाथ कोईरी, छोटू कोईरी सहित दूर-दराज से आए कलाकारों

के द्वारा झारखंड की लोक संस्कृति से संबंधित गीत-नृत्य के जलवे बिखेरे गए। इससे पूर्व अखड़ा में कुल देवता की पूजा सहित अन्य सामाजिक रिवाजों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अखाड़ों में ढोल और मांदर की थाप पर विभिन्न गीत और झुमर पर पुरूषों के साथ छोटे बच्चे भी जमकर थिरके। इस मौके पर बिनोद कोईरी,शंकर कोईरी,भरत कोईरी,भूदेव महतो, मुकेश कोईरी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बिसिरिया दुर्गा मंदिर के समीप पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक की गई। बैठक में आगामी 23 नवंबर को सिल्ली के छतातांड़ स्कूल के समीप होने वाले पंच परगना झूमर महोत्सव सफल बनाने के लिए और अधिक से अधिक लोगों के भागीदारी सुनिश्चित हो इस पर चर्चा की गई साथ ही एक कमेटी का गठन की गई । जिसमे सचिव सचिदानंद महतो उपसचिव जहलू महतो, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, उप कोषाध्यक्ष गुरु पद यादव, इनके अलावा के कार्यकारी सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण कवियों को समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का अपील किया गया।इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कमिटी के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, अध्यक्ष ठाकुरदास कोइरी, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, सचिव बजरंग पातर मुंडा, सह सचिव देवेंद्र प्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष हरिराम लोहार, सह कोषाध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो सदस्य नीलकंठ यादव, परशुराम महतो, हराधन महतो, सरोज कुमार सिंह, परेश महतो रंजीत महतो वासुदेव सिंह मुंडा, लखी राम नायक शशि रंजन महतो सहित समिति कई लोग उपस्थित थे।

न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में मनाया गया बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी इदरीश अंसारी और विशिष्ट अतिथि में स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया,जिसके बाद उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला,साथ ही उनके अधूरे सपनों को साकार करने का आह्वान किया गया।वहीं कार्यक्रम में झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया।वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श को अपनाते हुए झारखंड के विकास में सभी को सहयोग करने की जरूरत है।इस मौके पर स्कूल में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भी समापन किया गया।मौके पर प्राचार्य टाका नारो जमीर,प्रबधंक रेहाना प्रवीण सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

पुरानीराय मे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गिरा गडडे मे,बाल बाल बचे लोग

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पुरानीराय के समीप बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस घटना में कार सवार तीन लोग बाल बाल बच गए।जानकारी के अनुसार कार ओडी 23सी-6999 रांची से सुभासनगर खलारी की ओर जा रही थी,इसी दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के समीप तिखे मोड में ब्रेक के स्थान पर उक्त कार चालक द्वारा एक्सीलेटर दब जाने के कारण 5 फीट ऊंची बाउंड्री को तोड़ते हुए 15 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरी।उक्त कार चूरी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी विक्की कुमार की बतायी गई है।सूचना पाकर मौके पर पहुंची खलारी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।इधर स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि घटना के वक्त स्कूल बंद था अन्यथा एक बड़ी घटना हो सकती थी।शिक्षकों का मानना है कि सड़क बनने के बाद से इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन काफी तेज रफ्तार से होता है। वही स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर नहीं देने से दुर्घटना की आंशका बनी रहती है।

बिरसा जैविक उद्यान औरमांझी में भगवान बिरसा की प्रतिमा स्थापित होना जरूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : 15 नवम्बर भगवान बिरसा जन्मदिवस के दिन राज्य गठन होना समस्त झारखंड वासियों को गर्वांणवित करता है। तमाम राजनीतिक गैर राजनीतिक सामाजिक आदिवासी मुलवासी संगठन के लोग इस दिन को यादगार बनाने के लिए भगवान बिरसा की सोंच अबुआ दिशुम अबुआ राज का नारा बुलंद करते हैं जो राज्य स्थापना के 24 साल प्रवेश पर ख्याली प्रतीत होता है। लेकिन लगातार दो साल से टाईगर जयराम के नेतृत्व में झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति ने अपने हक-अधिकार के प्रति जागरूक किया है जो रांची समेत समस्त झारखंड में उर्जा भरने का काम किया है और आने वाली 2024 की आम चुनाव में जनता को विकल्प देने के लिए तैयार है।उसी को ध्यान में रखते हुए लिरसा जन्म उत्सव व 24 स्थापना दिवस पर जेबीकेएसएस के बैनर तले अबुआ राज फटफटिया सेसेन का आयोजन किया जिसका शाब्दिक अर्थ अपना राज अपना अधिकार के लिए मोटरसाइकिल जन जागरण अभियान तहत जन यात्रा निकाल कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसका मुख्य केन्द्र अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय,

बुढ़मु प्रखंड का भाट बोड़या मैदान, बुंडू कॉलेज परिसर को बनाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होकर बिरसा मुंडा अमर रहे, कैसे लिया झारखंड- लड़ के लिया झारखंड, झारखी की क्या पहचान- 1932 का खतियान आदि नारे को बुलंद किया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो , फलिन्द्र करमाली, मार्शल महतो, महाबीर महतो, अभय सुडी, योगेश मुंडा, लखीन्द्र महतो, सुमित कुमार महतो, अंगद नायक, नरेश , हेमंत, जय, गणेश, हेमंत, सुधांशु, राज किशोर, रामपोदो महतो, सुखराम, सुरज नारायण महतो, सावना, महेश करमाली,संजीव, शिवराज सिंह,सुनील , मंटू, चदंन, सुरेन्द्र आदि सैकड़ों शामिल थें।

पिपरवार में धूमधाम के साथ मनाई गई चित्रगुप्त पूजा

बचरा ऑफिसर्स क्लब में चित्रांश महापरिवार के द्वारा की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर बचरा ऑफिसर्स क्लब में चित्रांश महापरिवार बचरा के द्वारा भव्य पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पुजारी विकास पाठक के द्वारा विधिवत रूप से पूजा कराया गया,जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस पूजा कार्यक्रम में चित्रांश महापरिवार के सभी लोग शामिल हुए।चित्रांश महापरिवार के सचिव अश्विनी दराद ने बताया कि पिछले 22 वर्षो से बचरा में भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से की जा रही है।इसमे कलम-दवात की विधिवत पूजा की जाती है।उन्होने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।वहीं क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई।इस मौके पर चित्रांश महापरिवार के संरक्षक सीबी सहाय के अलावे संगीत कुमार,पीके सिन्हा,एके श्रीवास्तव,राजेश कुमार,डॉ. डीके सहाय,

अश्विनी दाराद,विजय लाल, अवधेश प्रसाद,दिलीप अम्बष्ठ,मिथिलेश कुमार,रमेश कुमार सिन्हा,संजय श्रीवास्तव,रविशंकर सहाय, अभिषेक श्रीवास्तव,सुजीत पटनायक,अनिल सिन्हा, प्रकाश सिन्हा,प्रवीण दाराद , निशु निशांत,विकास सिन्हा, शिवम अम्बष्ठ,रौशन आनंद, विनीत रंजन,अंकित प्रियेश, अक्षत अनमोल,शुभम सुशांत,अभिनव दाराद,मयंक सिन्हा,मनोज सिन्हा,गौतम सिन्हा,विवेक श्रीवास्तव, अभिषेक सिन्हा,मनोज सहाय,सत्यम कुमार,हर्ष श्रीवास्तव,एसपी सिन्हा,हर्ष कुमार,हिमांशु कुमार सहित चित्रांश महापरिवार के सभी लोग मौजूद थे।

पिपरवार के चिरैयांटांड़ मे काली पूजा मेला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के चिरैयांटांड़ मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली पूजा मेला का आयोजन किया गया।जतरा मेला में पारंपरिक खोड़हा नृत्य का आयोजन ढोल नगाडो के साथ किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुए।आयोजन समिति के द्वारा विधायक का जोरदार स्वागत किया गया।जिसके बाद विधायक सहित अन्य अतिथियो ने फीता काटकर मेला का उदघाटन किया,वही विधायक सहित सभी अतिथियो ने काली मन्दिर मे मां काली के दर्शन कर क्षेत्र एंव राज्य की सुख शांति एंव खुशहाली की कामना की।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि जतरा मेला हमारी संस्कति धरोहर है।पर्व त्योहार और मेला से आपसी भाईचारगी और एकजुटता बढ़ती है।उन्होने कहा कि किचटो पंचायत के चिरैयांटांड़ मे काली पूजा और मेला का आयोजन लगभग चार दशक से किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पूर्वजों से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन को वर्तमान में आज के युवा आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं।उन्होंने इस तरह के आयोजन को आगे भी जारी रखने की अपील की।इस मौके पर किचटो मुखिया संगीता देवी, पसंस सुनीता देवी, रीना देवी, ललिता देवी, बसंत नारायण महतो,विमल महतो, लखन महतो, बालकिशुन महतो, नागेश्वर महतो, लखन महतो, विश्वनाथ महतो, जानकी महतो,आदि थे।

पिपरवार मे भाई की खुशहाली की कामना के साथ बहनो ने मनाया भाई दुज का त्योहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में बहनों ने भाई की खुशहाली की कामना करते हुए भाई दूज का त्योहार खुशी-खुशी मनाया।यह त्यौहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को मनाया जाने वाला हिंदू धर्म का पर्व है।जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं जो भाई के प्रति बहन के प्यार को अभिव्यक्त करता है एवं बहने अपने भाई की खुशहाली की कामना करती है।भाई दुज से जुड़ी मान्यता के अनुसार इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर भोजन करता है उनकी उम्र बढ़ जाती है।यमराज बहनो द्वारा मानी गई हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।इसी परंपरा के अनुसार बहनों द्वारा गोवर्धन पूजा भी किया जाता है।जिसमें गोबर की आकृतियां बनाकर बहनों द्वारा तरह तरह के श्राप दिए जाते हैं एवं पुनः उन्ही श्रापों को वापस लिया जाता है।परंपरा के अनुसार कहीं-कहीं बहने सांप काटे,बाघ कांटे,बिच्छू काटे, जो काटे सो आज काटे इस तरह का श्राप देती है इन श्रापों के पीछे ऐसा माना जाता है कि उसे यम के दुत भाई के प्राण नहीं लेंगे। पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत बिहार, अशोक विहार, वन बीआर, टीएच कॉलोनी, एलो कॉलोनी, माईन्स कॉलोनी सहित ग्रामीण इलाकों में भाई दूज का त्यौहार मनाया गया।भाई दूज त्योहार पर आयोजित पूजा मे काफी संख्या मे महिला,युवती और बच्चे शामिल हुए।

गोधन में भाइयों को श्रापकर बहनों ने की मंगलकामना

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : भाई दूज के मौके पर खलारी में कई जगह गोधन कूटा गया. भाई बहन के प्रेम की इस अनोखी परंपरा में बहनों ने सुबह सबसे पहले अपने भाइयों को जी भर के कोसा. कोसने के क्रम में मर जाने तक का श्राप दिया. फिर रेंगनी का कांटा अपने जीभ में चुभोकर पश्चाताप किया. गोबर से चौकोर आकृति बनाई गई जिसमें यम-यमी की आकृति बनाई गई साथ ही सांप बिच्छु की आकृति भी बनाई गई. बहनों ने पहले इसकी पूजा की फिर चना, नारियल ईंट व जीभ में चुभोए गए रेंगनी के कांटे को रखकर डंडे से कूटा. पारंपरिक गीत भी गया. गोधन कूटने में हर उम्र की महिलाएं, छोटी बच्चियां भी शामिल थी। बाद में भाइयों को तिलक लगाया और कूटा गए चना, नारियल व मिठाई खिलाया. भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिया.

बहनों ने की भाईयों के स्वस्थ व दीर्घायु की कामना

खलारी : खलारी क्षेत्र में बहन भाई के प्रेम का त्योहार भाई दूज श्रद्धा व प्रेम से मनाया गया. इस मौके पर बहनों ने भाईयों के स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की. भाइयों को बिठाकर बहनों ने उन्हें तिलक लगाया, आरती की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. भाईयों ने परंपरा के अनुसार बहनों को उपहार दिया.पौराणिक कथा के अनुसार यह पर्व यमराज और उनकी बहन यमी की कहानी पर आधारित है.परंपरा के अनुसार कई भाई बहनों के घर जाकर स्नान व भोजन किए और वहीं भाई दूज का त्योहार मनाया।

धमधमिया में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : बिरसा विस्थापित मंच के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहिणी परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार तथा विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, मुखिया संतोष कुमार महली,पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली,कांग्रेस नेत्री इंदिरा तुरी,मुखिया दीपमाला कुमारी,महेंद्र उरांव,रंथू उरांव रामलखन गंझू,सुशील तिवारी,पूर्व मुखिया आशा देवी सहित कई लोग मौजूद थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुरा मुंडा तथा संचालन अमृत भोगता ने किया. सर्वप्रथम बहुरा मुंडा के द्वारा प्रतिमा का पूरे पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया.उंसके बाद सभी अतिथियों के द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया.उंसके बाद सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया.बहुरा मुंडा ने स्वागत भाषण दिया.वही महावीर नायक ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।वही नागपुरी ऑर्केस्ट्रा में आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया.वही जयंती के अवसर पर मेला में आये दुकानों में भी ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही.सभी वक्ताओ ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने देश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई और अपने प्राणों की आहुति दे दी.उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर एम किंडो, रमेशर भोगता, जगरनाथ महतो, कन्हाई पासी, सरजू सिंह, नीतीश कुमार, उमाकांत सिंह, लहसन भोगता, अशर्फी राम, शिवनाथ भोगता, प्रभाकर गंझू,ध्वजा राम धोबी,रामा उरांव,आदि थे ।

गांव की संस्कृति को याद दिलाता है सोहराय जतरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी के होयर अंबाटोंगरी में बुधवार को सोहराय जतरा मेला का आयोजन किया गया. गोवर्धन पूजा के बाद लगने वाले जतरा मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया मलका मुंडा, ग्राम प्रधान लालदेव पाहन, भाजपा नेता कमलेश राम, पूर्व मुखिया लालजी मुंडा तथा पूर्व पंसस बुटन मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इससे पहले भगवान बिरसा मुंडा जयंती व झारखंड स्थापना के शुभ अवसर पर अतिथियों द्वारा बिरसा मुंडा की चित्र पर दीप प्रज्वलित, पुष्पार्जन व माल्यार्पण किया गया.मौके पर मुखिया मुंडा ने झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामएं देते हुए बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला. कहा कि ग्रामीणों ने इस तरह का आयोजन कर अपने पूर्वजो की परंपरा को कायम रखा है. पिछले 69 वर्षो से यहां सोहराय जतरा का आयोजन होता आ रहा है. कहा कि वर्षो से चली आ रही गांव की संस्कृति को युवा पीढ़ी कायम रखे है. यही हमारी गांव की पहचान है.भाजपा नेता राम ने कहा कि आज बिरसा मुंडा की जयंती के साथ-साथ झारखंड की स्थापना दिवस है. भगवान बिरसा अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे. झारखंड वासियों की पहचान सिर्फ झारखंड में हीं नहीं विदेशों में भी है. साथ ही उन्होंने जतरा मेला आदिवासी किसानों की खुशहाली की मेला बताते हुए कहा कि जतरा खुशनुमा पल की एहसास करवाता है. जतरा में रांची और गुमला से आए म्यूजिकल ग्रुप द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया था।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर लिमड़ा गांव में पारंपारिक जतरा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर कर्रा प्रखंड के लिमड़ा गांव में ग्राम विकास समिति लिमड़ा के द्वारा बुधवार को पारंपारिक जतरा का आयोजन किया गया. जिसमें पारंपारिक जतरा पर नागपुरी रिदम बैंड ग्रुप आर्केस्ट्रा द्वारा रंगारंग नागपुरी, ठेठ व आधुनिक गीत आक्रशन का केन्द्र रहा. जिसमें लोग नाचते झूमते नजर आयें. पारंपारिक जतरा में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया एवं विशिष्ट जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईन्द उपस्थित रहे. पारंपारिक जतरा के पूर्व पूजा स्थल पर लिमड़ा गांव के परम्परागत पुजारी टोटो पहान द्वारा रंगुवा मुर्गा का पूजा करके प्रत्येक वर्ष कि तरह मेला लगाया गया. पारंपारिक जतरा मेला में रंग- बिरंगी मिठाई,फल सब्जी,सिंगार, खिलौने व फुचका चार्ट कि दुकानें लगायी गयी. वही जतरा संचालन समिति द्वारा वृद्ध असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. पारंपारिक जतरा मेला में मुख्य रूप से झामुमो युवा नेता राजन मुंडा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, झामुमो प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सह लिमड़ा पंचायत समिति सदस्य विनोद उरांव, भाजपा गोविन्दपुर मंडल अध्यक्ष राम ध्यान सिंह, राजा गोप, अजय सिंह, लिमड़ा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बिरसा उरांव, ग्राम विकास समिति लिमड़ा के अध्यक्ष मनसूर आलम, सचिव सुमित उरांव, सुरक्षा व्यवस्थापक नन्दू कच्छप, संगीत व्यवस्थापक निरंजन उरांव के अलावे पारंपारिक जतरा के सदस्यों का मुख्य योगदान रहा।

प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : बुधवार को मांडर प्रखंड में विधायक कार्यालय में स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कांग्रेस पार्टी के सभी पंचायत अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी के प्रमुख लोगों के साथ प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने कहा कि आज हमारे झारखंड प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर बैठक कर रहे हैं। यह बैठक हमारे पार्टी के लिए शुभ संकेत की ओर बढ़ेगा आज हमें पार्टी के निर्देशानुसार अपने-अपने पंचायत में जाकर पंचायत कमेटी टोला कमेटी और हर एक भूत में बी एल ए का गठन करना है इस गठन में आपके साथ प्रखंड के सभी पदाधिकारी को पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त किया है जो की आपका सहयोग करेंगे साथ में आपका कार्य शैली का भी समीक्षा करेंगे और आपका हर एक कार्य पद्धति को प्रभारी के द्वारा प्रखंड स्तर पर रिपोर्ट करेंगे इसलिए आप सभी पंचायत अध्यक्ष से आग्रह है की आप ईमानदारी पूर्वक पार्टी का निर्देशानुसार जो भी कार्य दिया गया है ।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्रम सं: (1) ई निविदा सं0 : पूमरे– मुप्रअ– नि– द– ईटीईएन – 52 –23–24 दो पैकेट सिस्टम **कार्य का नाम :** Dy.CE/C/ बरकाकाना के अधीन बरकाकाना–रांची खंड की बी.जी.रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144)–सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में किमी 143.144 से 152.520 (किमी 148.100 से 148.800 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रू):** 31,27,25,415.50 **बोली प्रतिभूति (रू):** 17,13,600.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 महीने **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 04.12.2023, 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें ।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रुघाट, पटना

पीआर/01663/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/52

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, गुरुवार, 16 नवंबर 2023 | पेज 5

ईचागढ़ भाजपाइयों ने उलिहातु में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के भाजपा नेता डाक्टर भूषण चन्द्र मुर्मू के नेतृत्व में भाजपाइयों का जत्था उलिहातु पहुंचकर भगवान बिरसा के जन्म स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए शोषण के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने का सपथ लिए। वहीं भाजयुमो जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष मनोरंजन महतो ने बताया कि जिला एवं प्रखंड स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उलिहातु में धरती आबा को माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन भी सुनने का मौका मिला। मौके पर मुख्य रूप से ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष फटीक चन्द्र गोराई, शिशिर प्रामाणिक, यदूपति गोप आदि उपस्थित थे।

रामकृष्णा फोर्जिंग्स कंपनी में कर्मचारियों के बीच स्लोगन, पोस्टर, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक मे विगत 06 नवंबर से शुरू हुए गुणवत्ता सप्ताह समारोह का आज समापन हुआ। इस दौरान कर्मचारियों के बीच स्लोगन, पोस्टर, क्विज समेत विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्लांट हेड एम.बालामुरली कृष्णा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कंपनी के उत्पाद को और गुणवत्तायुक्त बनाकर हम उसे एक नए मुकाम पर ला सकते हैं। कार्यक्रम को पीपीसी विभाग के प्रमुख सुमन बनर्जी, रचना विभाग प्रमुख सीएन बंधोपाध्याय आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सन्तोष कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन एचआर हेड रिंटू मुखर्जी ने दिया। इस मौके पर एचआर विभाग के मैनक गुप्ता, मेन्टेनेन्स विभाग के जीएम अरविंद सिंह समेत सभी विभाग प्रमुख और काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

लोयोला जूनियर स्कूल में मना झारखंड दिवस सह बिरसा मुंडा जयंती

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): लोयोला स्कूल बिष्टुपुर जुनियर सेक्शन ने आज 23वां झारखंड दिवस मनाया. धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती भी मनी. कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड के विभिन्न आदिवासी समुदायों के संक्षिप्त परिचय के साथ हुई. छात्रों ने झारखंड के मूल निवासियों की विविध संस्कृति की प्रदर्शनी लगाई, जिसमें उनकी जीवनशैली और परंपरा पर प्रकाश डाला गया. जबकि गायक मंडली के बच्चों ने मधुर आदिवासी गीत गाकर सभी का मनोरंजन किया. और हवा को संगीतमय ध्वनियों से भर दिया, जिससे माहौल खुशनुमा हो गया। इसके बाद एक आदिवासी नृत्य पेश किया गया, जिसमें उनके रीति-रिवाजों, त्योहारों और दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया. समापन जूनियर सेक्शन की वाइस प्रिंसिपल विनीता एफ एक्का द्वारा दिए गए एक संक्षिप्त संबोधन के साथ हुआ. सीनियर सेक्शन की वाइस प्रिंसिपल जयंती शेषाद्री ने बताया कि कैसे हर किसी को ऐसे अनूठे राज्य से संबंधित होने पर गर्व होना चाहिए.

दुकान में लगी आग, लाखों की संपति जलकर खाक

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पुरानडीह मोड़ पर एक कपड़े की दुकान में मंगलवार की रात को कोई अज्ञात द्वारा आग लगा दिया गया, जिससे पुरे दुकान का कपड़ा, फर्नीचर आदि जलकर खाक हो गया। आगजनी में अनुमानित करीब 5-6 लाख की क्षति हुई है। बुधवार को घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस पुरानडीह मोड़ पहुंची एवं मामले की छानबीन किया। दुकान के मालिक दिनेश कुमार महतो है।

पोटका में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए महावीर मुर्मू

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पोटका प्रखंड के हाड़तोपा पंचायत के आदिवासी रिक्रिएशन वेलफेयर सोसाईटी मुर्गाघुटू ग्राम के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती एवम झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि महावीर मुर्मू होकर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में 28 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को नगद 40 हजार के साथ ट्रॉफी एवं उप विजेता दल को 30 हजार नगद साथ में ट्रॉफी और तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को नगद 10-10हजार राशि दे कर पुरुस्कृत किया जायेगा। श्री मुर्मू ने एआरडब्लूएस मुर्गाघुटू को इसका आयोजनके लिए धन्यवाद दिया। मुर्गाघुटू ग्राम के माझी बाबा उदित कुमार हेंब्रम,पुजारी बाबा मंगला सिंह,सोसाइटी के अध्यक्ष लोबो मुर्मू,सोसाइटी के सेक्रेटरी बुधेस्वर बस्के,माझी सेक्रेटरी पिथो मुर्मू,माटकु पंचायत पूर्व मुखिया बिल्टू हांसदा,डोमजुड़ी ग्राम पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी,युवा नेता दुर्गा प्रसाद हांसदा,भरत सिंह,सुरेंद्र नाथ टुडू,मनोज तांती,कारण वीर कालिंदी,आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक ने बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर किया नमन, कई कार्यक्रम में हुई शामिल

चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता): चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को राज्य की स्थापना दिवस सह बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। विधायक सविता महतो ने स्थापना दिवस के मौके पर डोबो, भादुडीह, हुमीद, बड़ालाखा, बिहार स्पोंज आयरन, काटीया, ब्लॉक मैदान एवं छोटालाखा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान काटीया स्टेडियम में खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया व हुमीद में फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए। बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा के दिखाए हुए राहों पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है। देश के आजादी के लिए बिरसा मुंडा काफी संघर्ष किए थे। मौके पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, प्रखंड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास, पूर्व जिप सदस्य ओमप्रकाश लायेक, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मुखिया सुबोधीनी माहली, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, समर भुईया, राहुल वर्मा, मिलन तंतुवाई आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा की जयंती सह राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता

11.20 करोड़ रुपये से ज्यादा की परिसंपत्ति का हुआ वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी सुमित अग्रवाल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओ के लाभुकों के बीच मंत्री एवं उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा 11 करोड़ 20 लाख रूपए से ज्यादा की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस से स्वयं सहायता समूहों को फुलो झानो आशीर्वाद योजना, रिवॉल्विंग फंड, क्रेडिट लिंकेज, आपूर्ति विभाग द्वारा सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धोती/ लुंगी- साड़ी का वितरण, नगर निकायों द्वारा डे एनयूएलएम के तहत महिला समिति को एसएचजी क्रेडिट लिंकेज तथा पीएम स्वनिधि का लाभ, रिवॉल्विंग फंड, पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, गव्य विकास विभाग द्वारा दुधारू गाय योजना, साथ ही केसीसी, मुद्रा लोन, मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, पंचायती राज विभाग से पंचायत ज्ञान केन्द्र, डीआरडीए से बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर आवास, मनरेगा, आईटीडीए से वन पट्टा का वितरण, सीएमईजीपी, बिरसा आवास योजना का स्वीकृति पत्र, पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशिप, खेलो झारखंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण, एमएमडीपी किट, सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा सर्वजन पेंशन की स्वीकृति, समाज कल्याण से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कृषि विभाग से पंपसेट का वितरण कुल 110 से ज्यादा लाभुकों को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से परिसंपत्ति का वितरण किया गया । इस मौके पर कार्यक्रम स्थल में 16 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी गई। मंत्री द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर ज्यादा से ज्यादा लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मंत्री, उपायुक्त एवं एसएसपी द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा तथा सभी वीर बलिदानियों को नमन करते हुए राज्य स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लगातार राज्य वासियों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं धरातल पर लाई हैं।

मंत्री व डीसी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया नमन

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता, उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बिरसानगर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । साथ ही झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, उप नगर आयुक्त जेएनएसी सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी आदि ने भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके चरणों में नमन किया।

जिला कांग्रेस टीम ने भगवान बिरसा मुण्डा को पुष्प अर्पित कर किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी एवं बिरसानगर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुण्डा के जयन्ती के अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने बिरसानगर संडे मार्केट स्थित भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष का स्वागत बिरसानगर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय घोष ने किया। आनन्द बिहारी दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ विद्रोह किया। जल जंगल जमीन की रक्षार्थ जंगल जंगल भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया।जिलाध्यक्ष ने झारखण्ड प्रदेश स्थापना दिवस पर सभी को बधाई दिया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विजय खान, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, रामदरस चौधरी, राजकिशोर यादव, गुरदीप सिंह, संजय यादव, रानी राव, संजय प्रसाद, राजेश चौधरी, नलिनी सिन्हा, अंकुश बनर्जी, धीरज कुमार, कुमार गौरव, निखिल तिवारी, संजय तिवारी, मनीष कुमार, सुखदेव सिंह मल्ही, अभय पाण्डेय, सन्नी सिंह, संजय झा, गौरव खान, सचिन कुमार सिंह अध्यक्ष एनएसयुआई शामिल हुए।

बच्चों के बीच कांग्रेस ओबीसी सेल ने बांटा शिक्षण व खाघ सामग्री

जमशेदपुर : जमशेदपुर महानगर कांग्रेस ओबीसी सेल द्धारा बुधवार को बाराद्धारी स्थित देवनगर बस्ती में झारखंड स्थापना दिवस एवं बाल दिवस के अवसर पर लगभग 100 से अधिक बच्चों के बीच शिक्षण एवं खाघ सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम ओबीसी सेल के महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा और पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसआर कमलेश, लव कुमार निराला, रवि रंजन, संतोष सिंह, दिलीप जायसवाल, रोहित शर्मा, प्रमोद कुशवहा, रिज्जु, मुकेश, सोनू, सुशील शर्मा आदि मौजूद थे।

आजाद परिंदे संस्थान ने मनाया भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीमडीह : सराइकेला खरसावां जिला के नीमड़ीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी गांव में आजाद परिंदे शैक्षणिक संस्थान की ओर से झिमड़ी स्थित पंचायत भवन में भगवान बिरसा मुंडा की 149वे जन्म दिवस सह झारखण्ड स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी त्याग व बलिदान की याद किया गया। इस अवसर पर झारखंड से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रथम दस विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमे प्रथम संदीप महतो, द्वितीय राजू महतो तथा तीसरा चंद्रावली महतो ने हासिल किया। मौके पर चिरंजीत महतो, चंदन कुमार महतो, गोविंद महतो, बबलू महतो, हेमंत महतो, सुवर्णा महतो, शशधर महतो, विद्याचरण, साधन महतो, अंगद महतो आदि मौजूद थे।

चित्रांश समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाया चित्रगुप्त पूजनोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में चित्रगुप्त महासमिति की ओर से चित्रगुप्त पूजनोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित पण्डित सुरेंद्र झा द्वारा पवित्र मन्त्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया जिसमे काफी संख्या में चित्रांश शामिल हुए। इसके बाद भगवान चित्रगुप्त की आरती कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूजनोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, सरायकेला जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे। इस पूजनोत्सव में कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में चित्रांश समाज के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर सांयकाल मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजनोत्सव के आयोजन में समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, महासचिव संजय कुमार वर्मा, संगठन सचिव बालकृष्ण प्रसाद, कोषाध्यक्ष अभय लाभ, सह कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद कर्ण, महेश कुमार श्रीवास्तव, भूदेव वर्मा, मुकेश कुमार समेत सभी सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही।

भाकुड़गाड़ा में बांदना गीत प्रतियोगिता 19 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरूलडीह : कुकडु प्रखण्ड अंतर्गत पारगामा- भाकुड़गाड़ा स्थित सदाइ बुरु मैदान में विराट बांदना/ अहिरा/सोहराइ गीत प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी कुड़मी समाज के तत्त्वावधान में 19 नवम्बर को किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी बैठक जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में भाकुड़गाड़ा में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो एवं विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर (महासचिव, आकुस),अशोक पुनअरिआर (समाजसेवी), गुणधाम मुतरुआर (शिक्षाविद्), जीतेन महतो (केंद्रीय सदस्य, आकुस), संजीव कुमार महतो (प्र.सं.स. आकुस) आदि उपस्थित रहेंगे।

ढोल नगाड़ा की धुन पर बैलों को नचाने की परंपरा गोरु खुटान मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरूलडीह : कुकडु प्रखण्ड के अंतर्गत पंचयत पारगामा में मनाया गया गोरु घुटान (बैल को खूटा में बांध कर नचाना) के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण अपने घर के बैलों को तेल सिन्दूर देकर सिंग पर तेल लगाकर विशेष रूप से सुसज्जित कर उनका आरती करते है। उसके पश्चात में उनके रहने वाले स्थान (गोहाल) में अपने पूर्वजों के नाम मिट्टी का गोला बनाते है। पूर्वज के नाम से उसका पूजा किया जाता है। ग्रामीण अपने अपने बैलों को रंग से सजाकर खुटी से बांध के उसको ढोल नगाड़ा बजा कर नचाते है।

आपने बैलों के नाम से अहीरा गीत उनके चरने से लेकर मालिक के साथ संपर्क से जुड़ा गीता को गाते है, ग्रामीण बुजुर्ग बताते है कि आज हमारे युवा पीढ़ी अपने धोरोहर पूर्वज के परिचय को भूलते जा रहे है। आज हमारे युवा पीढ़ी को चाहिए इस परब को अधिक धूमधाम से मनाए और अपनी परंपरा को जीवित रखें।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर शोभा यात्रा व जनजातिय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : बकास्त मुंडारी खुंटकट्टी रक्षा एवं विकास समिति (39 मौजा) के तत्वावधान में कुचाई के दलभंगा में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी. मौके पर पाहन सहदेव सिंह मुंडा ने मुंडारी परंपरा के अनुसार भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा व शिलापट्ट पर पूजा अर्चना कर दलभंगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्कूल से प्रतिमा स्थल पर शोभा यात्रा निकाली गयी. समिति के निर्देशक मानसिंह मुंडा, लखीराम मुंडा,मोहन लाल मुंडा, पंसस सोनामनी मुंडा, चांदमुनी मुंडा, मुखिया मंगल सिंह मुंडा, करम सिंह मुंडा, रेखा मनी उरांव धर्मेंद्र मुंडा, गोबरा मुंडा, सुखलाल मुंडा, जोगेंद्र पाहन, शचिंद्र प्रमाणिक, सुखनाथ मुंडा,गोबरा अमर नाग, हाथीराम मानकी, चतुर्भूज सिंह मुंडा, एमलेन नाग, दशरथ उरांव,भरत सिंह मुंडा, मुन्ना सोय, आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की. वहीं कुचाई के दलभंगा में आयोजित बिरसा जयंती के मौके पर दो दिवसीय पुरुष एवं महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के साथ जनजातिय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गांवों में आये नृत्य दलों ने अपने नृत्य कला के जरिए आदिवासियों की समृद्ध कला, संस्कृति व जीवन शैली को रेखांकित किया.

पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने बोड़ाम में किया भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण, बोले

गरीबों को भी राजनीति करने के लिए हिम्मत व मंच आजसू ने दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : आजसू पार्टी बोड़ाम प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत भगवान बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती के मौके पर बुधवार को बोड़ाम हाटतोला में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने की। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, आदित्य महतो व चंद्रगुप्त सिंह, उपाध्यक्ष स्वपन कुमार सिंहदेव, रामदुर्लभ सिंह मुंडा, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, सागेन हांसदा, रविशंकर मौर्य, श्यामकृष्ण महतो, सत्यनारायण महतो, अशोक मंडल, प्रणव मजुमदार, वनबिहारी महतो, रेणुका महतो, मेनका किस्कू, देवयानी दास, माणिक महतो, छुटुलाल सिंह, ठाकुरदास महतो, अमल महतो, प्रकाश विश्वकर्मा, सत्यनारायण महतो, प्रमोद मालाकार, सुधा बेसरा, हेमंत पाठक, वनमाली बनर्जी, शरत सिंह सरदार, ललिता महतो, हाथीखेदा मंदिर के मुख्य पुजारी गिरीजा प्रसाद सिंह सरदार, कृष्णपद सिंह समेत दर्जनों पार्टी नेता व स्थानीय बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रामचंद्र सहिस ने कहा भगवान बिरसा मुंडा 25 साल की उम्र में शहीद हो गए थे। उनके संघर्ष की गाथा आज भी प्रासंगिक है। 2009 में जब एक परिवर्तन हुआ था तो लोगों ने विकास कार्यों को नजदीक से देखा और पुलिस प्रशासन से खुलकर बात करने हेतु प्रेरित किया। सुदेश कुमार महतो ने यहां के गरीबों को भी राजनीति करने के लिए हिम्मत और मंच देने का काम किया है उनको हम धन्यवाद देते हैं। मौके पर पश्चिम बंगाल के बांदोवान से आई महिला कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य एवं स्थानीय दो दर्जन छऊ टीम के कलाकारों द्वारा शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रर्दशन किया गया। इसमें आसपास के गांवों से आए हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से बच्चों ने मनाया बाल दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : चांडिल प्रखंड के उमेश नगर स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्या शंपा बनर्जी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामना दी तथा मेला का उद्घाटन किया। मेला में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल, गेम्स और डांस म्यूजिक के कार्नर लगे थे। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या ने कहा कि इस तरह के उत्सव बच्चों के जीवन पर उचित प्रभाव डालते हैं और उनमें विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास होता है। कार्यक्रम शिक्षकों के देख रेख में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

संपादकीय

समाज से कानून की मुठभेड़

बदलते सामाजिक व्यवहार से हिमाचल पुलिस का मुकाबला अगर यूं ही कानून व्यवस्था को गच्चा देता रहा, तो सुकून की ये गलियां नहीं बचेंगी। कानून के दायरे और परिभाषा को गढ़ते पुलिस इंतजाम ने मान लिया कि एक भोला-भाला हिमाचल उसकी नोक के नीचे रहेगा, लेकिन अब मसले परेशान करने लगे हैं। समाज अब सामुदायिक संगत से बाहर निकल कर अपने मनोरथ के लिए निरंकुश हो रहा है। यह समाज अब 'मुंडु' नहीं, प्रगति की हर स्पर्धा में संसाधनों की प्राप्ति के लिए नए कदम रखने लगा है। जीवन के संघर्ष हिमाचल में भी बदले हैं और बदला है आर्थिकी का संचार, इसलिए रियल एस्टेट अपनी छेनी से पर्वत को काट रहा है। जमीनों के सौदे और सौदों की तहजीब में सत्ता, राजनीति, बड़े संपर्कों की कानाफूसी तथा प्रभाव का अधिकार बढ़ रहा है। संतोषगढ़ में बारात के स्वागत में सजी महफिल खून की लकीरें खींच देती है, तो वहां संघर्ष ऐसे अहंकार से पैदा होता जो सार्वजनिक चरित्र में खूंखार वर्चस्व का प्रदर्शन बन जाता है। नगरोटा बगवां में दो भाइयों के बीच गोलीबारी से धरती लाल हो गई, तो इसका अर्थ यह भी है कि हमारा संघर्ष अब घातक इरादे रखता है या हम कानून की परिभाषा से ऊपर अपने दिलो दिमाग में ज़हर रखते हैं। ऐसे अनेकों अपराधों के बीच हमारी उपलब्धियों का एक भयानक चेहरा समाज के भीतर भोलेपन का चीरहरण कर रहा है। दूसरी ओर सियासी दखल ने समाज के बीच अगर अपने लठैत पैदा किए, तो पुलिस की निष्पक्षता को निकम्मा बना दिया। सवाल तो अब कानून व्यवस्था से ऊपर उठकर न्याय की प्रक्रिया तक लाचार मजमून हो गए। यह इसलिए भी कि समाज अपने सामने के अति निर्लज्ज व घातक घटनाक्रम के किनारे हो गया। पिछले तीन दशक में आई संपन्नता की मीनारों पर कई संदेहों के छींटे हैं और अगर इन्हीं बुलदियों पर समाज का एक हिस्सा बेकाबू हो रहा है, तो मुर्दाघरों में पहाड़ी परंपराओं की चीख कौन सुनेगा। पालमपुर-धर्मशाला के एक व्यवसायी द्वारा शुरू हुआ न्याय का संघर्ष उस संघर्ष से ऊपर है, जो एक आम हिमाचली के सपनों में पिघल कर पसीना बनता है, लेकिन यह पहला अवसर है जब एक व्यक्ति के तमाम गिले पुलिस व्यवस्था के सर्वेसर्वा से हैं। इस तनातनी को हम न झुठला सकते हैं और न ही पचा सकते। आरोप लगाने वाला न तो हवा में तीर मारने का संकेत दे रहा है और न ही कानून व्यवस्था पर उठे प्रश्न अतार्किक हैं। कुछ तो है इस धुएं के पीछे, वरना आसमां यूं ही काला नज़र न आता। यहां सीधे प्रश्न पुलिस विभाग के मुखिया से हैं और जवाब सुक्खू सरकार को देना पड़ेगा। बेशक अब कानून के हिसाब में भी खेल बहुत है, मगर नज़रों में जो आए इंकलाब वही है। कानून से जिरह अगर कानून की बस्ती में होने लगे, तो हर अंधेरे से पूछना पड़ेगा कि आखिर पहरेदार सो कहां रहा। यहां कानून की रक्षक हिमाचल सरकार को होना पड़ेगा ताकि व्यवसायी के आरोपों की सच्चाई सामने आए। आरोपों की सत्यता अभी साबित होनी है, लेकिन व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता में पुलिस का व्यवहार एकपक्षीय हो जाए या किसी एक का सहयोगी नज़र आए तो आने वाले दिन समाज के सांचे में भी सौदेबाजी करेंगे। हिमाचल की आर्थिक प्रगति से जुड़ी चुनौतियों में संगठित हो रहे आपराधिक तत्वों को समझना होगा। कारोबार, उद्योग, पर्यटन व छोटे-छोटे व्यवसायों में सपनों का एक नया संसार उभर रहा है, जहां बैंकिंग क्षेत्र, सरकारी अनुमतियां व कानून व्यवस्था की देखरेख जरूरी है। साइबर अपराधों के साथ-साथ प्रदेश में परिवहन की दृष्टि से भी पुलिस की भूमिका बदल रही है। कम्युनिटी पुलिसिंग, ट्रैफिक नियंत्रण के अलावा पर्यटन की दृष्टि से स्मार्ट पुलिस बल की परिभाषा को मुकम्मल बनाने के लिए संवेदनशीलता, आधुनिक गतिशीलता, नियुक्तियों में पारदर्शिता तथा पुलिस-पब्लिक रिलेशन में निखार की अति आवश्यकता है। पुलिस व्यवस्था के शिखर संबोधन राजधानी शिमला से जो कहते हैं, उससे कहीं अलग अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थितियां बदल रही हैं। आज की तारीख में पर्यटन स्थलों, व्यावसायिक व धार्मिक स्थलों एवं शहरीकरण को जिस तरह की सतर्कता में पुलिस व्यवस्था चाहिए, उसका इंतजाम करना होगा। बहुत सारे पुलिस के पद शिमला में अव्यावहारिक व अप्रासंगिक हो चुके हैं, जिन्हें नई चुनौतियों के तहत विकेंद्रीकृत करना होगा। नगर निगम क्षेत्रों के लिए पुलिस आयुक्तालय तथा सीमांत चौकसी के लिए बीबीएन में एक अतिरिक्त डीजीपी का पद सृजित करके इसके तहत पांवटा साहिब, कालाअंब से आगे बीबीएन, ऊना तथा कांगड़ा के नूरपुर तक की जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी।

> जीवन के संघर्ष हिमाचल में भी बदले हैं और बदला है आर्थिकी का संचार, इसलिए रियल एस्टेट अपनी छेनी से पर्वत को काट रहा है। जमीनों के सौदे और सौदों की तहजीब में सत्ता, राजनीति, बड़े संपर्कों की कानाफूसी तथा प्रभाव का अधिकार बढ़ रहा है। संतोषगढ़ में बारात के स्वागत में सजी महफिल खून की लकीरें खींच देती है, तो वहां संघर्ष ऐसे अहंकार से पैदा होता जो सार्वजनिक चरित्र में खूंखार वर्चस्व का प्रदर्शन बन जाता है। नगरोटा बगवां में दो भाइयों के बीच गोलीबारी से धरती लाल हो गई, तो इसका अर्थ यह भी है कि हमारा संघर्ष अब घातक इरादे रखता है या हम कानून की परिभाषा से ऊपर अपने दिलो दिमाग में ज़हर रखते हैं। ऐसे अनेकों अपराधों के बीच हमारी उपलब्धियों का एक भयानक चेहरा समाज के भीतर भोलेपन का चीरहरण कर रहा है।

उत्तर प्रदेश में अफसरशाही के चलते केवल आम आदमी ही नहीं मंत्री सांसद और विधायक भी परेशान हैं

योगी राज में विधायिका पर भारी है यूपी की कार्यपालिका

अजय कुमार

> करीब साढ़े छह : साल के शासनकाल में योगी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। यह एक अच्छी बात है। जनता भी ऐसी ही सरकार चाहती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि योगी को छोड़कर यूपी के अन्य सभी राजनेता बेईमान और भ्रष्टाचारी हैं। सभी दलों में अच्छे-बुरे दोनों किस्म के नेता मौजूद हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का भी यही 'मिजाज' है। यहां भी अन्य दलों की तरह दोनों किस्म के नेता देखने को मिलते हैं। मगर बीजेपी आलाकमान को अपने किसी भी नेता पर भरोसा नहीं है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल सख्त शासक हैं। उनकी छवि काफी साथ-सुथरी है। करीब साढ़े छह: साल के शासनकाल में योगी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। यह एक अच्छी बात है। जनता भी ऐसी ही सरकार चाहती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि योगी को छोड़कर यूपी के अन्य सभी राजनेता बेईमान और भ्रष्टाचारी हैं। सभी दलों में अच्छे-बुरे दोनों किस्म के नेता मौजूद हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का भी यही 'मिजाज' है। यहां भी अन्य दलों की तरह दोनों किस्म के नेता देखने को मिलते हैं। मगर बीजेपी आलाकमान को अपने किसी भी नेता पर भरोसा नहीं है। यहां तक की योगी सरकार के मंत्री भी सरकारी मशीनरी के सामने 'पंख कटे' नजर आते हैं। इसकी वजह है कि बीजेपी में सभी नेताओं को एक ही तराजू में तौला जा रहा हैं। कहने को तो उसके तमाम नेता जनप्रतिनिधि होने का भी रूतबा रखते हैं, लेकिन इन्हें पूरी तरह से दंतविहीन बना दिया गया है। यह न तो कभी अपने क्षेत्र में पुलिस उत्पीड़न के शिकार लोगों के पक्ष में थाने जा सकते हैं, न शासन-प्रशासन में बैठे अधिकारी उनकी सुनते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी मशीनरी को आदेश दे रखा है कि यदि कोई बीजेपी नेता उनके पास किसी की सिफारिश लेकर आये तो उसकी बात सुनने की आवश्यता नहीं है, बल्कि अधिकारी अपने विवेक से सही गलत का फैसला लें। यह सब बातें किसी फाइल में तो नहीं कोड की गई हैं, परंतु राजनीति के गलियारों में यह चर्चा आम है कि जिस तरह से समाजवादी पार्टी की सरकार के समय उसके (सपा) सांसद/मंत्री/विधायक आदि जनप्रतिनिधि पुलिस और सरकारी मशीनरी पर दबाव बना लेते थे, वैसा दबाव बीजेपी के जनप्रतिनिधि नहीं बना पाते हैं। होता यह है कि जब भी बीजेपी का कोई नेता किसी सरकारी अधिकारी या पुलिस के पास पहुंचता है तो उसे सीएम योगी का फरमान याद दिला दिया जाता है। या यों कहें उन्हें अपमानित करके वापस भेज दिया जाता है। हालात यह है कि यूपी सरकार के अधिकारी बीजेपी के किसी भी जनप्रतिनिधि को भाव नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भी ऐसे नेताओं से मिलने का टाइम नहीं रहता है। इसको लेकर योगी के पिछले शासन में बीजेपी के जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा के अंदर प्रदर्शन भी किया था,

लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ की अपने ही जनप्रतिनिधियों से दूरी हमेशा चर्चा में रहती है। यहां तक की दिल्ली भी इस मामले में कुछ नहीं कर पा रहा है, क्योंकि आज की तारीख में पार्टी के अंदर योगी का कद काफी बढ़ा हुआ है, इसलिए उन्हें कहीं से चुनौती भी नहीं मिलती है। इसी के चलते पीड़ितों व आम लोगों से पुलिसकर्मियों के दुर्व्यवहार के मामले तो आए दिन सामने आते रहते हैं। पुलिस अधिकारियों व कर्मियों द्वारा माननीयों से भी अच्छा व्यवहार न किए जाने की शिकायतें बढ़ रही हैं। कहने को तो सीएम योगी आदित्यनाथ अक्सर कहते मिल जाते हैं कि जनप्रतिनिधियों का पूरा सम्मान किया जाये। इस बार भी योगी द्वारा माननीयों के प्रति शिष्टाचार व अनुमन्य प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसका असर होते नहीं दिख रहा है। उत्तर प्रदेश में अफसरशाही के चलते केवल आम आदमी ही नहीं मंत्री सांसद और विधायक भी परेशान हैं। यह लोकसेवक लम्बे समय से कार्यपालिका के चलते होने वाली अपनी परेशानी शिकायतों के रूप में सामने रखते रहते हैं। ज्ञातव्य हो, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने इंटीग्रेटेड ग्रीवॉन्स रिड्रेसल सिस्टम लागू कर रखा है, जिसे आइजीआरएस पोर्टल के रूप में जाना जाता है। इसमें कोई भी सीधे मुख्यमंत्री से शिकायत कर सकता है। इस पोर्टल पर पिछले दो वर्षो में आम जनता के अलावा योगी के कई मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने भी कार्यपालिका की शिकायत दर्ज कराके अपनी लाचारी सार्वजनिक की है। जिसमें काफी चौंकाने वाली बाते सामने आई है। इन माननीयों की शिकायत से पता चलता है कि प्रदेश में तमाम अफसर आमजन तो दूर मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की बात को भी तवज्जो नहीं देते हैं और उनके सुझाए गए कार्यों को बेहद लेटलतीफी करते हैं। इस बारे में नेता और विधायक कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कभी कोई हल नहीं निकल पाया। गौरतलब हो हाल ही में भी शासन व डीजीपी मुख्यालय द्वारा पुलिसकर्मियों को इसे लेकर निर्देश दिए गये हैं। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद ने सभी पुलिस आयुक्तों, एसएसपी व एसपी को सांसदों व विधानमंडल के सदस्यों के प्रोटोकाल का अनुपालन कराए जाने को कहा हैं। उन्होंने कहा है कि शासन व संसदीय अनुश्रवण समिति के समक्ष प्रोटोकाल उल्लंघन के मामले लगातार आ रहे हैं। संजय प्रसाद द्वारा कहा गया है कि सभी अधिकारी सांसदों व विधानमंडल के सदस्यों के सीयूजी नंबर अथवा उनके द्वारा नोट कराया गया अन्य मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अपने मोबाइल में फीड करेंगे तथा काल आने पर उसे रिसीव करेंगे। किसी बैठक में होने अथवा उपलब्ध न होने की स्थिति में काल की जानकारी होने पर प्राथमिकता पर जनप्रतिनिधि को संदेश भेजने के साथ ही काल कर बात करेंगे। जनप्रतिनिधियों द्वारा फोन पर बताए गए प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण कराकर उन्हें जानकारी भी देंगे। इसके साथ ही जिले के अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के मोबाइल पर उनके क्षेत्र के माननीय का फोन नंबर फीड कराएंगे। संजय प्रसाद द्वारा यह भी कहा गया है कि जनप्रतिनिधि यदि किसी जनहित से जुड़े कार्यों के संबंध में उनसे (अधिकारी व कर्मचारी) से भेंट करते हैं तो उनका सीट से खड़े होकर यथोचित सम्मान किया जाए.इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से वार्ता में यदि उनके अनुरोध अथवा सुझाव को स्वीकार करने में असमर्थ हों तो अधिकारी उसके कारणों से जनप्रतिनिधियों को विनम्रतापूर्वक अवगत कराएंगे। किसी अनुचित आचरण अथवा जानबूझकर की गई गलती को दुराचरण माना जाएगा और कार्रवाई होगी. जिलों में प्रोटोकाल से जुड़े मामलों के लिए हर दो माह में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक किए जाने का निर्देश भी दिया गया है, मगर यह आदेश कितना प्रभावशाली रहेगा, इसको लेकर लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी संदेह है। जबकि लोकतंत्र में जरूरी है कि जनप्रतिनिधियों की आवाज को उसके सरकारी नौकर न केवल सुने बल्कि गंभीरता से भी लें, क्योंकि हर जनप्रतिनिधि गलत नहीं होता है। जनता उसे चुनती है और उसे जनता को जबाव देना होता है।

कैसे बनाएं साख

> बड़े लेखकों, गायकों, अभिनेताओं के मूड के चर्चे अखबारों व पत्रिकाओं में छपते रहते हैं और लोग चटखारे ले-लेकर उन्हें पढ़ते भी हैं, इससे कला अथवा लेखन से जुडऩे वाले नए लोग यह मान लेते हैं कि लेखक अथवा कलाकार का मूडी होना स्वाभाविक ही है। यह सही है कि किसी काम में मन न हो तो काम का स्तर बढिय़ा हो ही नहीं सकता। इसमें भी दो राय नहीं है कि हमारे आसपास के लोगों, घटनाओं और वातावरण का प्रभाव हमारी मनोस्थिति यानी मूड पर पड़ता है और कई बार किसी एक छोटी-सी बात से भी बना बनाया मूड बिगड़ जाता है। हम किसी काम में पूरी तन्मयता से लगे होते हैं कि कोई व्यक्ति ऐसा कुछ कह देता है या कर देता है कि हमारा मन एकदम से उखड़ जाता है। लेखक भी आम आदमियों की हर कमजोरी का शिकार है और उसके लिए उसे दोष नहीं दिया जाना चाहिए।

कला के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों तथा लेखन में रत लोगों के मन में अक्सर यह विचार घर कर जाता है कि चूंकि वे कलाकार हैं, लेखक हैं, रंगकर्मी हैं, चित्रकार हैं अथवा शिल्पकार हैं, इसलिए बढिया काम के लिए 'मूड बनने' की आवश्यकता रहती है, अतः कलाकार का मूडी होना उसका गुण है, या उसका अधिकार है। बड़े लेखकों, गायकों, अभिनेताओं के मूड के चर्चे अखबारों व पत्रिकाओं में छपते रहते हैं और लोग चटखारे ले-लेकर उन्हें पढ़ते भी हैं, इससे कला अथवा लेखन से जुडऩे वाले नए लोग यह मान लेते हैं कि लेखक अथवा कलाकार का मूडी होना स्वाभाविक ही है। यह सही है कि किसी काम में मन न हो तो काम का स्तर बढिया हो ही नहीं सकता। इसमें भी दो राय नहीं है कि हमारे आसपास के लोगों, घटनाओं और वातावरण का प्रभाव हमारी मनोस्थिति यानी मूड पर पड़ता है और कई बार किसी एक छोटी-सी बात से भी बना बनाया मूड बिगड़ जाता है। हम किसी काम में पूरी तन्मयता से लगे होते हैं कि कोई व्यक्ति ऐसा कुछ कह देता है या कर देता है कि हमारा मन एकदम से उखड़ जाता है। लेखक भी आम आदमियों की हर कमजोरी का शिकार है और उसके लिए उसे दोष नहीं दिया जाना चाहिए। परंतु इसी प्रकार यह भी याद रखा जाना चाहिए कि कोई लेखक, लेखक होने के कारण ही महामानव नहीं हो जाता कि वह अनावश्यक आदतें पाल ले जो उसकी कमजोरी बन जाएं। यानी सिर्फ लेखक अथवा कलाकार हो जाने मात्र से किसी व्यक्ति को काम से बचने की बहानेबाजी के लिए मूड का सहारा नहीं लेते रहना चाहिए, वरना हमें पता भी नहीं चलेगा कि कब हमारी यह आदत हमारी कमजोरी बन गई। अक्सर जब हम व्यवस्थित नहीं होते अथवा योजनाबद्ध ढंग से काम नहीं करते तो यह समझ नहीं आता कि काम कहां से शुरू करें और काम शुरू करना चाहते हुए भी हम काम शुरू नहीं कर पाते। मूड न बनने का यह एक बड़ा कारण है। यह एक अनुभूत सत्य है कि यदि हम एक नियत दिनचर्या के हिसाब से चलें और योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें तो मूड की परेशानी स्वतः ही समाप्त हो जाती है। अतः मूड न बनने का बहाना मन में आते ही आत्म-निरीक्षण कीजिए और देखिए कि कहीं आप व्यवस्थित न होने अथवा समुचित कार्य-योजना न होने के कारण तो काम से नहीं बच रहे। इस आत्म-निरीक्षण से सत्य आपके सामने होगा और फिर मूड का इलाज करना आपके लिए आसान हो जाएगा, अन्यथा आप को पता भी नहीं चलेगा और आप मूड के नाम पर खुद ही स्वयं को धोखा देते रहेंगे। प्रयत्नपूर्वक कार्य आरंभ कर देना और उसमें लगे रहना मूड बनाने का सर्वोत्तम उपाय है। आप जब चाहें, जहां चाहें इसे आजमा सकते हैं। इस संबंध में यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि मूड न बन पाने का एक बड़ा कारण हमारा अव्यवस्थित होना है और दूसरा कारण काम की बारीकियों की जानकारी न होना होता है। अव्यवस्थित होने का मतलब यह है कि हमारे आसपास इतने कागज, फाइलें या किताबें पड़ी हों कि काम करने के लिए जगह ही न बचे, या यह न समझ आये कि काम कहां से शुरू करें। अव्यवस्थित होने का दूसरा परिणाम यह है कि हम काम शुरू करने से पहले उस काम से संबंधित सारी आवश्यक चीजें अपने पास न रखें और हमें उन चीजों के लिए बार-बार उठना पड़े जिससे काम में अनावश्यक व्यवधान पड़ता हो, इससे भी या तो मूड उखड़ जाता है या मन भटक जाता है और काम में एकाग्रता नहीं बन पाती जिससे काम या तो गलत हो जाता है या फिर देर से संपन्न होता है। ऐसे ही काम शुरू करने से पहले काम की सांगोपांग जानकारी न होना, काम की बारीकियों को न समझना भी हमारा मूड बिगाडऩे के लिए काफी है। काम शुरू कर देने के बाद जब कठिनाइयां आयें और उनका हल न सूझे तो अक्सर हम बेजार हो जाते हैं और हमारे मन को काम से भागने का बहाना मिल जाता है। अतः काम शुरू करने से पहले काम की बारीकियों को समझना भी आवश्यक है ताकि काम बीच में न रुके या उसमें कठिनाइयां न आयें। कलाकारों और लेखकों में अक्सर यह धारणा पायी जाती है कि कला से जुड़े होने के कारण वे आम आदमी से ज्यादा संवेदनशील हैं। कई बार तो वे अन्य लोगों को अपने से कम काबिल और स्वयं को अपेक्षाकृत ज्यादा संस्कारित अथवा सुसंस्कृत भी मानने लग जाते हैं। एक बार यह भावना मन में आ जाए तो आदमी दूसरों से सीखना बंद कर देता है। हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि लोहार का हथौड़ा चलाना और नाई का बाल काटना भी एक कला है। चित्रकार, मूर्तिकार, रंगकर्मी और लेखक ही नहीं, बल्कि नक्शानवीस, बढ़ई, कुम्हार और लोहार भी कलाकार हैं। कलाकार बनने के लिए अक्षरज्ञान लाभदायक तो है, परमावश्यक नहीं। बढिया से बढिया कलाकार भी घटिया इनसान हो सकता है। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। हम सब जानते हैं कि अच्छा इनसान बनने के लिए कलाकार होना कोई शर्त नहीं है। बल्कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे जहां अच्छे माने जाने वाले लोगों ने कला को फालतू लोगों का शौक माना। इसी प्रकार अधिकारी के रूप में, नियोक्ता के रूप में, पूंजीपति अथवा राजनीतिज्ञ के रूप में लेखकों और पत्रकारों की बेईमानियों के उदाहरण भी कम नहीं हैं। अतः हमें स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि लेखन अथवा किसी भी प्रकार की कला विशेषज्ञता का एक अन्य क्षेत्र मात्र है। लेखक अथवा कलाकार होकर कोई व्यक्ति महामानव नहीं बन जाता, अतः इस बारे में हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। हां, यह अवश्य हो सकता है कि कोई कलाकार, कोई अभिनेता, कोई गायक अपनी कला के कारण आम आदमी से ज्यादा मशहूर हो जाए, लेकिन यह किसी कलाकार को महामानव मान लेना भूल है। कलाकारों की आदतों का जिक्र इसलिए कि बहुत से लोग दूसरे सफल लोगों की नकल करने लगते हैं और उनमें जो नखरे सफलता के बाद आए, उन नखरों की नकल भी करने लगते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि किसी भी क्षेत्र में सफल व्यक्ति अपनी सफलता के कारण अपना मूल्य बढ़ा सकता है।

देश दुनीया से

त्योहारों की वेला में महंगाई का सितम

आजकल भारत में प्याज की बढ़ती कीमतों ने गृहणियों की आंखों में आंसू ला रखे हैं। इससे पहले टमाटर लाल पीला हो रखा था। भारत में कुल प्याज उत्पादन का लगभग 30 फीसदी महाराष्ट्र राज्य में पैदा होता है। महाराष्ट्र में भी सबसे ज्यादा प्याज पैदा करने वाले तीन जिले नासिक, अहमदनगर और पुणे हैं। इस राज्य का लाल प्याज अपने स्वाद और तेज गंध के लिए प्रसिद्ध है। त्योहारी सीजन से पहले टमाटर के दामों में राहत मिले अभी कुछ ही दिन हुए थे कि अब प्याज की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं। पिछले 20 दिनों में प्याज के दामों में जबरदस्त इजाफा हुआ है और यह मूल्य वृद्धि लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। प्याज की बढ़ती हुई कीमतों पर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बढ़ती कीमतों के पीछे बाजार में प्याज की कमी है और जब प्याज की पर्याप्त आपूर्ति बढ़ेगी तो कीमतें नियंत्रण में आ जाएंगी। लेकिन फिलहाल तो आशंका है कि प्याज की कीमतें 100 रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकती हैं। तब तक व्यापारियों के वारे न्यारे हो चुके होंगे और आम आदमी की जेबें खूब ढीली हो गई होंगी। कहीं कहीं सरकार द्वारा 25 रुपए किलो की दर से प्याज उपलब्ध करवाया जा रहा है, लेकिन इससे पूरे देश-प्रदेश के नागरिकों को तो राहत नहीं मिल रही है। इस बात से भी सभी भली-भांति परिचित ही हैं कि आम आदमी तक खाद्य सामग्री पहुंचने से पहले दलालों, बिचौलियों और आढ़तियों की जेबें गर्म हो चुकी होती हैं, जबकि किसानों को कभी भी उनके उत्पादों के सही दाम नहीं मिलते हैं। उल्टे खून पसीना बहाने वाले इन किसानों की कमर कर्ज की मार से झुकी रहती है। रिटेल बाजार में खाद्य पदार्थों और सब्जियों के दाम चाहे कितने भी क्यों न बढ़ जाएं, लेकिन किसान वर्ग को इसका फायदा कभी भी नहीं मिलता है। इसके विपरीत जमाखोरों-स्टोरियों द्वारा जमकर खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी की जाती है और बाजार में वस्तुओं का कृत्रिम अभाव पैदा कर महंगाई को बढ़ाकर चोखा मुनाफा कमाया जाता है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी आंकड़ों में पिछले कुछ दशकों से घरेलू सब्जी उत्पादन एवं अनाज की पैदावार में बढ़ोतरी दर्ज की गई है तो वहीं दूसरी तरफ बंदरों के उत्पाद और बेसहारा पशुओं की टोलियों के चलते अधिकतर जगहों पर कृषि कार्यों में आ रही परेशानियों के चर्चे भी अक्सर सुनने को मिलते रहते हैं। जो छोटे किसान अपनी मेहनत के बलबूते थोड़ा बहुत अन्न एवं सब्जी उत्पादन कर भी रहे हैं तो उनकी सबसे बड़ी समस्या अपनी वस्तुओं की बिक्री को लेकर है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन को यह पता ही नहीं है कि बाजारों में सब्जियों के दामों और अन्य खाद्य वस्तुओं का क्या हाल है और अधिकारी वर्ग अपनी कुर्सियों तक सीमित होकर रह गए हैं। आज से 30-35 वर्ष पूर्व जब कभी भी महंगाई का जिन्न अपना सिर उठाता था तो विपक्षी दलों द्वारा जरूर धरना प्रदर्शन और विरोध प्रदर्शन की खबरें देखने सुनने को मिलती थीं। लेकिन अब जैसे राजनीतिक दलों को आम जनता को होने वाली परेशानियों से कोई लेना देना ही नहीं है। हिमाचल प्रदेश में नवम्बर महीने की शुरुआत तक सब्जियों की पैदावार बढऩे के साथ ही इनके दाम नीचे आ जाते थे, लेकिन इस बार ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ रहा है। बाजार में टमाटर 40, तो हरा मटर 140 रुपए पार बिक रहा है। अदरक 160 रुपए तो बाकी सब्जियों के मूल्य भी लगभग 60 रुपए पार ही हैं और खुदरा दुकानदार मोटा मुनाफा कूटने में जुटे हुए हैं। मूल्य सूची तो शायद ही कोई दुकानदार लगाता होगा, बिल देना तो दूर की कौड़ी समझिए। बाजारवाद की लूट में अधिकांश व्यापारियों की मौज लगी हुई है और वस्तुओं के मूल्यों पर सरकारी नियंत्रण कहीं नहीं दिखलाई पड़ रहा है। आम ग्राहक सरेआम लुट रहा है।

> त्योहारी सीजन से पहले टमाटर के दामों में राहत मिले अभी कुछ ही दिन हुए थे कि अब प्याज की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं। पिछले 20 दिनों में प्याज के दामों में जबरदस्त इजाफा हुआ है और यह मूल्य वृद्धि लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। प्याज की बढ़ती हुई कीमतों पर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बढ़ती कीमतों के पीछे बाजार में प्याज की कमी है और जब प्याज की पर्याप्त आपूर्ति बढ़ेगी तो कीमतें नियंत्रण में आ जाएंगी। लेकिन फिलहाल तो आशंका है कि प्याज की कीमतें 100 रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकती हैं। तब तक व्यापारियों के वारे न्यारे हो चुके होंगे और आम आदमी की जेबें खूब ढीली हो गई होंगी। कहीं कहीं सरकार द्वारा 25 रुपए किलो की दर से प्याज उपलब्ध करवाया जा रहा है, लेकिन इससे पूरे देश-प्रदेश के नागरिकों को तो राहत नहीं मिल रही है।

कुछ अलग

'डीपफेक' के भयानक खतरे

फिल्म अभिनेत्रियों रश्मिका मंधाना औा कैटरीना कैफ के 'डीपफेक' वीडियो बनाकर दुनिया भर में जिस तरह प्रसारित किए गए, उससे लगता है कि हम, मनुष्य, कितने असहाय और असुरक्षित हैं। कृत्रिम बौद्धिकता किस तरह हमें छल सकती है और अपना शिकार बना सकती है। इस प्रौद्योगिकी पर विश्व इतरा रहा है और सार्वजनिक इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। मनुष्य अहंकार में है कि उसने एक और मानव-जाति की रचना कर ली है। वह नहीं जानता कि यह मानवता के लिए कितना खौफनाक खतरा है, संकट है! 'डीपफेक' बनाना मुश्किल नहीं है। उसके रचयिता चेहरे और आवाज की नकल करने में सक्षम हैं। यह किसी की भी गरिमा, पहचान और स्वायत्तता का ही संकट नहीं है, बल्कि इस धोखाधड़ी से राष्ट्रीय विद्रोह पनप सकता है। दो देशों के संबंधों में तनाव फैल सकता है। सांप्रदायिक दंगे फैल सकते हैं। अफवाहें एक सच बनकर समाज और देश में व्याप्त हो सकती हैं और उनके फलितार्थ कितने भी भयानक हो सकते हैं। धोखा और दुष्प्रचार एक लोकतंत्र को पलट भी सकते हैं। वित्तीय फ्रॉड किए जा सकते हैं। कुल मिलाकर राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवता के लिए गंभीर संकट पैदा हो सकते हैं। दरअसल हमें आसान और बनी-बनाई जिंदगी की आदत पड़ गई है। आखिर कृत्रिम बौद्धिकता की जरूरत ही क्या है? जब यह नहीं थी, तो क्या नए आविष्कार नहीं किए गए? क्या मनुष्य अंतरिक्ष में नहीं गया? क्या नए और सशक्त साहित्य की रचना नहीं की गई? हम स्वावलंबी थे, तो क्या हमारी हड्डियां, बाहें-टांगें टूट गई थीं? आज इतने पराश्रित क्यों हो रहे हैं हम? क्योंकि हम आलसी होते जा रहे हैं। उसी का गलत फायदा 'डीपफेक' जैसी प्रौद्योगिकी उठा रही है। जिसकी रचना ही 'कृत्रिम' है, वह एक जीते-जागते मनुष्य का विकल्प कैसे हो सकती है? 'डीपफेक' ने यहां तक साजिश रची थी कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को 'नकली' बनाया और सेनाओं को आदेश दिया कि वे रूसी सेनाओं के सामने आत्म-समर्पण कर दें। इस आदेश से यूक्रेनी सेना में अपने ही राष्ट्रपति के प्रति असंतोष भडक़ उठा। वक्त रहते असलियत समझ में आई और हालात पर काबू पा लिया गया। अलबत्ता 'डीपफेक' ने तो अराजकता और विद्रोह के बीज बो ही दिए थे। ब्रिटेन की एक ऊर्जा कंपनी के मुखिया नकद पैसा भेजने की धोखाधड़ी के शिकार हो गए, क्योंकि कंपनी के जर्मन सीईओ ने फोन किया था। दरअसल वह फोन कॉल ही 'डीपफेक' थी और आवाज नकली बना कर फोन किया गया था। बहरहाल अब भारत में भी नकलीपन की यह बीमारी जड़ें फैला चुकी है, लेकिन हमारे देश में कड़ी सजा की कोई कानूनी धारा नहीं है। अलबत्ता सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि सोशल मीडिया और इंटरनेट कंपनियां, जिनमें आईटी मध्यस्थ कंपनियां भी शामिल हैं, रूल 3(2)(बी) के तहत किसी भी फर्जी वीडियो और पोस्ट को शिकायत के 24 घंटे के भीतर ही हटाएं अथवा उस तक किसी की पहुंच संभव न हो सके। मंत्रालय ने यह भी घोषणा की है कि 'डीपफेक' के दोषियों को 3 साल की अधिकतम जेल और एक लाख रुपए का आर्थिक दंड भुगतना पड़ेगा। यह अधिकतम सजा है, जिसे न्यायाधीश कम करके भी सुना सकते हैं। सवाल यह है कि एक बार किसी का 'डीपफेक' वीडियो सार्वजनिक हो गया, तो वह अल्पकाल में ही करोड़ों लोगों तक पहुंच सकता है। उसकी निजता, गरिमा, पहचान को नुकसान हो जाएगा।

दृष्टिकोण

शिक्षा और परोपकार

बिन विद्या नर पशु समान। न जाने कितने बरसों से सुनते आ रहे हैं। देश आजाद हुआ तो शिक्षा क्रांति की घोषणा कर दी गई थी। अब इस अशिक्षित भीड़ भरे देश में कोई पढ़े-लिखे बिना नहीं रहेगा। पढ़ाई का प्रमाणपत्र, डिग्रियां हर बच्चे के हाथ में होंगी। वे नौकरी के लिए कतार लगा बरसों इन्तजार नहीं करेंगे। रोजगार दफ्तरों की धूल फांक-फांक कर आखिर उनके चक्कर लगाना बंद नहीं कर देंगे। हालात कुछ इस कद्र हो जाएंगे कि नौजवान पढ़-लिख कर इनके चक्कर लगाने के बजाय ठेके पर विदेश भिजवाने के संदिग्ध दफ्तरों के बाहर चक्कर लगाना शुरू कर देंगे। फिर भी कोई नहीं पूछता कि इतने लोग रोजी रोटी की तलाश में अपना देश छोड़ कर दूसरे देश कैसे पहुंच गए? अवैध रूप से वहां पहुंचे लोग नम्बर दो के असामान्य प्रवासियों के रूप में जीवन जीने के लिए तैयार हैं, लेकिन अपने देश में अव्वल दर्जे का नागरिक बन जाने के लिए प्रस्तुत नहीं। क्योंकि वहां अव्वल दर्जे का नागरिक बन कर जीने का अर्थ है, रोजगार मेलों में नौकरी मांगने के लिए भटकते रहना, फिर हास्यास्पद वेतन पर काम करने के लिए हामी भरना। मनरेगा के नाम पर ऐसी दिहाडियों को सिर माथे पर लेना जो इन्हें नौकरी करते हुए भी भुखमरी की सौगात दे सकें। नहीं तो भला बताइए देश की तरक्की के निरन्तर दावों के बीच देश भुखमरी सूचकांक में कुछ पायदान नीचे क्यों उतर गया? जो भूख से मरे उनमें पढ़े-लिखे कितने थे, और अनपढ़ कितने? भूख से आई मौत तो शिक्षित अशिक्षित का अन्तर नहीं करती। पढ़ा-लिखा काम करने को न जाने कब से तैयार बैठा है, और सरकारी तौर पर उसे पकौड़े बेचने की सलाह दी जा रही है। विद्या मंदिर, जिन्हें शिक्षालय कहा जाता है, जहां सरस्वती की पूजा होनी चाहिए, वहां पूजक नदारद होते जा रहे हैं। उनके इर्द-गिर्द आईलैट्स अकादमियां कुकुरमुत्तों की तरह उग आई हैं। वहां पढने वालों की नहीं विदेश भाग सकने वालों की भीड़ लगी है। ऐसे विशेषज्ञ मिल जाते हैं, जो बताते हैं कि मान्य पलायन के लिए अपेक्षित बैंड न भी मिले तो भी उन्हें परदेस भिजवा दिया जाएगा। यह दीगर बात है कि चाहोगे अमरीका या विलायत जाना, और पहुंचोगे अरब और अफ्रीकी देशों में। चांद सितारों को छूती अटारियां पाने की तमन्ना के साथ विदेश पलायन की होड़ लगायी थी, अब यहां पहुंचे तो छुप-छुप कर जीना पड़ता है। आखिर यहां भी तो सेना क्षेत्रों के नाम पर क्रीत दासों की जरूरत पड़ती रहती है, अतः स्वागत। वहां पहुंच गए तो पीआर से लेकर ग्रीन कार्ड की जरूरत पड़ती रहेगी। जो अपना आधार कार्ड न कर सके, शायद वे ग्रीन कार्ड कर सकें। उम्मीद रखो। और इधर यह देश जो युवाशक्ति का देश है, वहां किंकत्तव्य-विमूढ़ अपने नौजवान हैं। मुख्यमंत्री कहते हैं, 'उनके राज्य की सबसे बड़ी विलक्षणता यह है कि अब यहां नौकरी पाने के लिए रिश्वत नहीं देनी पड़ती' और विश्व का भ्रष्टाचार सूचकांक बताता है कि भारत का भ्रष्टाचार सूचकांक चारों खाने चित्त है। भ्रष्टाचार उन्मूलन के ऊंचे नारों के बावजूद आज भी वह उसी निम्नतम स्तर पर खड़ा है, जैसे कल खड़ा था, बल्कि अब तो यह हालत हो गई है कि देश में कोई काम केवल सम्पर्क के बल पर नहीं होता।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, गुरुवार, 16 नवंबर 2023 | पेज 7

जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

उपायुक्त ने जिलेवासियों को दी राज्य स्थापना दिवस की शुभकामना

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : धरती आबा बिरसा मुण्डा की जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में विकास मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान माननीय विधायक वैद्यनाथ राम, उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एवं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी समेत उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने जिलेवासियों को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा जल जंगल जमीन पर अधिकार की रक्षा के लिए अंग्रेजो के विरुद्ध उलगुलान करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा का आज जन्मदिवस है। उन्होंने झारखण्डवासियों को अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने की सीख दी है।15 नवंबर 2023 को झारखण्ड राज्य का गठन हुआ था द्य आगे उन्होंने कहा वर्तमान राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं के माध्यम से राज्य विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त हिमांशु मोहन ने सभी को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के जन्म दिवस और झारखंड राज्य स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज गौरव का दिन है कि आज हम सभी झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस को मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी जिले के विकास में अपनी भागीदारी दें द्य इस दौरान उपायुक्त ने जिले में किये जा रहे विकास संबंधी कार्यो की जानकारी भी दिया। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा एवं राज्य स्थापना दिवस के मौके पर हम जिले के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लें द्यउप विकास आयुक्त ने कहा भगवान बिरसा मुण्डा के कार्य एवं उनका बलिदान हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुँचाने लिए जिला प्रशासन की टीम पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। विकास मेला कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल प्रदर्शनी लगाकर लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।विकास मेला कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान दो सौ अठहत्तर करोड़ रूपये राशि की कुल 31 योजनाओं का शिलान्यास एंव उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो0 परवेज, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, अन्य पदाधिकारी समेत विधायक मनिका के प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, बीस सूत्री सदस्य आफ़ताब आलम एवं अन्य उपस्थित थे।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया नमन

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड राज्य स्थापना दिवस धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उपायुक्त अबू इमरान की नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल सहित अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके संघर्षो और बलिदानों को याद किया।राज्य स्थापना दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय के साथ साथ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने वीडियो सहित प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को जिला भु अर्जन अधिकारी राजेश कुमार ने बीडीओ, बीएलओ सहित प्रखंड के विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी बीएलओ को कई दिशा निर्देश दिया गया साथ ही आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन का तैयारी के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर भू अर्जन अधिकारी राजेश कुमार के अलावे वीडियो सोमा उरांव प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमरेश पांडे बाल विकास परियोजना कार्यालय पर्यवेक्षिका कामिनी कुमारी सहित कई बीएलओ एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा पंचायत के, करमाही(पुकचु) ग्राम में राजी पहाड़ा सरना प्रार्थना सभा भारत के बैनर तले 23 वां झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती धुमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मुनिया उरांव ने दिप प्रज्वलित कर , माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। इसके पश्चात बारी बारी से जिला अध्यक्ष अशोक उरांव जिला सलाहकार सचु उरांव प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव सुरेश उरांव प्रखंड महासचिव डॉ रामप्रीत लोहरा एव समिति के गणमान्य सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर श्रधा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम का संचालन सचु उरांव ने किया, इस अवसर पर रामप्रीत लोहरा ने झारखण्ड राज्य की मांग से लेकर झारखण्ड राज्य के स्थापना तक की इतिहास की जानकारी दी। राजू उरांव, राजदेव उरांव और रामू उरांव ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय के साथ उनके कार्यो का उल्लेख किया। जिला उपाध्यक्ष मुनिया उरांव, के संबोधन एवं जिला अध्यक्ष अशोक उरांव के धन्यवाद भाषन के साथ कार्यक्रम की समापन किया गया। मौके पर, मिडिया प्रभारी सुरेश उरांव, राजकुमार उरांव, मुनीया उरांव, सरिता उरांव, झालो उरांव, राजू उरांव बालूमाथ से मनिष उरांव राजकुमार उरांव सहित भारी संख्या मे आदिवासी समुदाय महिला पुरुष पारम्परिक वेशभूषा व वाद्य यंत्र के साथ उपस्थित रहे और मनमोहन कला संस्कृति की प्रस्तुतियां की।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली जाकर सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष भाजपा अशोक शर्मा सहित अन्य नेताओं ने किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली जाकर सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थली पर जाकर भी श्रद्धांजलि दी है। गौरतलब है कि खूंटी जिला अंतर्गत उलिहातु गांव में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म स्थान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके जन्म स्थान पर जाकर आज ही के दिन श्रद्धांजलि दी है। झारखंड राज्य का स्थापना भी भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिन पर ही हुआ है।चतरा जिला भाजपा की टीम के साथ साथ सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली पर स्थित स्मारक स्थल,बिरसा मुंडा संग्रहालय आदि प्रमुख स्थल का दर्शन किए। गौरतलब है कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के जन-जन में व्याप्त है एवं अत्यंत ही लोकप्रिय है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था। इनका पैतृक गांव खूंटी जिला के अड़की प्रखंड अंतर्गत ऊलिहातू गांव है ।भगवान बिरसा का परिवार उलगुलान होने तक चलकढ़ में बीता और इनका बचपन वही बीता था। बिरसा के आंदोलन से नए धर्म का सूत्रपात हुआ था जिसे बिरसाइत धर्म कहा जाता है।भगवान बिरसा अहिंसा के पुजारी थे। वन भूमि संबंधी अधिकारों की मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन का इन्होंने नेतृत्व किया इसी कारण लोगों द्वारा बिरसा को धरती आवा भी कहने लगे। हालांकि आंदोलन के क्रम में 22 अगस्त 1895 में गिरफ्तार भी किया गया था। इन पर मुकदमा भी चला। डोंबिवारी पहाड़ बिरसा आंदोलन का केंद्र बिंदु था। झारखंड राज्य की स्थापना भी उनके जन्मदिन 15 नवंबर को ही हुआ था। भगवान बिरसा को झारखंड की जनता धरती आबा भी कहते हैं। भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता अक्षयवट पांडे, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, रामदेव सिंह भोक्ता, भाजयुमो के प्रदेश मंत्री अमित कुमार, विजय चौबे, सहित अन्य मौजूद रहे।

कायस्थ समाज के लोगों ने किया चित्र की पूजा

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड में स्थित कायस्थ समाज के लोगों ने धूम धाम चित्रगुप्त भगवान का पूजा बुधवार को किया। इस दौरान समाज के लोगो ने विधि पूर्वक दवात कलम की पूजा कर चित्रगुप्त भगवान के समीप अपना आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। प्रखंड के गांगपुर इचाक सिंदुआरी में चित्रगुप्त की पूजा किया गया। इसमें मुख्य रूप से कमला प्रसाद सुभाष प्रसाद सनुज कुमार सिन्हा अरविंद कुमार सिन्हा अनमोल सिन्हा सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

सलगा+कटघरा में किया गया ग्राम संगठन का मासिक बैठक

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड पंचायत के अंतर्गत सलगा गांव में सलगा +कटघरा महिला आजीविका संगठन की मासिक बैठक बुधवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता भीओ के सचिव सुनीता देवी ने किया। बैठक में इसी 2 से संबंधित सभी कार्यों का निपटारा किया गया। जिसमें समूह से किस्त ब्याज की राशि को भीओ में वापस करवाना तथा भीओ से सीएलएफ में किस्त ब्याज की राशि ट्रांसफर करवाना इत्यादि कार्यो पर बैठक में महिलाओं ने निपटारा किया। बैठक में उपस्थित नीतू देवी गायत्री देवी प्रतिमा देवी पुष्पा देवी किरण देवी मनोरमा देवी बेबी कुमारी एवं दर्जनों महिला उपस्थित थी।

कारी खुर्शीद की ईलाज के दौरान मौत जनाजे में 25 हजार की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के सिमरिया गांव निवासी कारी खुर्शीद की मौत इलाज के दौरान हो गयी ।जहां उनकी स्थानीय कब्रिस्तान सिमरिया में सुपुर्द खाक किया गया। उनके जनाजे में जिले से लेकर अन्य जिले के लगभग 24 से 25 हजार की ऐतिहासिक भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुशार कारी खुर्शीद हसमुख एवं शांति प्रिय मिजाज के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। वे इस्लाम पसंद व्यक्ति थे। वे दिन के लिए अपने जिले से दुशरे जिले में अक्सर जाया करते थे। जिसके कारण उनका एक अलग पहचान बनी हुई थी। वे एक सप्ताह से बीमारी से परेशान थे। उनका ईलाज रांची के कई हॉस्पिटल में किया जा रहा था। अंत में रिम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि को अंतिम सांस ली और दुनिया को अलविदा कर दिए। जहां उनका जनाजे में लगभग 25 हजार की भीड़ उमड़ पड़ी। सिमरिया कब्रिस्तान मैदान में जनाजे के भीड़ यह एक ऐतिहासिक भीड़ थी। बता दें कि इंशान को एक अपनी पहचान होती है।जो कभी खोना नहीं चाहिए। उनकी इंशानियत और चाहने वालों की जमात तब मालूम होती जब उनकी सासे थम जाती है। और चाहने वालों की भीड़ जनाजे में उमड़ पड़ती है।

वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है : ब्रह्मदेव प्रजापति

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा चंदवा के जमीरा पंचायत में एक दिवसीय रक्तदान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जेएमएम युवा मोर्चा चंदवा के अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमारा वक्त और रक्त का हर कण बहुत ही बहुमूल्य है, हम रक्तदान करके कई जिंदगी बचा सकते हैं।उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक यूनिट ब्लड चार जिंदगियां बचा सकता है। क्योंकि खून से निकाले जाने वाले चार कंपोनेंट अलग-अलग बीमारियों में मरीज के काम आते हैं। रक्तदान वालों में पवन कुमार लाल, अंकित कुमार सिंह, अवदेश कुमार, संध्या बाला देवी, कुमार नवनीत के नाम शामिल है। शिविर में मुख्य रूप से झारखंड प्रांत के एसएफएस सह संयोजक कुमार नवनीत, एलटी हरिशंकर मिश्र, एलटी जुनैद अली, वाहन चालक सुरेंद्र बड़ाइक समेत कई पंचायतवासी उपस्थित थे।

बेहतर प्रबंधन समिति के कार्यों के प्रति जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखण्ड में स्थित सूर्य मंदिर लोटर डैम छठ घाट में चतरा लोक सभा क्षेत्र के सांसद डा.सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल छठ घाट पहुंचे। इस क्रम में प्रखंड मुख्यालय के लोटर छठ घाट पर बेहतर प्रबंधन को देखकर प्रतिनिधिमंडल ने हर्ष व्यक्ति किया। साथ ही साथ बेहतर साज सजा व सुसज्जित ढंग से किये जा रहे कार्य को लेकर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कविंद्र कुमार एवं समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। जबकि छठ पूजा में भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। वही प्रीनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रखंड प्रशासन से आग्रह किया। कि प्रखंड के अन्य छठ घाटों का भी साफ सफाई करना सुनिश्चित करें। ताकि छठ व्रतियों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। एवं छठ घाट का रास्ता सुगम व सुंदर हो सके। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा कर रहे थे। मौके पर गिद्धौर के पूर्व मुखिया राजेश कुमार लखन दांगी बबलू कुमार साव सुनील कुमार राणा विकास कुमार पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामानंद दांगी छठ पूजा समिति के सदस्य मुकेश कुमार मंटू कुमार वर्ड नंबर 13 के वार्ड सदस्य अमीर दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना के अंतर्गत बरटा गांव के झुरी टांड के समीप एक युवक मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर पूलिया में जा टकराया। जिससे युवक काफी ज्यादा चोटिल हो गया। और माथा एवं मुख में ज्यादा चोट लगी है। युवक को इलाज के लिए ग्रामीणों की तत्परता से गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। जहां से बेहतरीन इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। युवक का हालत गंभीर है। युवक गिद्धौर गांव के निर्मल पांडेय का पुत्र सोनू कुमार पांडेय उम्र लगभग 19 वर्ष बताई जा रहा है।

सरकारी कामों में बरता जा रहा है घोर अनियमता विभाग है मौन

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत में किए जा रहे सीसीएल के डीएमएफटी फंड एवम् सीसीएल के द्वारा सीएसआर मद के तहत हो रहे विकास कार्यों में संवेदकों के द्वारा बरता जा रहा है घोर अनियम्ता। ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर संवेदकों के द्वारा किया जा रहा है कड़ी कार्रवाई। आखिर निर्दोष कौन? संवेदक या ग्रामीण? यह एक कड़ी जांच की विषय है। अगर ग्रामीणों के द्वारा जांच कराया गया तो संवेदक पकड़े जाएंगे घोर अनियम्ता के आरोप में फिर भी विभाग मौन है इसका जवाब जनता चाहती है क्या संबंधित विभाग संवेदकों से पैसा खाकर चुप लगाए हुए गलत कामों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह एक बहुमूल्य जांच का विषय है।

जिप सदस्य के धरना-प्रदर्शन के बाद भी दो माह से राशन वितरण नहीं

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह प्रखंड में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की मौज है। जहां प्रत्येक डीलरों के राशनकार्ड में कई मृत व्यक्तियों, शादी शुदा महिलाओं का यूनिट है जिसके खाद्यान्न का आवंटन हो रहा है उस आवंटन को डीलर या लाभुक अवैध तरीके से हजम कर रहे हैं। वहीं डीलरों के क्लोजिंग बैलेंस से राशन कटौती होने पर उसकी भरपाई करने में बड़े पैमाने पर राशन कार्डधारियों का राशन काटा गया है जिसे लेकर कई बार पत्राचार के साथ प्रतिनिधियों द्वारा ब्लॉक परिसर में हंगामा हुआ है जिसमें छेंचा पंचायत अंतर्गत ग्राम चपरी के दबंग डीलर नागेश्वर राम के दो माह से राशन वितरण नहीं करने के खिलाफ जिप सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के अगुवाई में धरना प्रदर्शन भी किया गया था जो कि संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में है।उस दौरान माह अगस्त और सितंबर के खाद्यान्न का वितरण शिकायत करने वाले कार्डधारियों के बीच बीस बीस किलोग्राम चावल उपलब्ध कराया गया था और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के आश्वासन के बाद मामले को शांत किया गया था। जहां संबंधित पदाधिकारी का आश्वासन अबतक कायम है । बुधवार को संबंधित डीलर द्वारा माह अगस्त, सितम्बर और अक्तूबर का पर्ची निकालने के बाद उन्हें राशन नहीं देने पर मजबूर कार्डधारियों ने खाद्यान्न उपलब्ध कराने की गुहार जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से लगाई है। वहीं खाद्यान्न की मांग करने वालों में कसोरा देवी राधा देवी, रमनी मसोमात,धानो देवी, सरिता देवी, सोना देवी, चिंता देवी, रुबी देवी, रुदनी देवी, सुनीता देवी, वृंदा प्रसाद, पूनम देवी, मालती देवी, सीता देवी, शोभा देवी समेत कई कार्डधारी शामिल हैं। वहीं इस मामले में जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि राशन वितरण कराने की जिम्मेदारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की है जो उनकी लापरवाही के कारण अबतक राशन वितरण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत उपायुक्त के साथ संबंधित मंत्री से की जाएगी।

टंडवा सांसद प्रतिनिधि और मुख्यालय डीएसपी ने किया छठ घाट का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर टंडवा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। तेलियाड़ीह छठ घाट का निरीक्षण टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय एवम चतरा मुख्यालय डीएसपी केदार राम के द्वारा किया गया। टंडवा प्रखंड के सबसे घनी आबादी वाले गांव तेलियाडीह है जहां के छठ घाट पर करीब दो सौ लोग छठ वर्ती छठ पूजा करते हैं। स्थानीय मुखिया महावीर साहु, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी व वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह की उपस्थिति में तालाब के गहरे पानी से बचाव हेतु बैरेकेटिंग के लिए कहा गया एवम साफ सफाई के लिए निर्देशन किया गया। इसके अलावा अन्य छठ घाटों का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री संजीव कुमार पांडेय, मुकेश आनंद, महेश साव व अन्य उपस्थित थे।

अमझर नदी का प्रशासन के पहल पर छठपूजा मनाने को लेकर किया गया साफ सफाई

प्रतापपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रतापपुर में लोक आस्था का महापर्व छठपूजा लेकर को लेकर पावन नदी अमझर नदी की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है।अमझर नदी में साफ सफाई व अंतिम रूप प्रखंड प्रशासन के द्वारा दी जा रही है।इसको लेकर सीओ नित्यानन्द दास, बीडीओ अजय कुमार दास व पुलिस निरीक्षक लव कुमार के पहल व देखरेख मे किया गया है।अमझर नदी मे छठव्रतियो के लिए नदी की साफ सफाई के साथ पानी जमाव की व्यवस्था, घाट बनाने की व्यवस्था किया जा रहा है।अमझर नदी मे जेसीबी चलाकर साफ सफाई,भूमि को समतल करने का काम, झाडियो की साफ सफाई किया जा चुका है। लाईटिंग की व्यवस्था भी किये जाने की तैयारी किया जा रहा है ।इस काम के लिए कसमार के समाजसेवी को जिम्मेवारी दी गई है। बता दे कि प्रखंड में बारिस नही होने पर पूर्व मे दो बार अमझर नदी में छठ पूजा धूमधाम से मनाया गया है। वही प्रशासन के अमझर नदी में छठपूजा को लेकर किया जा रहा साफ सफाई व अन्य व्यवस्था के लाख दाबे के बाबजूद प्रखंड के पूर्व के छठपूजा कमेटी के सदस्यो व युवाओ ने सुखनदिया (जेनेवा) नदी की साफ सफाई व छठपूजा को लेकर कई प्रकार की व्यवस्था करने मे लग गये है।युवाओ की टीम प्रखंड स्थित जयप्रकाश डैम से छठघाट मे पानी लाने की व्यवस्था कर रहे है।छठघाट की साफ सफाई,पानी जमाव की व्यवस्था, सडक की मरम्मति, लाईटिंग,डेकोरेशन,छठपूजा हेतू पंडाल, छठव्रतियो के लिए अलग से स्नान घर व पांनी टैंकर की व्यवस्था किया जा रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
हजारीबाग
रांची, गुरुवार, 16 नवंबर 2023 | पेज 8

बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के ऐसे नायक रहे, जिनको लोग आज भी गर्व से याद करते हैं : अंकित

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता): आज बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर द गाइड इंस्टिट्यूट के शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी के बारे में बताया गया।भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 में मुंडा जनजाति के गरीब परिवार में झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू गांव में हुआ था। बिरसा की प्रारंभिक शिक्षा चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में हुई पढ़ाई के दौरान ही बिरसा की क्रांतिकारी तेवर का पता चलने लगा था। बिरसा मुंडा ने सरदार आंदोलन में भाग लिया वीरता ने एक दिन घोषणा की वह पृथ्वी पिता यानी धरती आबा है। उनके अनुयायियों ने भी इसी रूप को माना। पहली बार ब्रिटिश सत्ता ने 1895 में बिरसा मुंडा को गिरफ्तार किया तो धार्मिक गुरु के रूप में मुंडा समाज में स्थापित हो चुके थे। तब बिरसा और उनके सहयोगियों को दो साल की सजा हुई थी, बिरसा मुंडा ने रांची जेल में 9 जून 19 00 को हैजा के कारण बिरसा ने अंतिम सांस ली और आनन-फानन में कोकर पास डिस्टलरी पुल के निकट उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। और इस तरह से एक युग का अंत हुआ जाते-जाते बिरसा मुंडा ने लोगों के जीवन पर ऐसी छाप छोड़ी की आदिवासियों ने उन्हें भगवान का दर्जा दे दिया।

कपका पंचायत सचिवालय में बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया

बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के कपका पंचायत सचिवालय में बुधवार को स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की विविधत शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम मुखिया एवं उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने संयुक्त रूप से केंडल जलाकर भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मुखिया कमलेश कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा न केवल आजादी में योगदान दिया था बल्कि उन्होंने आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए भी कई कार्य किया इसलिए आदिवासी समुदाय के लोग उन्हें भगवान मानते थे। आगे उन्होंने कहा कि हम सभी को पंचायत व क्षेत्र की विकास के लिए निस्वार्थ भावना से कार्य करना होगा और विकास कार्य के लिए हमेशा प्रयासरत रहना होगा। तभी एक सशक्त पंचायत और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। मौके पर उप मुखिया बैजनाथ मंडल , ब्लॉक कोर्डिनेटर संतोष कुमार,जलसहिया मीना देवी सुनीता देवी एवं गुड़िया देवी वार्ड सदस्य रंजीत कुमार मंडल सुनील कुमार इंद्रदेव प्रसाद पंडित सुनील रविदास, सुनिल प्रसाद, संजय रविदास, तारकेश्वर ठाकुर, अर्जुन प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

किरण मुंडा एसटी केंद्रीय विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के ग्राम तालाटांड़ किरण मुंडा एसटी केंद्रीय विद्यालय परिसर में बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से विधालय के संचालनकर्ता केंद्रीय अध्यक्ष धरम गुरु कृष्णा उरांव (जय सरना ट्रस्ट,हजारीबाग) ने बिरसा मुंडा को माल्यार्पण व दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद बच्चों द्वारा झारखंडी आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के उलगुलान को याद किया।विधालय की प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल,जंगल,जमीन के संरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी थी। हम सभी को उनके कर्म से प्रेरणा लेने व स्मरण करना चाहिए। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहने व जब तक सुरज चांद रहेगा बिरसा तेरा नाम रहेगा का नारा दिया। मौके पर पाहन नरेश मुंडा,पाहन ब्रजेश मुंडा,ललकी देवी वर्षा मुंडा,शिक्षकगण-कुमारी लक्ष्मी मुंडा,प्रिया खलखो,संदीप उरांव,पुजा कुमारी,बादल मुंडा आदि उपस्थित थे।

प्रखंड सभागार में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयन्ती

विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में भगवान बिरसा मुंडा की 148 वीं जयन्ती तथा झारखंड स्थापना दिवस के सुअवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।आयोजित जयन्ती समारोह में मुख्य रूप से बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ रामबालक कुमार,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,बीपीओ राजमोहन वर्मा,बीपीएम रामगिरि,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल,बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा,मुखिया निर्मल कुमार,विनय कुमार दास,राणा इकबाल खान,राजू श्रीवास्तव, जेई नीरज कुमार,राजीव कुमार गुरु,माही पटेल,कौलेश्वर यादव,सादिक़ अंसारी,गौतम कुमार समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे।

जमुनियां नदी छठ घाट,तारा नदी छठ घाट का बीडीओ एवं सीओ ने लिया जायजा

विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ ,चेडरा पंचायत में जमुनियां डैम से निकलकर गुजरने वाली उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी घाट की साफ-सफाई का बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ रामबालक कुमार एवं मुखिया निर्मल कुमार ने निरीक्षण किया।विष्णुगढ़ के सबसे प्राचीन एवं सबसे बड़ी घाट जमुनियां नदी के घाटों के निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने छठव्रतियों की सुविधाओं जैसे स्थाई चेंजिंग रूम बनाने,छठ घाट स्वच्छ हो,टूटे छठ घाटो की मरम्मति समेत छठव्रतियों के आने वाले मार्ग की साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावे बीडीओ एवं सीओ ने विष्णुगढ़ के तारा नदी के घाट एवं हाई स्कूल के पीछे जमुनियां नदी की सफाई एवं अस्थाई घाट निर्माण की बात कही।इस मौके पर मुख्य रूप से आनन्द राम,राजेन्द्र प्रसाद सिंह,नवलकिशोर वर्मा,बबलू सिंह,प्रयाग सोनी,वरुण कुमार,पीयूष कुमार समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

जतरा मेला टांड़ में झारखंड स्थापना दिवस पर हुआ भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा अनावरण

वर्षो का परिश्रम हुआ सफल जतरा मेला टांड़ को मिली पहचान : नेत्री कविता कुमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत खोडाहर पंचायत के जतरा मेला टांड़ में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आदिवासी समाज के कड़ी मेहनत एवं परिश्रम के बाद भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा स्थापित किया गया। प्रतिमा का विधिवत अनावरण भगवान बिरसा मुंडा के जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर किया गया। जिसमे बरही के प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक दल के लोग शामिल हुए। इस मौके पर बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ राम नारायण खलखो, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, काग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जेबीकेएस के युवा नेता संजय मेहता, जेबीकेएसएस नेता कृष्णा यादव, झामुमो के विनोद विश्वकर्मा, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, महिला नेत्री कविता कुमारी, विहिप जिला सहमंत्री सह जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं पूर्व विधायक मनोज यादव ने भी माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी मुख्य अतिथियों द्वारा एक एक कर भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के भारत के आजादी में दिए गए योगदानों पर प्रकाश डाला। बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी बच्चों को कहा कि आप सबको भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चल पढ़ लिखकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता है, इसी से भगवान बिरसा मुंडा को सच्ची श्रद्धांजलि दिया जा सकेगा। सीओ राम नारायण खलखो ने कहा की भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्षो भरा था। उन्होंने संघर्ष कर समाज में बदलाव किया। साथ ही राष्ट्र की आजादी में भी महत्ती भूमिका निभाया। हमे उनके जीवन से शिखने की आवश्यकता है। इस बाबत स्थानीय महिला नेत्री कविता कुमारी ने बताया कि कड़ी मेहनत एवं परिश्रम के बाद आज हमारे क्षेत्र का प्राकृतिक के गोद में बसा जतरा मेला टांड़ को उसका पहचान मिला है, प्रतिमा स्थापित होने से अब जतरा मेला टांड़ की पहचान भगवान बिरसा मुंडा मैदान के रूप में भी हो पाएगा। मौके पर ग्रामीणों में दिलीप एक्का ने धन्यवाद ज्ञापन, मंगल उराँव, मनीष एक्का, रंजीत मिंज, शामू उराँव, सुखदेव उराँव, राजू तिर्की, अमृत उराँव, दिनेश उराँव, शशि बाड़ा, झिरगा उराँव, संतोष लिंडा, सुनील टोप्पो, गणू करमाली, आतिश एक्का,आदि थे ।

विधायक अंबा प्रसाद ने काली पूजा के अवसर पर सांकृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम बादम में काली पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि शिवलाल महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, इंटक महासचिव अंकित राज और समाजसेवी महेंद्र नाथ पांडेय ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया।विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए सोहराई पूजा, दीपावली, और काली पूजा का शुभकामनाएं दी।विधायक ने कहा के बादम पंचायत में पीएम आवास का मामला जो रुका हुआ उसके लिए विधानसभा में भी आवाज उठाई थी। आने वाले आपके सरकार कार्यक्रम में अबुवा आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को आवास दिया जाएगा। विस्थापन की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस लेना है। मंगलवार के दिन प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार लगाया जाता है वहा पे जनसमस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाता है।इस दौरान विधायक ने काली मंदिर के लिए ढोल, मांदर और आरती सेट दान दी।झारखंड म्यूजिकल ग्रुप बड़कागांव के द्वारा रांची से आए कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया। नागपुरी और भोजपुरी गीतों पर नृत्यांगनाओं के नृत्य पर दर्शक झूमते नजर आए।मौके पर काग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, बादाम मुखिया सुनीता देवी, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव गोप, त्रिलोकी साव, पूजा समिति अध्यक्ष नितेश कुमार, सचिव रौशन कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश आर्या, गौतम वर्मा, बबलू वर्मा, पेरम साव, महेंद्र पासवान, बालेश्वर पासवान, शुभम पांडेय, जितेंद्र गुप्ता, विक्रम गुप्ता, रोहित कुमार, नवीन कुमार, अनिल प्रसाद सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

सांकुल में काली पूजा धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : प्रखंड अंतर्गत ग्राम सांकुल के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में काली पूजा धूमधाम से मनाया गया।मंगलवार को महा भंडारे के साथ पूजा संपन्न किया गया।भंडारा के पाश्चात्य पूजा समिति एवं ग्रामीणों द्वारा गांव का भ्रमण करते हुए माँ काली की प्रतिमा का विसर्जन गांव के बड़े तालाब में किया गया।वहीं पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि काली पूजा के शुभ अवसर पर गुरुवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा।जिसमें रांची के कलाकार शिरकत करेंगे।मौके पर समिति के सदस्यों में गुड्डू मिश्रा, विकास ठाकुर,सतीश कुमार,नटराज यादव सहित सैकड़ो महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल रहे।

झारखण्ड का इतिहास अपने आप में प्रेरणादायक है : शैलेश कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : आईलेक्स पब्लिक स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाई गई। बताया कि अपने अतीत से निकलकर स्वर्णिम भविष्य की राह पर आगे तेजी से आगे बढ़ रहा झारखंड आज अपना 22वां स्थापना दिवस मना रहा है। 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य की स्थापना हुई थी। आज ही के दिन बिहार से अलग होकर एक अलग राज्य के रूप में झारखंड अस्तित्व में आया था। इस अवसर पर आईलेक्स के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही जयंती पर बिरसा मुंडा को भी याद किया। भगवान बिरसा को याद करने के बाद आईलेक्स के विद्यालय परिसर में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय झारखण्ड का अतीत, वर्तमान और भविष्य था जिसमें नवमी कक्षा और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों को उनकी इच्छा के अनुसार तीन ग्रुप में बांटा गया। झारखण्ड अतीत ग्रुप में मधु, अमीषा, सृष्टि, सुधा, सूरज, श्वेता, नंदिनी, प्रीति, अफशा ने हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। श्वेता ने अपने विचार रखते हुए झारखण्ड के बिहार से अलग होने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक-तीनों दृष्टि से देखा जाए तो झारखंड हमेशा से ही बिहार से पृथक् एक परिचय लेकर रहा। सूरज ने झारखण्ड के भौगोलिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि झारखण्ड वन और पठारी इलाका था। यहां अयोध्या पहाड़, सारंडा सिंहभूम श्रृंखला, लातेहार श्रृंखला, चांडिल-गम्हरिया श्रृंखला जैसे पहाड़ी श्रृंखलाएं हैं। और वनांचल भी बहुतायत हैं। अमीषा ने झारखण्ड के ऐतिहासिक स्थिति के बारे में बताया कि यहां पर 32 जनजातियां मूलवासी हैं जिनमें संथाल, उरांव, मुंडा, हो, महली, भूमिज, चेरो, खड़िया बिरहोर, लोहरा, करमाली बस कुछ हैं। यहां के मूलवासियों की जीवनशैली और मान्यताएं बिहार के मूलवासियों से अलग हैं। ये सरना धर्म को मानते हैं जो प्रकृति पूजन पर आधारित है।1845 के आसपास ईसाई मिशनरी झारखण्ड में आने लगे और कई गरीब आदिवासी धर्म परिवर्तन करने लगे। यहां पर मधुबनी, नालंदा, मगध का प्रभाव नागवंशी और चेरो राजवंश की अपेक्षा कम रहा। मधु ने सांस्कृतिक पृष्ठभूमी और धर्म अलग होने के कारण रीति-रिवाज , मान्यताएं , समाज के नियम, पर्व, खान -पान भी यहाँ बिहार से भिन्न था।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता व मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव के संचालन में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नापों खुर्द के प्रांगण में बने धरती आबा महान क्रान्तिकारी बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा के संघर्षशील जीवनी पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा 19वी सदी में हुए स्वतंत्रता संग्राम के जनजातीय समुदाय के जननायक थे।मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। उन्होंने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, प्रोफेसर सुरेश महतो, मंत्री बिनोद महतो, सुमित्रा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड गठन के 23 वर्ष बाद भी ठगा हुआ सा महसूस कर रही है : विकास

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : आजसू पार्टी की हज़ारीबाग जिला कमेटी ने महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान् बिरसा मुण्डा के जयन्ती सह झारखण्ड स्थापना दिवस पर बिरसा चौक, पुराना बस स्टैंड, हज़ारीबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया । भगवान् बिरसा मुण्डा के जयन्ती सह झारखण्ड स्थापना दिवस के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया तथा मंच संचालन केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने किया । मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा बिरसा मुण्डा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली लिखी । बिरसा मुण्डा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानन्द थे । झारखण्ड राज्य गठन को आज 23 वर्ष बीत गए परन्तु आज भी झारखण्ड के आदिवासी और मूलवासी आपने आप को उपेक्षित एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, वर्तमान सरकार आज तक स्थानीय नीति, आरक्षण नीति, विस्थापन नीति, बेरोज़गारी की समस्या का निदान आज तक नहीं हो सका । झारखण्ड राज्य स्वाभाविक राज्य नहीं है बल्कि आजसू के आन्दोलन, संघर्ष एवं बलिदान से मिला है झारखण्ड की जनता आज भी ठगा हुआ सा महसूस कर रही है आज भी झारखण्ड के लोगों को उनके हक़ और अधिकार से वंचित रखा गया है । बिरसा मुण्डा ने सामाजिक और आर्थिक स्तर पर आदिवासिओं में चेतना की चिंगारी सुलगा दी ।

झारखंड स्थापना दिवस पर बटेश्वर प्रसाद मेहता ने रंजन चौधरी को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जनजातीय गौरव दिवस और झारखंड स्थापना दिवस सह जल, जंगल और जमीन के रक्षक, उलगुलान विद्रोह के नायक, सिंग-मूंगा आराधना के उपदेशक अमर शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को हमेशा समाजहित और जनहित के लिए उत्कृष्ट आलेख लिखने के लिए सम्मानित किया। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने रंजन चौधरी को यह सम्मान हजारीबाग परिसदन सभागार में नई दिल्ली के प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित संजय कृष्ण द्वारा लिखित पुस्तक झारखंड के 50 क्रांतिकारी भेंट कर किया। इस पुस्तक में झारखंड के उन 50 क्रांतिकारियों की गौरव गाथा है जिसे हर झारखंडियों को जानना चाहिए। इसमें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा से लेकर हजारीबाग और आसपास के जिले से संबंधित जयमंगल पांडेय, नादिर अली, बाबू रामनारायण सिंह, सरस्वती देवी, पूर्व सीएम के.बी.सहाय और इचाक प्रखंड के चंदा ग्राम निवासी रामेश्वर महतो सहित झारखंड के विभिन्न जिले के कुल 50 ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा और उनका परिचय शामिल है ।

16 लाभुक एवं 2.64 करोड़ के लागत से बने घटक चार के 73 आवास का गृह प्रवेश करवाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना घटक तीन के 16 लाभुक एवं 2.64 करोड़ के लागत से बने घटक चार के 73 आवास का गृह प्रवेश करवाया गया।इन सभी का सामुहिक गृह प्रवेश का आयोजन किया गया जिसमें सभी लाभुकों को चाभी तथा गृह प्रवेश प्रमाण पत्र नगर आयुक्त तथा सहायक नगर आयुक्त द्वारा वितरित किया गया। समारोह में सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार, अनिल पाण्डे, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह,सी एल टी सी अभिषेक सिंह, प्रधान सहायक निरंजन सिंह, सहायक विनय कुमार, प्रियरंजन, मनोज तथा अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

वासुदेव आचार्य के निधन से कोयला और रेलवे मजदूरों में शोक का लहर : सीटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सीटू सी आई टी यू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया कॉल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष, सी पी आई एम के पुर्व केन्द्रीय कमेटी सदस्य और सातवीं लोकसभा से लेकर 15 वीं लोकसभा तक लगातार 9 बार सांसद रहे कामरेड वासुदेव आचार्य का इलाज के दौरान हैदराबाद में निधन होने के कारण स्थानीय सीपीएम कार्यालय में एक शोक सभा कर कामरेड वासुदेव आचार्य के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दिया गया. कामरेड वासुदेव आचार्य रेलवे और कृषि मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने देश के रेलवे, रेलवे कर्मचारी, रेलवे यात्रियों की सुविधा और किसानों के हितों के लिए अनुकरणीय काम किए थे. ऑल इंडिया कॉल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कोयला उद्योग और कोयला मजदूरों के हितों के रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते हुए कई काम किया।

उलगुलान का सौदा करने वालों के खिलाफ उलगुलान का समय आ गया है

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : धरती आबा बिरसा मुंडा के 148 वें जयंती के अवसर पर हजारीबाग बस स्टैंड स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण वाम दलों के द्वारा किया गया इस अवसर पर हजारीबाग के पूर्व सांसद और सीपीआई की वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि बिरसा मुंडा के 125 वीं जयंती के अवसर पर झारखंड राज्य का निर्माण हुआ और झारखंड राज्य के निर्माण के तत्काल बाद जो भाजपा की सरकार झारखंड में बनी वह झारखंड का विरोधी ही थी. वह सरकार वनांचल बनाने के पक्ष में था लेकिन झारखंडी जनता के दबाव में झारखंड को ऊपर मन से स्वीकार किया. भाजपा सरकार में आते ही बिरसा मुंडा के सपनों को चकनाचूर करने लगा. इस राज्य की जो स्थापना जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए किया गया था बात लेकिन भाजपा इसके उल्टे बड़े-बड़े कॉर्पोरेट को बुलाकर झारखंड की जल, जंगल, जमीन को लूटवाने का काम किया जो आज तक जारी है. आप अगर गौर से देखें तो झारखंड बनने के बाद झारखंड में विस्थापन की समस्या लगातार बढ़ती गई और इसके खिलाफ भाजपा सरकार ने कुछ नहीं किया।

हर्षोल्लास संपन्न हुआ चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज पर बहनों ने कूटा यमद्वितीया

चित्रगुप्त महाराज सिर्फ कायस्थ्यो के ही नही हर सनातनी के कर्मो का रखते है हिसाब : उपेंद्र प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर चित्रांश परिवार की ओर से सूर्य मंदिर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में अराध्यदेव श्री चित्रगुप्त जी महाराज का हर्षोल्लास पूजा अर्चना किया गया। पूजा पुरोहित रामलखन पंडित व छोटू पंडित के सान्निध्य में संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य यजमान सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा सहित चित्रांश परिवार के लोगो ने चित्रगुप्त जी महाराज से सुख, समृद्धि और शांति की कामना किया। वरिष्ठ चित्रांश उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि चित्रगुप्त जी महाराज सिर्फ कायस्थो के ही नही बल्कि सभी सनातनियो के कर्मो का लेखा जोखा रखने वाले है. यह सिर्फ कायस्थ्यो के ही नही बल्कि सभी सनातनियो के अराध्यादेव है। बरही में यह पूजा दशकों से मनाया जा रहा है। जो बरही बाजार स्थित चित्रांश परिवार से प्रारंभ हुआ। बाद में न्यु कॉलोनी स्थित चित्रांश बिनोद कुमार सिन्हा के आवासीय परिसर में मूर्ति स्थापित कर पूजा किया जाता था। तीन वर्ष पूर्व मंदिर निर्माण के अब बाद पूजा चित्रगुप्त मंदिर में किया जाने लगा है. इस कार्य में चित्रांश परिवार के सदस्यों की महती भूमिका होती है। अध्यक्ष मनोज घोष ने बताया कि पूजा चित्रांश समाज के वरिष्ठों के निर्देशन और संरक्षण में आयोजित किए गए है. जिसमे सभी का सहयोग रहा है।

पालू पिपरी टोला में काली पूजा धूमधाम से संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातु : पालू पिपरीटोला में काली पूजा धूम धाम से मनाया गया।इस शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यातिथि के रूप में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी आजसू रोशन लाल चौधरी और विशिष्ठ अतिथि के रूप में निशि पांडे केंद्रीय महासचिव भारतीय जन तांत्रिक मोर्चा,संजीव बेदिया केंद्रीय सचिव जेएमएम, जिला परिषद सदस्य राजा राम प्रसाद,पूर्व जिला परिषद अर्चना देवी, पालू मुखिया पानो देवी,हाफुवा मुखिया सारो देवी,रामेश्वर महतो भाजपा महामंत्री पतरातु प्रखंड, सुनीता देवी पंचायत समिति सदस्य पालु पंचायत अजय सिंह पंचायत समिति सदस्य संख्या 2 उज्वल सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रघुवीर महतो , सचिव कामेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष बाबूलाल महतो और सदस्य के रूप में फूलचंद महतो, बितन महतो, फुलेश्वर महतो, घनश्याम महतो, प्रकाश राम, जेठा उरांव,गोविंद महतो, हरिचरण महतो, प्रेम नाथ महतो, बिमलेश महतो, श्रवन महतो, मोहन महतो, दिनेश ठाकुर, मनोज कुमार महतो, दिलीप महतो, दिलीप गोस्वामी, जागेश्वर नायक, जमुना उरांव, महावीर मिंज, कोलेश्वर मुंडा, घन्श्याम ठाकुर, सुरेश ठाकुर महतो, रामचरण महतो,जितेंद्र कुमार, और ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीण मौजूद थे।

देश की अखंडता व वनवासियों के लिए आज भी प्रासंगिक है बिरसा मुंडा का बलिदान : मनोज यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बिरसा मुंडा की जयंती सह राज्य के 23वें स्थापना दिवस पर भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बरही प्रखण्ड के खोड़ाहर पंचायत के जतरा मेला में स्थापित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सर्वप्रथम सभी को राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी से कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का दिन है कि हम किस प्रकार झारखंड राज्य को एक विकसित राज्य बनाने में अपना योगदान दें। पूर्व विधायक ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा युवाओं के प्रेरणा पुंज हैं। उनसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनका बलिदान देश की अखंडता एवं वनवासियों के लिए आज भी प्रासंगिक है। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा चाहते तो अपना जीवन धर्मांतरित कर सुख चैन से बीता सकते थे परंतु उन्होंने संघर्ष का जीवन चुना। वे अंग्रेजों के बीच पले बढ़े। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा मिशनरियों के बीच में हुई फिर भी उन्होंने राष्ट्रभक्ति का जज्बा अपने अंदर जगाए रखा। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान पारंपरिक भू व्यवस्था को जमींदारी व्यवस्था में बदलने का काम किया। भगवान बिरसा ने अपनी सुधारवादी प्रक्रिया के तहत सामाजिक जीवन में एक आदर्श प्रस्तुत किया।

झारखंड प्रदेश कांगेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव बने : शहज़ाद क़ुरैशी

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की नवनियुक्त कमिटी में शहज़ाद क़ुरैशी को सचिव मनोनीत किया गया है। प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारी देने के लिए शहज़ाद क़ुरैशी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी,झारखंड प्रभारी उमैर खान,प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी का शुक्रिया अदा किया और पार्टी एवं राष्ट्रीय हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करने की

प्रतिबद्धता जताई। शहज़ाद क़ुरैशी को प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग में सचिव बनाये जाने पर मुजीब क़ुरैशी,सौरभ दत्ता, दीपेश पाठक,मोहम्मद तारिक,अखौरी अविनाश कुमार,जुबैर अहमद,शाहिद राजा,मोबिन आलम,इबरार उल हक,विनय मिंज,ने बधाई दी है।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के गोला पंचायत मोडल आंगनबाड़ी केंद्र में जिला शिक्षा विभाग के तरफ से 2,साल से 5,साल बच्चों के बिच ठंड को देखते हुए उनी स्वेटर का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में प्रखंड के उप प्रमुख बिजय ओझा गोला पंचायत के उप मुखिया जितेंद्र साहु सीडीपीओ?,गलेरिया एक्का ने संयुक्त रुप से स्वेटर वितरण किए। सभी ने बच्चों को समय पर हर रोज स्वेटर पहनकर स्कूल आने के लिए कहा। हमलोग आप सभी की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं मन लगाकर पढ़ें लिखे।बच्चे स्वेटर पाकर बहुत खुश हुए। मौके पर रतना देवी आंगनबाड़ी केंद्र के कुंती देवी मंजू देवी पुनम देवी कमला बाला देवी ईमा पोद्दार बबिता देवी एंव दर्जनों छात्र छात्राएं शामिल थे।

भगवान बिरसा को अंबेडकर नगर में याद करते हुए शिक्षित बनने का दिया गया संदेश

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अरगड्डा के अंबेडकर नगर (झोपड़ी) में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बुधवार हर्षोल्लास के साथ मनी। साथ ही झारखंड को शिक्षित अग्रसर बनाने के लिए बच्चों के बीच कॉपी पेंसिल पाठय सामग्री का वितरण किया गया। सभी से शिक्षित बनने की अपील की गई। सबो ने भगवान बिरसा मुंडा व अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए चित्र के समक्ष पुष्पमाला अर्पित किया। मौके पर आदिवासी समाजसेवी दीपक उरांव, पाहान गोपाल उरांव, सूरज, रॉबिन उरांव समेत कई बच्चे उपस्थित थे।

गोला में अंचल अधिकारी व कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के विभिन्न छठ घाट में महापर्व छठ को देखते हुए रामगढ़ अंचल अधिकारी समरेश भंडारी व रामगढ़ विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के द्वारा छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कल से गोला प्रखंड के सभी छठ घाटों की सफाई की

जाएगी।मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी बेटूल कला पंचायत के मुखिया जाकिर अख्तर, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कोटवार, लखेश्वर महतो, विष्णु महली, कमलेश कुमार महतो, गुलाम,अजीत करमाली, कौसर रजा, सगीर अंसारी, मुकेश महतो सहित कई लोग शामिल थे।

सयाल पुराना शिव मंदिर में चित्रांश परिवार ने आस्था पुर्वक मनाया चित्रगुप्त पुजा

उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): सयाल पुराना शिव मंदिर स्थित बुधवार को चित्रांश परिवार के लोगों ने मंदिर में अस्थापित भगवान चित्रगुप्त की पुजा आस्था पुर्वक मनाया। वहीं आय व्यय का पुरा लेखा जोखा का ब्यौरा चित्रांश परिवार के सदस्यो ने भगवान चित्रगुप्त के समक्ष रखा। बता दें

कि पुराना शिव मंदिर सयाल में चित्रगुप्त पुजा 61 वर्षो से होती आ रही है। वहीं इस अवसर पर पुजा संपन्न होने के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया और सामुहिक भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में चित्रांश परिवार के लोग मौजूद थे जिनमें संतोष सिन्हा, कमलेश सिन्हा, अमित सिन्हा, सतीश सिन्हा,अनकेश सिन्हा, राकेश सिन्हा,संजू सिन्हा,शशी सिन्हा,बिनय सिन्हा, राजीव सिन्हा, संजय सिन्हा, रामबिलास यादव, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, बिरेन्द्र पासवान, सतेन्द्र यादव, पिंटू सिंह, शंकर सिंह आदि लोग मौजूद थे।

मांडू चट्टी पंचायत में बिरसा मुंडा का जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया गया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड के जननायक महानायक अबुआ दिशूम अबूआ राज का नारा देने वाले भगवान बिरसा मुंडा का जयंती सह झारखंड राज्य का स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पंचायत सचिवालय मांडू चट्टी में दीप प्रचलित कर एवं पुष्पांजलि कर जयंती धूमधाम से मनाया गया। मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी के गरिमा मई उपस्थिति में हरशौउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर में मुख्य रूप से समाजसेवी बालेसर भैया निशिकांत गुप्ता सुरेंद्र कुमार जोधन मुंडा संजय सोनी पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुन राम चरकी देवी उर्मिला देवी अंजली देवी अंजली देवी एवं योगेश्वर महतो वार्ड सदस्य देवंती देवी भानु देवी एवं सैकड़ो ग्रामीण ऑन का उपस्थित थे।

रामगढ़ कांग्रेस पार्टी के द्वारा झारखंड स्थापना दिवस एवं बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती रामगढ़ में छतर मांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के द्वारा किया गया भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहां की झारखंड राज्य स्थापना और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर समस्त जिले वासियों को शुभकामनाएं दी भगवान् बिरसा मुंडा जयंती पर मुख्य रूप से 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा ,झारखंड प्रदेश सचिव धर्मराज राम, महिला अध्यक्ष मंजू जोशी, प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू जिला सचिव मोहम्मद सलीम साहब पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शमशूद खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं उपस्थित है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं: (1) ई निविदा सं० : पूमरे– मुप्रअ– नि– द– ईटीईएन – 42 –23–24 दो पैकेट सिस्टम **कार्य का नाम :** Dy.CE/C/ बरकाकाना के अंतर्गत बरकाकाना–रांची खंड की बी.जी.रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144)–सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में किमी 160.600 से 169.854 (किमी 163.150 से 163.300 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रू):** 32,01,11,353.10 **बोली प्रतिभूति (रू):** 17,50,600.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 महीने **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 01.12.2023, 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **दृष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रुघाट, पटना

पीआर/01661/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/52

राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बुधवार को छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों ने छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस दौरान प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने सर्वप्रथम सभी को राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए। सभी से कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का दिन है कि हम किस प्रकार झारखंड राज्य को एक विकसित राज्य बनाने में अपना योगदान दें एवं समाज के आखिरी व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

दुःखद बेला में गरीबों को साथ देना ही सबसे बड़ा इंसानियत धर्म है : धनेश्वर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत नवाडीह टोला महावीर मंदिर के समीप दशमी देवी 60 वर्षीय का पिछले दोनों आकस्मिक निधन हो गया था। मृतक परिवार के सदस्य की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर और काफीदयनीय है जिसे देखते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर रामगढ़ सदर के जिला पार्षद सदस्य धनेश्वर महतो एवं पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा के द्वारा आटा, तेल, चावल, चूड़ा मृतक के पुत्र तपेश्वर महतो को सहयोग किया जिससे दुखद बेला में गरीबों का सहायता मिलना बड़ा पुण्य कार्य है इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पार्षद धनेश्वर ने कहा कि आजसु पार्टी गरीबों को हमेशा सुख दुख में एक दूसरे का साथ देने का काम ज़करती आई है और भविष्य में भी करते रहेगी उन्होंने कहा कि दयनीय स्थिति से जूझ रहे लोगों की गरीबी स्थिति को देखते हुए सहयोग करना बहुत बड़ी इंसानियत की पहचान है और भविष्य में भी बढ़चढ कर सहयोग करने का काम करते रहूंगा। इस मौके पर पंचायत के उप मुखिया मोहराय महतो आजसू पार्टी के जगदेव महत्व पप्पू रविदास संदीप कुमार तुलसीदास महतो राजेश केसरी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं प्रतिभा और मिलता है अनुभव : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर सेमिनार हाल में सम्मान समारोह एवम चित्रकला व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का सहित पूर्व जिला परिषद गोपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सभी आंदोलनकारी को गमछा एवम मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इधर मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। उन्होंने आगे कहा की, इस तरह का आयोजन करने के लिए मुस्कुराहटें संस्था को धन्यवाद किया। इधर, कार्यक्रम में चित्रकला एवम फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें चितरपुर के दर्जनों विद्यालयों के बच्चो ने हिस्सा लिया।

झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के द्वारा पूरबडीह में अल्पसंख्यक मुद्दों को लेकर बैठक का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के द्वारा बुधवार को अल्पसंख्यकमुद्दों को लेकर पुरबडीह में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन अनवर अंसारी अध्यक्षता मोहम्मद शकील अहमद के द्वारा किया गया। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा।बैठक में उपस्थित केंद्रीय संयोजक डॉक्टर इम्तियाज आलम डा अब्दुल्ला रांची जिला कोषाध्यक्ष एहसान उल हक केंद्रीय सा संगठन मंत्री जाकिर हुसैन जसीम अंसारी और जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया जिला अध्यक्ष रामगढ़ अरशद इकबाल जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल हसन यूथ जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन गोला प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी उपाध्यक्ष गुलाम हुसैन इकराम हसन मोहम्मद अफजाल अंसारी प्रखंड सचिव मोहम्मद जिलानी अंसारी यूथ जिला सह संगठन मंत्री आलम अंसारी को बनाया गया संगठन की ओर से इन सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए सम्मानित किया गया।

उरीमारी परियोजना कार्यालय के समीप बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की 148वां जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : सीसीएल बरका सयाल श्रेत्र के उरीमारी परियोजना कार्यालय समीप बिरसा चौक में विस्थापित नेता दशई मांझी के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की 148 वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल बरका सयाल क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय सिंह उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अफताब अहमद (डीएमएस) रांची, हनुमंत राव (डीडीएमएस) रांची, बिनोद कुमार जीएम आपरेशन बरका सयाल, अतिथि दिलीप कुमार पीओ उरीमारी, डी शिवादास पीओ बिरसा, रामेश्वर मुंडा खान प्रबंधक बिरसा उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने बारी - बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए लड़ाई लड़ी और अंत में शहीद हुए। इनके द्वारा किए गए कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं विस्थापित सह आदिवासी नेता दशई मांझी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजो के दमनात्मक नीति के विरुद्ध मोर्चा खोला था और अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए शहीद हो गए थे। हमें उनके बताए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है।

अरगड्डा में बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती मनी, झारखंड निर्माण का लिया संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : अरगड्डा मोड़ पर बिरसा स्मारक समिति व आदिवासी समाज के अगुवा साथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए 148वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अवसर पर सभी ने झारखंड के 23वें जन्मदिवस पर क्षेत्र निर्माण व राज्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहां कि भगवान बिरसा मुंडा के नक्शे कदम पर चलते हुए हम सभी संघर्ष के रास्ते को सुलभ बना सकते हैं। आदिवासियों के उत्थान के लिए नशापन को त्याग कर शिक्षा की अलख घर-घर में जागने की आवश्यकता हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनेलाल बेदिया व संचालन राजेश बेदिया ने किया। मुख्य वक्ता जगनारायण बेदिया,, अशोक करमाली धनेलाल बेदिया रहे। मौके पर आकाश मुंडा, विनोद करमाली, बालकिशन, दीपक बेदिया, श्याम बेदिया, शिवदेव बेदिया, दशईया, बेचैन उरांव, रथु उरांव, सुनीता उरांव, परमेश्वर बेदिया समेत कई लोग उपस्थित थे।

उच्च शिक्षा अध्ययन कर अपना भविष्य को उज्जवल करें : प्रो. शाहनवाज

उर्दू विभाग में स्वागत सह विदाई समारोह का अयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : चितरपुर स्नातक महाविद्यालय उर्दू विभाग में स्वागत सह विदाई समारोह का अयोजन धूम धाम से मनाया गया। समारोह में सेमेस्टर एक सत्र 2023-27 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया और सेमेस्टर छः सत्र 2020-23 पास करने वाले विद्यार्थियों को विदाई दी गई। समारोह की शुरुआत कलम पाक की तिलावत से की उसके बाद हम्द व नात का नजराना अकीदत पेश किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि प्रो मनोज कुमार झा ने कहा कि स्वागत व विदाई का रस्म महज रस्म नहीं अच्छे व्यवहार का दर्शन है। ऐसे कार्यक्रम से आपसी रिश्ता मजबूत होता है और विभाग व महाविद्यालय में एक अच्छा माहौल तैयार होता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुवे विभागाध्यक्ष प्रो. शाहनवाज खान ने कहा कि प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए प्रवेश न ले ना ही परीक्षा दें बल्कि वास्तविक रूप में योग्य बनने और क्षमता पैदा करने की ज़रूरत है। वरिष्ठ छात्र छात्राएं पढ़ लिखकर अपना भविष्य उज्जवल करें और अपने मुकाम हासिल करें कार्यक्रम के अंत में प्रो शबाना अंजुम ने कहा कि मुनव्वर अंसारी, शफकत जहां, फिज़तुल कुबरा और मेहनत करने वाले सभी विद्यार्थी जिन्होंने प्रोग्राम को कामयाब बनाया है सभी को दिल से मुबारकबाद। कार्यक्रम का संचालन शफकत जहां ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मुनव्वर अंसारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश तिवारी, पिंटू प्रजापति, राहुल कुमार, सुनील कुमार, आकाश कुमार, पूनम देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में और पेशकश करने वालों में पूर्व टॉपर सायमा कुदसी, सकीना बानो, नजमा परवीन, अर्शी नाज, खुशनुमा परवीन, हीना परवीन, मनीषा परवीन, इरफान आज़मी, हबीब अंसारी, आशिया अशरफ, सना परवीन, सालेहा खानम, मुस्कान परवीन, नूरी आसमा, परवेज आलम, गुलाबशा परवीन, नरगिश परवीन, दिलरुबा, नाजिया परवीन शामिल थे।

भाकपा माले, ग्रामस व आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने बिरसा जयंती पर अरगड्डा में अधिकार यात्रा निकाली

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : अरगड्डा मोड़ में बिरसा मुंडा की जयंती पर भाकपा माले, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा व आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने एक साथ बुधवार को अधिकार यात्रा निकाली। इसमें संगठन सदस्यों ने नरेंद्र मोदी झारखंड से वापस जाओ, भाजपा हटाओ-देश बचाओ, शहीदों के सपनों का भारत बनाओ के साथ ग्रामीण मजदूरों के रोजगार के लिए सिरका लोकल सेल चालू करो एवं गरीबों, आदिवासियों को वन पट्टा दो, आदि मांगों के साथ पूरा अरगड्डा का भ्रमण कर बिरसा मुंडा चौक पहुचा। बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। साथ ही एक सभा की गई। सभा की अध्यक्षता कुलदीप बेदिया और संचालन सुभाष बेदिया और लालचंद बेदिया ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि झारखंड राज्य एवं ब्रिटिश उपनिवेश के खिलाफ दो सौ वर्षो तक आदिवासियों के विद्रोह और शहादत की परंपरा ने अंततः झारखंड अलग राज्य मिला लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार ने बिरसा मुंडा को याद कर आदिवासियों के अधिकारों को खत्म कर अड़ाणी-अंबानी सरीखे पुंजीपतियों के हित में खनिज संपदा सुपुर्द कर दी जा रही हैं। इसलिए नरेंद्र मोदी को झारखंड से वापस जाने की मांग के साथ विरोध किया जा रहा है। बिरसा मुंडा ने नारा दिया था, अबुआ दिशुम,अबुआ राज झारखंड राज्य मिला है लेकिन शासन शोषकों पुंजीपतियों,सम्प्रदायवाद के हाथों में लंबे समय से है। आज जरूरत है झारखंड नवनिर्माण का, निजीकरण के खिलाफ और सार्वजनिक उधोगों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। सिरका लोकल सेल चालू करो, सिरका मेगा प्रोजेक्ट व अरगड्डा खुली खदान के ग्रामीण रैयतों को संपूर्ण मुआवजा में नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास किए और पर्यावरण सुरक्षा की गारंटी किए वगैर सीसीएल को चलने नहीं देंगे। सभा के बाद अरगड्डा महाप्रबंधक को चार सूत्री मांग पत्र दिया गया। सभा को सोहराय किस्कू, भुनेस्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर कुलदीप बेदिया, जयनन्दन गोप, धनेलाल बेदिया, जगनारायण बेदिया, अशोक करमाली, लालचंद बेदिया, करण बेदिया, गोबिंद राम, बुधनी देवी मनाराम मांझी, कांति देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

डायर जतरा मेला जनजातिय समाज की संस्कृति,परपंरा और आर्थिक संरचना का इतिहास बताता है : राजू यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी के पोटंगा पंचायत अंतर्गत असवा मे बीते मंगलवार की रात्रि में सोहराय पर्व पर डायर जतरा मेला व नागपुरी ऑकसेट्रा का आयोजन किया गया। वहीं इस आयोजन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव व विशिष्ट अतिथि पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली, कौलेश्वर गंझू,सुरज बेसरा, रविन्द्र सोरेन, किशोर कुमार बेदिया, धर्मदेव करमाली ने फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं राजू यादव ने कहा कि सोहराय डायर जतरा मेला झारखंडी धरोहर की पहचान है। वहीं राजू यादव ने सोहराय पर्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को बताया कि डायर जतरा मेला नई फसल आने की खुशी में मनाया जाता है आदिवासी किसान अपनी फसल को घर में सुरक्षित रखकर एक दुसरे के साथ डायर जतरा के बहाने एक साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं और मिलकर नाचते गाते हैं। और इसी उत्सव के साथ आदिवासी समाज का मंगल कार्य शुरू होता है। वहीं डायर जतरा मेला जनजातिय समाज की संस्कृति, परपंरा, और आर्थिक संरचना का इतिहास बताता है। वहीं असवा डायर जतरा मेला में बीते रात रांची से आए नागपुरी कालाकारो ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य कर लोगों को झुमने पर विवस कर दिया।

उरीमारी राकोमयू कार्यलय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी शनिवार बाजार के समीप राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यलय में क्षेत्रीय सचिव राजू यादव की अध्यक्षता में बुधवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम राजू यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुजा अर्चना किया। वहीं मौके पर राजू यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने के लिए उलगुलान की अलख जगाया था। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की हर साल 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के रूप में उनका जन्मदिन मनाया जाता है। क्योंकि बिरसा मुण्डा का जन्म 15 नवम्बर 1875 ई. में हुआ था और 9 जून 1900 मे वे शहीद हो गए। वह एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए जमीदारों अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया। वह मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची कारागार में शहीद हो गए।वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, डा जीआर भगत, कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी, लालू महतो, दीपक विश्वकर्मा, गणेश राम,कंचन मांझी, टहल गोप, रवि पावरीया, अजय मिश्रा, दीपक कुमार यादव, सतीश कुमार, सिगू मांझी, बिनोद प्रजापति, संजय सिंह, संजय कुमार यादव, अशोक कुमार, सीबू ठाकुर, आदि थे ।

भारत विकास परिषद ने छठ व्रतियों के बीच बांटी निःशुल्क संपूर्ण पूजन सामग्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : माता वैष्णो देवी मंदिर के समीप भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा ने छठ व्रतियों माता बहनों के बीच संपूर्ण निशुल्क पूजन सामग्री का वितरण किया। इस पावन मौके पर भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम पिछले आठ वर्षों से चला आ रहा है आज यह नौवें में वर्ष में प्रवेश कर गया है। और निरंतरण यह पावन कार्य आगे भी चलता रहेगा। श्री साहू ने कहा कि छठ व्रतियों माता और बहनों के बीच जो कि जरूरतमंद है। और छठ पूजा करना चाहते हैं परंतु सक्षम नहीं है। ऐसे छठ व्रतियों माता और बहनों के बीच भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा निशुल्क संपूर्ण पूजन सामग्री का वितरण कर रहा है। श्री साहू ने कहा कि ऐसे पावन पर्व पर ऐसे पुण्य कार्य करने से आत्म संतुष्टि मिलती है। इस पावन मौके पर भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता समाजसेवी पवन महतो समेत अनेकों लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, गुरुवार, 16 नवंबर 2023 | पेज 10

ब्राह्मण समाज की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टुंडी प्रखंड के ठेठाटांड गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में आज बुधवार को ब्राह्मण समाज की एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबा गोपाल पांडे की अध्यक्षता में बुलाई गई जिसमें आए दिन ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचार को रोकने पर अमल किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार ठेठाटांड गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में सभी गांवों के प्रबुद्ध ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा आए दिन ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कई निर्णय लिए गए। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व कोल्हर स्थित पटाखें की दूकान में खरीदारी पर एक ब्राह्मण लड़कें को कुछ असामाजिक लोगों द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई थी। इस तरह से हो रहे ब्राह्मणों पर अत्याचार को रोकने के लिए ब्राह्मण समाज के सभी प्रबुद्ध जनों ने आज बैठक का आयोजन कर कई निर्णय लिए एवं इस तरह की घटना की पुरावृत्ति ना हो इस पर गहन विचार विमर्श किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पांडे, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रामचंद्र पांडे, अधिवक्ता गोपाल पाण्डेय, अर्जुन पांडे त्रिलोचन पांडे, परशुराम पांडे, पवन पांडे, मोहन पांडे, कामिकांत पांडे, सीआईडी के सुमन पांडे, वार्ड सदस्य गौतम पांडे, समाजसेवी कौशलेश पांडे, राजेंद्र पांडे, प्रकाश पांडे ,दिल राम पांडे, अनूप पांडे, पार्वती चरण पांडे, राज नारायण पांडे, बबलू पांडे समेत सैकड़ो ब्राह्मण समाज के लोग मौके पर उपस्थित थे।

मॉडर्न इंग्लिश एकाडमी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने विजेताओं को किया सम्मानित

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बाल दिवस के अवसर पर पांडरपाला स्थित मॉडर्न इंग्लिश अकाडमी मे फिरदौसी मेमोरियल एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम मे उपस्थित समाजसेवी सह वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी अब्दुल जब्बार ने विजेताओं को पुरुष्कृत कर उन्हें सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। जब्बार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये मॉडर्न स्कूल के प्राचार्य निशात अख्तर, डायरेक्टर हसनैन अख्तर, ट्रस्टी सुब्हान खान, मो जहांगीर, अली हसन, सद्दाम हसन, ज़ीशान अख्तर और स्कूल के सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

उत्तरकाशी सुरंग हादसे में फंसे मजदूरों के परिजनों से मिले कुशवाहा संघ के लोग

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के केशोडीह गांव निवासी विश्वजीत कुमार वर्मा जो फिलहाल उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी सुरंग हादसे में जीवन युद्ध लड़ रहे है उनके परिजनों से मिलने बुधवार को कुशवाहा संघ प्रखंड कमिटी बिरनी और सरिया के प्रखंड अध्यक्षों समेत वरीय पदाधिकारी मिलने पहुंचे। इस बीच पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से मजदूर का सकुशल वापस लाने की मांग किया। बता दें कि अभी तक कई राजनीति दल के लोग इस पीड़ित परिवार से मिलकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया के के वर्मा ,रामकिशुन वर्मा, जयप्रकाश वर्मा , पूर्व मुखिया टूपलाल प्रसाद वर्मा, सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मुखिया निरंजन कुमार समेत गिरिडीह, सरिया और बिरनी के कुशवाहा संघ के कई लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त, एसएसपी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने अर्पित की धरती आबा के चरणों में पुष्पांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : भगवान बिरसा मुंडा की 148 वीं जयंती तथा झारखंड राज्य के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक मोड़ में बिरसा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर समस्त जिले वासियों को शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने न्याय के लिए जो लड़ाई लड़ी थी उसे और आगे ले जाने तथा उनके बताएं मार्ग पर चलने की आज हम

सब प्रतिज्ञा लेते हैं। साथ ही कहा कि भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। भगवान बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य थे। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी समस्त जिले वासियों को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बैंक मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद सभी पदाधिकारियों ने पुलिस हाउस के पास स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भाकपा माले की संकल्प यात्रा, भाजपा हटाओ देश बचाओ का दिया नारा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर भाकपा माले द्वारा एक संकल्प यात्रा धनबाद स्टेशन से लेकर बैंक मोड़ बिरसा मुंडा चौक तक निकाली गई। इस यात्रा में भाकपा माले के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान भाकपा माले के संदीप कौशल ने बताया कि आज 9 साल बीत जाने के बाद बीजेपी सरकार को झारखंड की याद आई है और भगवान बिरसा मुंडा का गांव याद आया है। लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या इससे पहले कभी झारखंड, झारखंडी भाइयों का ख्याल उनके मन में नहीं आया। जो सपना भगवान बिरसा मुंडा ने अपने आदिवासी भाइयों के लिए देखा था क्या वह बीजेपी की सरकार में पूरा हो पाई है? उन्होंने पूछा कि आज कितने पढ़े-लिखे नौजवानों को यहां रोजगार मिला है, ये देखने की बात है। आने वाला चुनाव में जनता इसका पूरा हिसाब लेगी और जवाब देने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरवाई नेता आसमान मराण्डी, गौतम महतो, रमेश वाऊरी, प्रमोद महतो, कृष्णा कुमार, राहुल कुमार, सचिन यादव, अभिषेक ठाकुर, गोपाल महतो, आसू महतो, आइसा नेत्री अजरानी निशानी, ज्ञानोदय गोर्की, वीरभगत गोविन्दपुरी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

गिरिडीह में शराब के नशे में धुत्त युवक ने लगायी फांसी

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुआटांड़ महेशलुंडी गांव में एक युवक शराब के नशे में धुत्त होकर फांसी लगा ली। यह घटना सोमवार देर रात साढ़े दस बजे की बताई जा रही है। मृतक का नाम राजू दास हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार सुबह मुफस्सिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि मृतक राजू दास की पत्नी काली कुमारी ने कहा कि सोमवार देर रात 9 बजे उसके पति राजू दास नशे में धुत्त होकर घर आये और इधर-उधर दौड़ भाग करने लगे। अगल-बगल के लोगों ने समझाने का प्रयास किया परंतु वे इधर-उधर भागते रहे। और नशे में अपने आप बड़बड़ाने लगे। इस तरह की हरकत उनका रोज का था। इसलिए वे लोग सो गये। और उसका पति राजू अपने कमरे में दरवाजा बंद कर सो गया। रात लगभग साढ़े दस बजे वह तथा परिवार के अन्य सदस्य उसके कमरे के पास गये तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला और ना ही अंदर से कोई आवाज आयी। इसके बाद दरवाजा उखाड़कर कमरे के अंदर झांका तो देखा कि उसका पति राजू दास साड़ी से धरनी में झूलकर फांसी लगा लिया है।

उपायुक्त व एसएसपी ने किया 14000 वर्ग फीट में बने भगवान बिरसा मुंडा के मोजैक पोर्ट्रेट का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : भगवान बिरसा मुंडा की 148 वीं जयंती तथा झारखंड राज्य के 23वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने जिला प्रशासन के सहयोग से गोल्फ ग्राउंड में 14,000 वर्ग फीट में झारखंड के नक्शे के अंदर कोल डस्ट से निर्मित भगवान बिरसा मुंडा के साथ जयपाल सिंह मुंडा, तिलका मांझी, बिनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन और कार्तिक उरांव के मोजैक पोर्टेट का फीता काटकर

उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद उपायुक्त ने जिले वासियों को रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचकर पोटेट को देखने और उसे बनाने वाले कलाकारों का उत्साह वर्धन करने की अपील की। साथ ही पोट्रेट निर्मित करने वाले सुमित गुंजन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री गुंजन ने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर में उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा का लगभग 40,000 रद्दी ईंटो से 11,200 वर्ग फीट का पोर्टेट बनाया था।

वहीं 30 जून 2023 को हजारीबाग में शहीद सिदो-कान्हू का 12,000 वर्ग फीट में पोर्टेट बनाया था। उन्होंने बताया कि उनकी टीम में हजारीबाग, बोकारो, राजधनवार के लगभग 20 कलाकारों ने 13 नवंबर से लेकर 14 नवंबर की रात तक यह पहला कोल डस्ट मोजैक पोट्रेट बनाया है।

गिरिडीह : भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह ज़िले में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 149 वी जयंती बुधवार को सर जेसी बोस सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस गर्ल्स गिरिडीह में मनाया गया। वही मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने भगवान बिरसा की तस्वीर के सामने जन्मोत्सव पर दीया जलाकर और पुष्प अर्पित कर भगवान को नमन किया। उसके बाद विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राओं ने भी भगवान बिरसा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धा व्यक्त की। *झामुमों ने भी मनाया बिरसा मुंडा की जयंती इधर झामुमो द्वारा बिरसा मुंडा की 149 वीं जन्म जयंती पर बिरसा चौक में आयोजित कार्यक्रम में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मुख्य अतिथि के रूप में बिरसा गोलंबर का शिलान्यास किया। साथ ही बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और घोषणा की कि अगले साल तक एक भव्य प्रतिमा का अनावरण करने की घोषणा की। साथ ही चौक के आसपास जमीन की मापी कर बड़े चौक के रूप में परिवर्तित करने की बात कही। साथ में जिला अध्यक्ष संजय सिंह के अलावा नगर समिति अन्य लोग उपस्थित थे। सर जे सी बोस में जयंती समारोह पर मुख्य रूप से विद्यालय की वरीय शिक्षिका पपिया सरकार, पुलेज मरांडी, समीर सोरेन, राकेश कुमार, इंद्रदेव साव, मिथलेश कुमार वर्मा, बम शंकर मंडल, नरेश मुर्मू, अमरेश कुमार सहित विद्यालय की कई छात्राएं उपस्थित थे।

स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कुछ और स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा ।

1. 03244 दानापुर-मनमाड़ स्पेशल 17.11.2023 को दानापुर से 06.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 07.00 बजे मनमाड़ पहुंचेगी । यह स्पेशल ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते जाएगी ।

2. 03266 दानापुर-मनमाड़ स्पेशल 17.11.2023 को दानापुर से 08.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.30 बजे मनमाड़ पहुंचेगी । यह स्पेशल ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते जाएगी ।

3. 03240 दानापुर-नागपुर स्पेशल 16.11.2023 को दानापुर से 06.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04.00 बजे नागपुर पहुंचेगी । यह स्पेशल ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते जाएगी ।

4. 03282 दानापुर-नागपुर स्पेशल 16.11.2023 को दानापुर से 08.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 06.00 बजे नागपुर पहुंचेगी।

यह स्पेशल ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते जाएगी ।

5. 03288 दानापुर-भुसावल स्पेशल 17.11.2023 को दानापुर से 09.30 बजे प्रस्थान करअगले दिन 07.30 बजे भुसावल पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते जाएगी ।

6. 05980 न्यू तिनसुकिया-गोरखपुर स्पेशल 16.11.2023 को न्यू तिनसुकिया से 05.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी । यह स्पेशल ट्रेन बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर के रास्ते जाएगी ।

7. 5979 गोरखपुर-न्यू तिनसुकिया स्पेशल 17.11.2023 को गोरखपुर से 20.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 09.15 बजे न्यू तिनसुकिया पहुंचेगी । यह स्पेशल ट्रेन बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर के रास्ते जाएगी ।

स्थापना दिवस की राज्य की जनता को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं : गुलाम मुर्तुजा आलम

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : हमारा झारखंड प्रदेश को अलग प्रदेश बने हुए 23 वर्ष पूरा हो जाएगा। 23 वर्षों में हमारे प्रदेश में भाजपा, झामुमो की गठबंधन की सरकार रही है तो कभी कांग्रेस गठबंधन की सरकार रही है। इस 23 वर्षों के दौरान झारखंड प्रदेश की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हमारे झारखंड प्रदेश के लोगों का जीविका में और उनकी अर्थव्यवस्था में कोई बढ़ोतरी भी नहीं हुआ। यहां के मूलवासी मूल निवासी स्थानीय लोगों और विशेष कर आदिवासी समुदाय दलित पिछड़ा वर्ग माइनॉरिटी के लोगों के जीवन बद से बत्तर हुए

हैं। हमारे झारखंड प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की दुर्दशा यह दर्शाती है के सरकार निष्पक्ष और ईमानदारी पूर्वक राज्य की जनता और उसके विकास के लिए कोई कार्य नहीं हुआ। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, पानी, सड़क, पुल, पुलिया व रोजगार जैसे ज्वलनशील मुद्दों पर राज्य आज भी पिछड़ा हुआ है। राज्य में इन 23वर्षों में उन्हीं लोगों का विकास हुआ है जो पहले से इस राज्य में विकसित थे और शिक्षित थे। उक्त सारी बातें जन अधिकार पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष गुलाम मुर्तुजा आलम ने कही। आगे उन्होने कहा की ऐसे में मेरा मानना है की झारखंड राज्य की स्थापना दिवस की बधाइयां राज्य की जनता को देने से पहले राज्य की जनता के लिए राज्य सरकार को अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देना चाहिए और राज्य की जनता के लिए विशेष कर राज्य की ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली जनता के लिए लाभकारी व कल्याणकारी योजनाएं लानी चाहिए। उन्होने राज्य की जनता से यह अपील किया है की अपने उज्जवल भविष्य के लिए अपने बच्चों को शिक्षा जगत से जोड़े और अपने परिवार के नींव को मजबूत करें तथा देश का नाम रौशन करें।

मोदी सरकार ने बिरसा के सपनों पर कर रही कुठाराघात

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 148 वीं जयंती तथा झारखंड राज्य स्थापना की 23 वीं वर्षगांठ पर भाकपा माले ने एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन कर जहां एक तरफ बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनके सपनों को साकार करने की लड़ाई तेज करने की अपील की, वहीं लोगों को झारखंड राज्य के गठन की बधाइयां भी दी। इस अवसर पर स्थानीय झंडा मैदान में अपने संबोधन में माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव तथा गिरिडीह विस प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि, केंद्र की मोदी सरकार ने बिरसा मुंडा के सपनों पर कुठाराघात

करने का काम किया है। बिरसा मुंडा सहित अमर शहीद सिदो-कानो, तिलका मांझी, चांद-भैरव, फूलो-झानो, नीलांबर-पीतांबर सरीखे अनगिनत शहीदों ने जल, जंगल जमीन पर स्थानीय लोगों के अधिकार और अपने शासन का सपना देखा था, लेकिन भाजपा सरकार ठीक इसके विपरित जल, जंगल, जमीन सहित देश की दूसरी संपत्तियां भी कंपनियों के हाथों बेचने में लगी है। माले नेताओं ने कहा कि, शहीदों ने अपनी जान की बाजी लगाकर ब्रिटिश कंपनी राज के खिलाफ लड़ाइयां लड़ी, जिसके परिणाम स्वरूप सीएनटी, एसपीटी जैसे कानून और देश को आजादी मिली। लेकिन मोदी सरकार आज पूरे देश को फिर से कारपोरेट कंपनियों के सुपुर्द कर देना चाहती है, और लोगों को गुमराह करने के लिए आदिवासी प्रेम का नाटक भी कर रही है। भाजपा को ये नाटक बंद कर झारखंड राज्य से %माफी यात्रा% की शुरुआत करनी चाहिए। कार्यक्रम में आज से 1 पखवारे तक इन तमाम मुद्दों को लेकर %जन जागरण अभियान% चलाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उक्त के अलावा मुख्य रूप से शिवनंदन यादव, फोदार सिंह, रामलाल मुर्मू, मनोज यादव, राजेंद्र मंडल, रामलाल मंडल, सुखदेव गोस्वामी, उज्ज्वल साव, चांद अहमद नौशाद, सलामत अंसारी, राजू पासवान, रिंकू साव, रोहित यादव, सुनील राय, शंभू तुरी, राहुल रजक, रियाज अंसारी, प्रदीप यादव, कमरुद्दीन अंसारी, कैलाश तुरी, मंगर तुरी, टेकलाल महतो सहित अन्य मौजूद थे।

सुरंग में फंसे श्रमिकों के परिजनों से मिले बगोदर पूर्व विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : उत्तराखंड के उत्तरकाशी में टनल के अंदर हुई भू-स्खलन में बिरनी प्रखंड के सिमराढाब के सुबोध कुमार, केशोडीह के विश्वजीत वर्मा मजदूर फंसे हुए है।

जिसकी सुचना पर बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिवार जनों से मिले। तत्काल पूर्व विधायक ने रेस्क्यू में लगे अधिकारियों से फोन से वार्ता कर विषय वस्तु से अवगत हुए इस दौरान पूर्व विधायक ने बताया की शाम तक रेस्क्यू का कार्य सम्पन्न होने की उम्मीद जताई जा रही है।साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिए। पूर्व विधायक ने कहा कि फंसे मजदूरों का बचाव हेतू देश के यशश्वी प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी, उतराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, स्थानीय प्रशासन एवं एनडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में लगे हुए है। हम सभी इस दुःख की घडी में परिवार जनों के साथ खड़ा है। प्रार्थना करें टनल में फंसे सभी मजदूर सुरक्षित बाहर लाए जाएं।

धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर कई कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया(गिरिडीह) : झारखंड स्थापना दिवस एवम बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर सरिया में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम को लेकर सरिया अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता की अगुवाई में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम की शुरुआत में धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। वहीं इस मौके पर सरिया अंचल अधिकारी संतोष कुमार समेत प्रखंड व अंचल के कई कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा सरिया के संत मेरी पब्लिक स्कूल में भी बिरसा मुंडा की जयंती पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें खेलकूद एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया । इस मौके पर विद्यालय के निदेशक पीयूष कुमार सिंह, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र यादव समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं इनके अलावा प्रखंड की कई शैक्षणिक संस्थानों में भी बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई।

आक्रोश मार्च का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया(गिरीडीह) : सरिया में भाकपा माले, आरवाईए, झामस के संयुक्त तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर झारखंड आगमन के विरुद्ध एवम सरिया में सरिया अंचलाधिकारी द्वारा बालु छापेमारी के नाम पर गरीब ट्रैक्टर वालों पे कार्रवाई करने व उनको परेशान करने के विरुद्ध आक्रोश मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व प्रखंड सचिव भोला मंडल, जीप सदस्य लालमणि यादव, आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय, झामस

प्रखंड अध्यक्ष धानेश्वर पासवान, पुर्व पंसस लक्ष्मण मंडल कर रहे थे।आक्रोश मार्च सरिया ठाकुरबाड़ी मैदान से निकलकर पुरे सरिया बाजार का भ्रमण करते हुए झंडा चौक पर नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया।बतौर मुख्य अतिथि किसान महासभा के नेता व पार्टि राज्य कमिटी सदस्य पूरन महतो मौजूद थे।संबोधित करते हुए पूरन महतो ने सर्वप्रथम पुरे सरिया वासियों को झारखंड स्थापना दिवस व छठ महापर्व की ढेर सारी बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, गुरुवार, 16 नवंबर 2023| पेज 11

भगवान बिरसा मुण्डा जयंती-सह-राज्य स्थापना दिवस पर विकास मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भगवान बिरसा मुण्डा जयंती-सह-राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज दिनांक 15.11.2023 को विकास मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामेश्वर उराँव, मंत्री, योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग एवं खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर माननीय मंत्री ने कहा कि झारखण्ड निर्माण के लिए कई आंदोलन चले। शुरूआत हुई तो नेता जयपाल सिंह जी थे,बाद में दूसरे नेता थे। फिर पदार्पण हुआ गुरूजी शिबू सोरेन जी का। बिनोद बिहारी महतो, एके राय जी का आंदोलन में योगदान रहा। 80 के दशक में आंदोलन अपने चरम पर था। आंदोलन का कारण था कि झारखण्ड का क्षेत्र खनिज संपदा से भरा हुआ हरा-भरा जंगल वाला क्षेत्र था। इससे काफी आय होती थी लेकिन सारा पैसा बिहार के क्षेत्र में खर्च हुआ करता था। आंकड़े बताते हैं कि अगर 1 रूपया आता था तो बारह आना झारखण्ड इलाके का था और चार आना बिहार के क्षेत्र का था। जब खर्च होता था तो चार आना खर्च झारखण्ड के क्षेत्र के लिए था और बारह आना बिहार के क्षेत्र के लिए। तब मांग होती थी कि झारखण्ड से होनेवाली आय का पूरा खर्च झारखण्ड में होगा। उसके बाद राज्य अलग हुआ और झारखण्ड बना। अब राज्य का पूरा राजस्व राज्य पर ही खर्च होता है। सरकार पिछड़ापन दूर करने के लिए और गरीबी उन्मूलन पर सारा खर्च करती है। 15 नवंबर 2000 में जब झारखण्ड बना,तब से अब तक राज्य का विकास कई चरणों में हुआ। शुरूआत में सड़के नहीं थीं। बिजली की स्थिति बहुत खराब थी, शिक्षा की स्थिति लचर थी। स्कूलों की संख्या कम थी, आधारभूत संरचना ठीक नहीं थी, शिक्षकों की कमी थी, अस्पताल बहुत कम थे, डॉक्टर नहीं थे। अस्पतालों में दवाईयां नहीं थीं। आज स्थिति बेहतर हो गई है। राज्य का विकास हुआ है। अभी हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना में विकास की गति धीमी रही लेकिन अब तेजी से हम आगे बढ़े हैं। राज्यावासियों के हरा राशन कार्ड शुरू किया गया है। लगभग 64 लाख से ज्यादा राशनकार्डधारी हैं। सभी कार्डधारियों को धोती-साड़ी योजना का लाभ मिल रहा है। सर्वजन पेंशन योजना का अनुसरण दूसरे राज्य भी कर रहे हैं। जो व्यक्ति अभी वंचित हैं उनके लिए दिनांक 24.11.2023 से प्रारंभ हो रहे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायतवार शिविर लगाया जाएगा जो दिसंबर माह में भी चलेगा। इन शिविरों में परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। सरकार अब लोगों को राशनकार्डधारियों को दाल भी देगी। आज से यह शुरू हो रहा है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।लोगों के जीवन को बदल देगी आनेवाली दो योजनाएं। मुख्य अतिथि ने कहा कि राज्य सरकार अगले तीन वर्षों में अबुआ आवास योजना अंतर्गत 8 लाख आवास बनवाएगी। प्रत्येक आवास में दो लाख रूपए खर्च होंगे। तीन कमरे होंगे। जिनका कच्चा मकान होगा उनका पक्का मकान बनवाया जाएगा। इसका फायदा आम लोगों को मिलेगा। दूसरी योजना अंतर्गत सरकार सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना अंतर्गत वाहन चलवाएगी। इससे यातायात की सुविधा सुगम होगी।राज्य सरकार आनेवाले समय में सभी गांवों में अखड़ा का निर्माण कराएगी। साथ ही, वाद्य यंत्रों का वितरण होगा। लोहरदगा जिला में 300 मांदर और नगड़ा बांटा गया है। 62 अखड़ा में सोलर लाईट लगाया जा रहा है।

उप-मुखिया रवि प्रजापति ने छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री व राशि का किया वितरण

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 नवंबर बुधवार को कैरो मुख्यालय के आस-पास के छठव्रतियों को सूप, गेंहू, नारियर आदि सामग्रियों व पूजन राशि का वितरण कैरो उपमुखिया सह समाजसेवी रवि प्रजापति के द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर उपमुखिया के द्वारा व्रतियों को छठ पूजन सामग्री दिया गया। उन्होंने कहा छठ महापर्व इस क्षेत्र में वृहत रूप से बड़ी आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाता है। यह पवित्रता का बहुत बड़ा त्योहार है। इस अवसर पर छठव्रतियों को सामग्री वितरण करना सौभाग्य की बात है। इस मौके पर कृष्णा साहू, संजय साहू, रामप्रसाद पाल, रंजीत प्रजापति, धीरज कुमार, सुरेन्द्र रविदास, दिलीया भगत, विजय राम, राधेश्याम साहू आदि लोग उपस्थित थे।

भाई-दूज का त्योहार कर बहनो ने किया भाईयों के लिए लम्बी उम्र की कामना

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 नवंबर बुधवार को प्रखंड के गाँवो में गोवर्धन पूजा व भाई-दूज का पुजा बहनों के द्वारा करके भाईयों के लिए बहनो ने किया लम्बी उम्र की कामना। भाई-दूज का यह त्योहार दीपावली के ठीक दुसरे ही दिन द्वितिया तिथि को बहनो के द्वारा यह त्योहार सामुहिक रूप से घरों मे कीया जाने वाले त्योहार मे मुख्य रूप से धर्मराज की पुजा की जाने की परंपरा वर्षो पूर्व से चली आ रही है। वेद पुराण शास्त्रो के अनुसार आज ही के दिन धर्मराज की बहन यम और यमी ने उक्त त्योहार कर के भाई की लम्बी उम्र की कामना ईश्वर से की थी तब से यह त्योहार भाई दूज के नाम से जाना जाने लगा। और वर्षो वर्ष से भाई-दूज का त्योहार बहनो के द्वारा करने की परम्परा चलते आ रही है।

उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा समेत अन्य महापुरुषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जयंती-सह-राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आज दिनांक 15.11.2023 को महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा समेत अन्य महापुरुषों की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। आज जिन महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उनमें बिरसा मुंडा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, महात्मा गांधी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, शहीद अजय सिंह, वीर बुधु भगत, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमाएं शामिल हैं।

झारखण्ड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर हॉकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत बाघचट्टा पंचायत के लठ्ठाखमन में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एव संत अलबर्ट महान का पर्व झारखण्ड स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इसके शुभ अवसर पर हॉकी खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निर्देसानुसार उनके जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित हुए। जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आज इतने अच्छे तरीका से पर्व के मौके पर आयोजित कार्यक्रम देखने को मिला। आज हम आदीवासी अपनी भाषा सांस्कृति से दूर होते जा रहे हैं तो इसका सबसे बड़ा करण यह है कि हम भाषा सांस्कृति का प्रयोग नही कर रहे हैं अपनी मातृभाषा में बोलना नाचना गाना बहुत जरूरी है तभी भाषा सांस्कृति बचेगी और भाषा सांस्कृति बचेगी तभी हम आदीवासी बचेंगे। क्योंकि भाषा सांस्कृति के बिना आदिवासियों का अस्तित्व खत्म हो जायगा। इसलिए इसे बचाना हम सबका का कर्तव्य है। साथ ही हॉकी खिलाडियो को अच्छा खेल खेलने के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं और कहा की खेल के माध्यम से आज सैंकड़ो खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। आप सभी भी अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाए। उन्होंने कहा कि जीवन मे खेल जरूरी है। खेल से शारिरिक और मानसिक विकास होता है। खेल का माध्यम से भविष्य संवार सकते हैं। खिलाड़ी खेल को अपना भविष्य बनाने का जरिया बनाएं। साथ ही सभी लोगो को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखण्ड स्थापना दिवस समारोह का सुभकामना और बधाई दिया। मौके पर मौजूद अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखड विधायक प्रतिनिधि मोहमद कारू, पीटर लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष रेने टेटे, अतुल बारला, जिला अल्पसंख्यक सचिव जमीर हसन, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, पंचायत अध्यक्ष बेनेदिक लकड़ा, बेनेदिक डुंगडुंग, मेरास डुंगडुंग, साथ ही बहुत संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन सह बिरसा जयंती समारोह संपन्न

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): राजी पड़ा सरना प्रार्थना सभा भारत जिला समिति लोहरदगा के तत्वाधान मे बिरसा जयंती सह सरना धर्म माहसम्मेलन का आयोजन अस्थाई दरहा देशवाली मैदान कुटमू लोहरदगा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से बिरसा प्रेमी सरना प्रेमी भाई बहनों माता-पिता हजारों की संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समिति की अगवाई में झाखरा कुम्बा लोहरदगा मे आना आदि प्रार्थना प्रवचन से किया गया। प्रार्थना के उपरांत झाखरा कुम्बा से जुलूस के रूप में सरना प्रेमी भाई बहन बाजा बाजा के साथ दरहा देशवाली कुटमू के लिए प्रस्थान किया। धर्मगुरु राजेश लिंडा केकरकमल से कड़सा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला समिति के जिला अध्यक्ष सोमदेव उरांव ने अध्यक्षता भाषण प्रार्थना सभा के उतार चढ़ाव एवं विभिन्न कठिनाई पर प्रकाश डाला सोमे उरांव ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर संक्षिप्त परिचय दिए।

जतरा अखरा झखरा आदिवासियों की है जीवन शैली : सुखदेव भगत

रामपुर में आयोजित ऐतिहासिक सोहराय पड़हा जतरा हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सदर प्रखंड के ग्राम रामपुर में ऐतिहासिक सोहराय पड़हा जतरा का भव्य आयोजन सरना स्थल रामपुर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सुखदेव भगत के पहुंचने पर उनका आयोजन समिति के द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की जतरा, अखरा, झखरा आदिवासियों की जीवन शैली है। जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किया गया जतरा का हमारे जीवन में विशेष महत्व रखता है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति रिवाज परंपरा को प्रगाढ़ता मिलती है साथ ही साथ समाज में सद्भावना और समुदायिकता को भी बल मिलता है। जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है जिसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करती है ।हम सभी को अपनी रीति रिवाज परंपरा को बचाने के लिए जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की आवश्यकता है। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा दारू- हाड़ी से दूर रहने की आवश्यकता है। इस जतरा में 15 गांव के खोड़हा दल शामिल हुए। इस कार्यक्रम में महेश्वर उरांव, रमेश उरांव, राजकुमार उरांव, जिला पड़हा दीवान संजीव भगत, पड़हा संयोजक बंदे भगत, जयस अध्यक्ष कलिंदर उरांव, कोटवार किशने उरांव, प्रमोद उरांव, मंगलेश्वर उरांव, इंद्रदीप उरांव, पाहन बजरंगी उरांव, दासमुनि उरांव, अमिता उरांव, लच्छू उरांव, सचिन उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा जयंती पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : पेरिस मैदान सामटोली सिमडेगा में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर एवं झारखंड अलग राज्य निर्माण की स्थापना दिवस पर आदिवासी जागरुकता मंच के बैनर तले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के के साथ ही साथ हमारी पारंपरिक सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आदिवासी जागरुकता मंच के अध्यक्ष अनूप लकड़ा के नेतृत्व में किया गया और अनूप लकड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि जल जंगल जमीन के संघर्ष करने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की शहादत हमें प्रेरणा देती है जिसे हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है, जिसे हम सभी लोगों को अपने अधिकारों की रक्षा सुरक्षा के लिए तत्पर रहना होगा। भगवान बिरसा मुंडा सदैव जब तक सूर्य चाँद पृथ्वी रहेंगे तब तक अमर अमर रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजन बा (काथलिक सभा अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि फादर एगनसीयूस टेटे (पल्ली पुरोहित सामटोली) कमलेश्वर मांझी (गोंडवाना बिकास परिषद)के अलावे कई गण मान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सामुहिक नाच प्रतियोगिता में बेहरा टोली, पुरनापानी, ढावढा टोली, आनंद नगर, सामटोली, भूंडू टोली, गरजा बोदा टोली, सलडेगा बसेन टोली, संत अन्ना होस्टल, संत एंजेला होस्टल सहित कई गांवों के लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के पुष्पा कुल्लू, पोन्सियन खेस, प्रफुल्ल किड़ो, नील प्रभा तिग्गा, अगुस्ता कुल्लू, नीलम राकेश मिंज, ब्रिसियुस सोरेंग, विवेक केरकेट्टा आदि लोगों के प्रयास से कार्यक्रम सफलता पूर्वक किया गया।

भगवान बिरसा मुंडा महान क्रांतिकारी योद्धा थे : सुखदेव भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर आज लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ लोहरदगा के शंख नदी के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल पहुंचकर उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। मौके पर अपने संदेश में सुखदेव भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा छोटानागपुर के महान क्रांतिकारी योद्धा थे। देश को आजादी दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बिरसा मुंडा लोगों को जल, जंगल, जमीन एवं देश की रक्षा के लिए बलिदान देने के लिए प्रेरित किया था। अंग्रेजों के बढ़ते अत्याचार के खिलाफ इन्होंने एक नारा दिया था अबुवा-ढिशुम, अबुवा-राज। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास सहदेव, जतरू उरांव, अनीफ उरांव, लुहा उरांव, सोमरा उरांव, देवनाथ उरांव, राजू टाना भगत, सुमित उरांव, परदेसिया उरांव, बंधन उराव, परमेश्वर उरांव, सुरज शाहदेव, सुकरा उरांव, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

छठ पर्व को लेकर थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने छठ घाट का किया अवलोकन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : आगामी छठ पर्व को देखते हुए बांकी नदी छठ घाट का दौरा कर थाना प्रभारी ने विहिप प्रखंड अध्यक्ष से पूजन तथा विधिव्यवस्था का जायजा लिया। वही विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष रणजीत साहु ने थाना प्रभारी अभिनव कुमार को छठ घाट पथ की समस्या से अवगत कराया। मेन रोड से छठ घाट तक पथ की स्थिति काफी जर्जर हो चुका है। जिससे व्रतियों के लिए पथ समस्या का कारण बना हुआ है। वहीं थाना प्रभारी द्वारा समस्या को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए छठ व्रतियों का आवागमन के लिये वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार विमर्श किया जा रहा है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष सेन्हा मेन रोड से बांकी नदी छठ घाट तक जर्जर पथ पर व्रतियों को चलना संकट बना रहता है। परंतु छठ पूजा समिति के द्वारा लाइट और साज सज्जा के साथ पथ मरमती का कार्य कराया जाता है। छठ घाट निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अभिनव कुमार शस्त्र बल के साथ स्थानीय कार्यकर्ता रंजीत साहू, संदीप कुमार साहू, सूर्यप्रकाश शिवजी, हरेन्द्र साहू सहित अन्य लूंगी के साथ उपस्थित थे।

आज के युवाओं को बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है : राधा तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत अन्तर्गत बेड़ाटोली स्थित भगवान बिरसा मुंडा चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव मे जिप सदस्य राधा तिर्की द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही प्रखंड के विभिन्न स्थानों में भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जयन्ति मनाया गया? वही मौके पर अमर शहीद वीर बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। साथ ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में तथा सभी पंचायत में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह राज्य स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। अमर शहीद वीर बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि इस क्षेत्र के सभी लोगों को मिल जुल कर एक साथ भगवान बिरसा मुंडा के सपनो को साकार करते हुए उनके निवास राज्य झारखंड को समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए सामुहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि देश को स्वतंत्र कराने के लिये भगवान बिरसा मुंडा ने युवा अवस्था में ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अजादी के लिये बिगुल फूँका था। और जीवन पर्यन्त अँग्रेजो से लोहा लेते रहे। आज के युवाओं को बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

झारखंड स्थापना दिवस एवं संत अल्बर्ट महान पर्व के मौके पर हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भगवान बिरसा मुंडा एवं संत अल्बर्ट की जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता : एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : झारखंड स्थापना दिवस एवं संत अल्बर्ट महान पर्व के मौके पर प्रखंड के लट्ठाखमन में हॉकी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, झापा युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे। खेल की शुरुआत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया जहां फरसापानी बनाम डेम्बूटोली के बीच हुई जिसमें फरसापानी 1-0 से जीत दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम संत अल्बर्ट महान पर्व से की गई। इस दौरान मिस्सा पूजा का आयोजन फा फाबियानुस डुंगडुंग के संचालन में हुआ और इस मिस्सा पूजा में सहयोगी पुरोहित के रूप में फादर अशोक लकड़ा, फादर देव स्वरूप रंजन मिंज, फादर नीलम राकेश मिंज, फादर ईमिल डुंगडुंग ने सहयोग किया। इधर आगंतुक अतिथियों का धूमधाम के साथ स्वागत किया गया। मौके पर अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने लोगों को राज्य स्थापना दिवस एवं फादर अल्बर्ट महान पर्व की शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। जहां पर भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ और इसी के नाम पर राज्य का स्थापना दिवस भी मनाया जा रहा है इसके अलावा संत अल्बर्ट महान का पर्व भी मनाया जा रहा है। जिस प्रकार अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भगवान बिरसा मुंडा ने संघर्ष करते हुए अपनी प्राणों की आहुति दी थी उसे हमेशा याद करते हुए हमें भी अपने हक अधिकार के लिए हमेशा लड़ाई लड़नी इसके लिए सभी लोग आगे आए और तानाशाह और शोषण के खिलाफ आवाज उठाएं। हमे उनकी जीवनी से सिख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों को कहा कि आप सभी धार्मिक और राजनीतिक रूप से एकजुट रहे और संगठित रहने से सामाजिक आर्थिक धार्मिक और सभी क्षेत्रों में मजबूती मिलेगी। आज झारखंड 23 साल बने हो गए लेकिन भी वर्तमान सरकार की लापरवाही की वजह से इस क्षेत्र में आज भी विकास की करने पहुंचे नहीं पा रही, इसलिए आप सभी अपने योग्य और सही प्रत्याशी को चुनाव में जीत दिलाई ताकि आपका क्षेत्र में चौमुखी विकास हो सके।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा ने अहम भूमिका निभाई : विशाल डुंगडुंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर लोहरदगा युवा कांग्रेस द्वारा संख नदी लोहरदगा पुलिस पिकेट के निकट भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई एवं जयघोष और नारे लगाए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि बिरसा मुंडा 25 साल की कम उम्र में ही अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। वह एक स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता थे। इतना ही नहीं आदिवासी समुदाय के लोग तो उन्हें भगवान मानते थे। ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशक्त विद्रोह किया और देश को आजाद कराने का कार्य किया। जिला महासचिव असलम अंसारी से कहा की बिरसा मुंडा ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 नवंबर,1875 को तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी के उलिहातू खूंटी जिले में जन्मे बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व किया जिला महासचिव इमरोज अंसारी ने कहा कि उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों के लड़ाई का अपने तरीके से नेतृत्व किया?। उनका योगदान इतना जबरदस्त था कि आदिवासी भाई बहन उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं। वह अपने दौर और उसके बाद भी आदिवासियों की सशक्त आवाज बन गए। साथ ही एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा झारखंड स्थापना दिवस के इस शुभ अवसर पर छात्र एवं युवा पीढ़ी के नौजवान बिरसा मुंडा के मार्गदर्शन पर चले एवं अपने राज्य का विकास करें। जिला एनएसयूआई उपाध्यक्ष सैफ अहमद ने कहा कि भगवान बिरसा इतिहास हम युवाओं को जानना चाहिए और उनके विचारधारा से काम करना चाहिए। इस मौके पर जिला महासचिव अफताब अंसारी, जिला सचिव फारूक हुसैन, चांद उरांव, पवन महली, अख्तर अंसारी, फरहान अंसारी, हुजैफा अंसारी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

हॉकी इंडिया ने सहारा समूह के अध्यक्ष सुब्रत रॉय के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली : हॉकी इंडिया ने बुधवार को सहारा समूह के अध्यक्ष सुब्रत रॉय के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका मुंबई में कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे।रॉय के नेतृत्व में, सहारा इंडिया परिवार हॉकी सहित भारत में खेलों को बढ़ावा देने में सबसे आगे था। सहारा समूह 1995 से 2017 तक हॉकी की सर्वोच्च संस्था का प्रमुख भागीदार था और उसने अपने अटूट समर्थन के माध्यम से खेल के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुब्रत रॉय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, ‘हॉकी इंडिया में हम सुब्रत रॉय के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुखी हैं। वह एक सच्चे खेल प्रेमी थे और खेलों को बढ़ावा देने के लिए सहारा इंडिया परिवार के साथ उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। हॉकी में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह ने कहा,सुब्रत रॉय हॉकी के प्रति बहुत भावुक थे। सहारा इंडिया परिवार के माध्यम से उनके समर्थन ने भारत में हॉकी के पुनरुद्धार में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और उन्हें हॉकी बिरादरी के बीच खेल में उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। हम हॉकी इंडिया में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का किया उद्घाटन

नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को यहां तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 का उद्घाटन किया। टूर्नामेंट में आठ टीमों को दो पूल में विभाजित किया जाएगा और यह 21 नवंबर तक चलेगा। टूर्नामेंट के लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी।पूल ए में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, यूको बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं। दूसरी ओर, पूल बी में सशस्त्र सीमा बल, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन शामिल हैं।प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 20 नवंबर को निर्धारित है। फ़ाइनल 21 नवंबर को तीसरे/चौथे स्थान के प्ले-ऑफ़ के साथ होगा।कार्यक्रम के दौरान पुरी ने प्रसन्नता व्यक्त की और संवाददाताओं से कहा,यह हमारे लिए गर्व की बात है कि खेल गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय भावना से जोड़ा जा रहा है। हमारे खिलाड़ी देश के लिए कई पदक जीत रहे हैं और यह एक बहुत महत्वपूर्ण बदलाव है। हम यह भी देख सकते हैं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं और मेरा मानना है कि इस तरह की खेल गतिविधियां राष्ट्रीय भावना का समर्थन करेंगी।बनसारी सोलंकी भारतीय खेल प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का प्रतिनिधित्व अक्षता अबासो ढेकाले, महिमा चौधरी, ज्योति, अजमीना कुजूर, बलजीत कौर, बिचू देवी खारीबाम, दीपिका, इशिका चौधरी, शर्मिला देवी, उदिता और वैष्णवी विट्ठल फाल्के करेंगी।वहीं,मौजूदा चैंपियन रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, का प्रतिनिधित्व दीप ग्रेस एक्का, वंदना कटारिया, मारियाना कुजूर, रजनी एतिमारपु, गुरजीत कौर, मोनिका, नवनीत कौर और संगीता कुमारी करेंगी।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

मैं आदिवासी हूं, इस पर मुझे गर्व है : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची-खूंटी : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर प्रधानमंत्री का बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातु आगमन एवं कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश को जोड़ेगा। उलिहातू की इस पावन भूमि में आप पहली बार आये हैं। आशा और उम्मीद है कि आज के कार्यक्रम से आदिवासी समाज आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री जी आपका जो संदेश होगा वह आदिवासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। बिरसा मुंडा पूरे देश के आदिवासियों के भगवान हैं। झारखण्ड हमेशा से वीरों की भूमि रही है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रधानमंत्री जी ने रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में देखा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव महोत्सव-2023 के अवसर पर खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री जी, आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते ना सिर्फ झारखण्ड, बल्कि पूरे देश के आदिवासियों की तरफ से, आदिवासी धर्म कोड की चिर प्रतीक्षित मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह करता हूँ।मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से आने वाले दिनों में आदिवासी सहित समाज के लोगों का गौरव के साथ कल्याण सुनिश्चित हो पाएगा।

आदिवासी हक और अधिकार की लड़ाई लड़ता है

मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड आदिवासी बहुल राज्य है। मैं भी आदिवासी समुदाय से आता हूं, और मुझे आदिवासी होने पर गर्व है। आदिवासी हक और अधिकार की लड़ाई लड़ता आया है। फिर वह लड़ाई महाजनों के विरुद्ध हो या अंग्रेजों के। लेकिन दुर्भाग्य है कि इतिहासकारों ने इन्हें उचित जगह नहीं दिया। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह सबसे पिछड़ा है। अगर ये नहीं बचे तो अन्य आदिवासी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह में आ जाएंगे। आज हम चांद में पहुंच चुके हैं, लेकिन समाज के अंदर जो अंतर दिख रहा है, उसे अबतक मिट जाना चाहिए।

* विस्थापितों के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए



जंगल में बसने वालों को विस्थापन झेलना पड़ता है

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री जी, झारखण्ड कई मायनों को लेकर आगे बढ़ा है। चाहे खनिज संपदा हो या किसी अन्य विषय को लेकर हो। प्रधानमंत्री जी आग्रह है , यहाँ बड़े पैमाने पर आदिवासी जो जंगलों में बसते हैं उन्हें विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है। खनिज सम्पदाओं को निकालने के लिए बड़े पैमाने में कई वर्षों से इनका विस्थापन होता रहा है। इस क्षेत्र में बसने वाले लोगों के प्रति भी ऐसी विशेष कार्ययोजना तैयार की जाय, जहाँ हमारे आदिवासी भाई-बहन अपने जल-जंगल-जमीन के साथ अपने आप को समग्र विकास की कड़ियों से जोड़ सके।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व लोकसभा उपाअध्यक्ष सह पदम भूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा, राजधनवार विधायक बाबूलाल मरांडी, खूंटी विधायके नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक कोचे मुंडा सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग अन्य उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस ने बिरसा मुंडा की मनायी जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की जयंती कांग्रेस भवन में मनायी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बिरसा मुंडा एक महान वीर योद्धा और झारखंड उलगुलान के एक कर्मठ क्रांतिकारी वीर सपूत थे। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा झारखंड के लोगों, आदिवासियों की अस्मिता और पहचान के लिए एक सशक्त आंदोलन चलाया था। वीर बिरसा ने आंदोलन के दौरान कम संसाधन में अंग्रेजी साम्राज्यवाद से लोहा लिया और औपनिवेशिक शोषण के खिलाफ उलगुलान का आह्वान किया। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने वीर बिरसा मुंडा की जीवनी और उनके बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन हम झारखंडवासियो कें लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस हैं, क्योकिं जिस झारखंड राज्य के हम निवासी हैं, ये उन्हीं के बलिदानों का परिणाम है। भगवान बिरसा ने एक सपना देखा था, कि झारखंडवासियों का समाज शोषण मुक्त और आर्थिक व्यवस्था सुदृढ़ हो।

छठ महापर्व के असली मर्म को आत्मसात करें : मनोज सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मेदिनीनगर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि छठ महापर्व का धार्मिक महत्व के साथ साथ समाज के निर्माण में भी इस महापर्व की बडी भूमिका है। यह महापर्व सामूहिकता समाजिकता , स्वच्छता और पवित्रता के साथ समाज के प्रति कार्य करने की प्रेरणा भी देता है।आज के दौर में जब लोग आत्मकेंद्रीत हो रहे है, परिवार टूट रहे, वैसै समय में छठ महापर्व यह संदेश दे रहा है समाज के प्रगति के लिए सामूहिकता का भाव जरूरी

है।अकेले रह कर कुछ भी नही किया जा सकता है इसलिए एकता के साथ एक दूसरे के प्रति परस्पर विश्वास का भाव आवश्यक है। उन्होने कहा जिस तरह अपनी रौशनी देने में भगवान भास्कर किसी तरह का भेदभाव नही करते है, ठीक उसी तरह सामर्थ्यवान और पद पर बैठे लोगों को पूर्वाग्रहरहित हो कर सेवा कार्य करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि छठ महापर्व के असली मर्म को आत्मसात करने की जरूरत है।बुधवार को पूर्व उपाध्यक्ष श्री सिंह ने चैनपुर के महान क्लब द्वारा आयोजित छठ पूजा सामाग्री वितरण कार्यक्रम में छठव्रतियों के बीच गेहूं तथा साड़ी वितरण किया। उन्होने महान क्लब के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि इस तरह प्रयास से समाज में सेवा भाव का एक बेहतर वातावरण तैयार होता है। अमित सोनी, अमन मालाकार, अनमोल मालाकार, राजू गुप्ता, राहुल सोनी, राजू सोनी, दीपक अग्रवाल, राजेन्द्र मालाकार, दीपक गुप्ता, मनोज दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

चैनपुर एवं शिवाजी मैदान में निःशुल्क होगा छठ सामग्री का वितरण : अरुणा शंकर

* चेंबर के सौजन्य से कोयल रिवर फ्रंट में होगा गंगा आरती

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से इस वर्ष भी शिवाजी मैदान में दिनांक 17 तारीख नहान खान के दिन 12:30 बजे से चेंबर की देखरेख में निशुल्क छठ सामग्री का वितरण किया जाएगा साथी इस वर्ष से चैनपुर सूर्य मंदिर छठ तालाब के प्रांगण से चैनपुर, शाहपुर के छठ व्रती के लिए 17 तारीख को ही दिन के 11:00 से छठ सामग्री काजी निशुल्क वितरण किया जाएगा। प्रथम महापौर ने कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में ऐसे छठ व्रती जिन्हें छठ सामग्री की आवश्यकता है समय पर आकर छठ सामग्री प्राप्त कर मुझे पुण्य कमाने का अवसर दें। प्रथम महापौर ने सभी प्रमुख घाटों का निरीक्षण के क्रम में अमानत जाकर अवलोकन किया जहां लायंस क्लब एवं निगम प्रशासन के द्वारा पूरी व्यवस्था की जा रही है।

प्रथम महापौर ने बताया कि निगम के साथ-साथ मेरे द्वारा भेजी गई जेसीबी कई घाटों की सफाई कर रही है। अगर कहीं भी सफाई की आवश्यकता हो तो मुझे अवश्य संपर्क करें। प्रथम महापौर ने बताया कि इस वर्ष अमानत के तर्ज पर कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच से अयोध्या से आए विद्वानों द्वारा चेंबर परिवार के सौजन्य से गंगा आरती की शुरुआत की जा रही है, जो छठ की भव्यता को बढ़ाएगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

आईईसी वैनों को देश की बड़ी जनजातीय आबादी वाले दूरस्थ इलाकों में किया गया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : 15 नवंबर 2023 जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश प्रचारित करने वाली 5 विशेष रूप से डिजाइन की गई आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों में स्थित बड़ी आदिवासी आबादी वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना की गई।

इसी तरह की आईईसी वैनों को देश भर के बड़ी आदिवासी आबादी वाले 68 जिलों से राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों जैसे महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जम्मू-कश्मीर में इस संकल्प यात्रा को क्रमशः राजौरी और बांदीपोरा जिलों के बुद्धल और गुरेज इलाकों से रवाना किया गया। समुद्र तल से 8,000 फीट की ऊंचाई पर सर्द हवाओं के बीच स्थानीय लोग, युवा, पंचायत राज संस्थान और सरकारी अधिकारी इस शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी पटनायक (सेवानिवृत्त) ने निचला सुबनसिरी जिले के जाइरो में आईईसी वैनों को हरी झंडी दिखाई। इस औपचारिक शुभारंभ समारोह में पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने भाग लिया। ये आईईसी वैन निचला सुबनसिरी, तवांग और पूर्वी कामेंग जिलों में यात्रा करेंगी और जमीनी स्तर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता फैलाएंगी। नागालैंड में यह अभियान दीमापुर जिले के इंडिसेन गांव में शुरू किया गया था। निकटवर्ती असम में बक्सा, कोकराझार और कार्बी आंगलोंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई।

महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैंस और मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे आदिवासी जिले नंदुरबार में इस शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री श्री पुरूषोत्तम रूपाला ने गुजरात के दाहोद में कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि राज्य के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल ने अंबाजी में वैनों को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने ओडिशा के मयूरभंज जिले से विकसित भारत अभियान वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आंध्र प्रदेश में इस यात्रा को राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तमिलनाडु में सूचना और प्रसारण, पशुपालन और मत्स्य पालन राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने नीलगिरि जिले में यह अभियान शुरू किया। केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने पलक्कड़ जिले के अट्टापडी में अभियान शुरू किया। यह अभियान केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के करावत्ती द्वीप पर भी आरंभ किया गया।

कवर किए जाने वाले विषय

इस यात्रा में मुख्य ध्यान लोगों से संपर्क करने, उनमें जागरूकता पैदा करने और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर को सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल इत्यादि जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर होगा।

इन योजनाओं को प्रचारित किया जाएगा

आयुष्मान भारत; पीएजेएवाई प्रधानमंत्री बालिका कल्याण अन्न योजना; दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन; प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण); प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना; प्रधानमंत्री विश्वकर्मा; प्रधानमंत्री किसान सम्मान; किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी); प्रधानमंत्री पोषण अभियान; हर घर जल - जल जीवन मिशन; गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व); जन धन योजना; जीवन ज्योति बीमा योजना; सुरक्षा बीमा योजना; अटल पेंशन योजना; प्रधानमंत्री प्रणाम; नैनो उर्वरक आदि शामिल हैं।सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन; एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन; छात्रवृत्ति योजनाएं; वन अधिकार स्वामित्व- व्यक्तिगत एवं सामुदायिक भूमि; वन धन विकास केन्द्र- स्वयं सहायता समूहों को संगठित करने जैसी जनजातीय क्षेत्रों की विशिष्ट चिंताओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

आईईसी वैनों की ब्रांडिंग की गई है

इन आईईसी वैनों की ब्रांडिंग और अनुकूलन इस तरह किया गया है। ताकि राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर प्रमुख योजनाओं, विशेषताओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली हिंदी और राज्य भाषाओं की फ्लैगशिप स्टैंडीज़, ऑडियो विजुअल सामग्री, ब्रोशर, पैम्फलेट और बुकलेट के जरिए सूचना का प्रसार संभव हो सके।विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करने, प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ओडीएफ प्लस की स्थिति जैसी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने, आयोजन स्थल पर क्रिज प्रतियोगिताएं, ड्रोन का प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर, मेरा युवा भारत में खुद से नामांकन कराने आदि जैसे विभिन्न जन भागीदारी कार्यक्रम जमीनी गतिविधियों का हिस्सा बनेंगे।

विकसित भारत अभियान, जोकि अब तक की सबसे बड़ी संपर्क (आउटरीच) पहलों में से एक है, का लक्ष्य अंततः 25 जनवरी 2024 तक देश के हर जिले से गुजरते हुए 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 3,600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है।

इस पूरे अभियान की योजना और कार्यान्वयन राज्य सरकारों, जिला अधिकारियों, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी एवं संलग्नता के साथ संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण से किया जा रहा है।

भाजपा नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक सहित कई भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।वीर बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पुष्प चढ़ाकर भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज राज्य के स्थापना दिवस के साथ-साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है। वीर बिरसा मुंडा ने जिस उद्देश्य के साथ अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला। अपने जल, जंगल व जमीन को बचाने के लिए हम उनसे प्रेरणा लेकर झारखंड को बचाने और आगे लेकर जाने के लिए एक शपथ लेना चाहिए कि मैं जो भी करुंगा झारखंड के विकास के लिए करुंगा, तभी राज्य का स्थापना दिवस सफल होगा।वीर बिरसा मुंडा को नमन करने पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता परशुराम ओझा ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा के जन्मदिन और झारखंड स्थापना दिवस पर भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व फैसला लिया है कि इसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाए। यह देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। जनजाति समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिवस रूप को समस्त जनजाति समाज मनाएं। जनजाति समाज का जो गौरवमय इतिहास है, उसे हम आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ मनाएं। देश में जनजाति समाज के लोग बहुत बड़ी संख्या में अपनी आहुति दी है, बलिदान हुए हैं, शहीद हुए हैं, उन सारे लोगों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर हम आज से जनजाति गौरव दिवस मना कर उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े।इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जय दुबे, कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला मंत्री मनोज दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

सोहराई जतरा पूजा समारोह का हुआ आयोजन

रांची : कोकर बारह पड़हा जतरा टांड सरना समिति के द्वारा सोहराई जतरा पूजा समारोह का आयोजन कोकर जतरा टांड़ में मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जतरा की शुरुआत पाहन शुभम मुंडा के द्वारा विधिवत रंगवा में मुर्गे की बलि देकर समस्त झारखंडवासियों की खुशहाली एवं सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की गई। जतरा समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने अपने भाषण में कहा आदिवासी समाज शुरू से प्रकृति पूजक रहा है और आदिवासी समाज से अन्य समाजों को सीख लेने की आवश्यकता है एंव सोहराई पूजा की बधाई देते हुए सुंदर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुरेश बैठा ने कहा जतरा पूजा का आदिवासी समाज में बहुत बड़ा महत्व है और इसे बचा के रखने की आवश्यकता है।